C O N T E N T S

Seventeenth Series, Vol. VI, Second Session, 2019/1941 (Saka)
No. 16, Monday, December 09, 2019/Agrahayana 18, 1941 (Saka)

S U B J E C T	P A G E S
WELCOME TO PARLIAMENTARY DELEGATION FROM THE PEOPLE'S MAJLIS OF MALDIVES	14
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 281 to 291	15-77
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 292 to 300	78-107
Unstarred Question Nos. 3221 to 3450	108-591

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 592-616

MESSAGE FROM RAJYA SABHA 617

STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE

272nd to 274th Reports 617

STATEMENTS BY MINISTERS

(i) Status of implementation of the recommendations contained in the 271st Report of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture on "Fellowships, Grants, Pensions and Schemes administered by the Ministry of Culture" pertaining to the Ministry of Culture 618

Shri Prahlad Singh Patel

(ii)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 50th Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations/ recommendations contained in 36th Report of the Committee on 'Demands for Grants 2018-19' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship 618

(b) Status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 53rd Report of the Standing Committee on Labour on Action taken by the Government on the observations /recommendations contained in 41st Report of the Committee on 'Jan Shikshan Sansthan Scheme' pertaining to the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship

Shri R. K. Singh 619

GOVERNMENT BILLS – Introduced 622-672

(i) Constitution (One Hundred and Twenty-Sixth Amendment) Bill, 2019 622-623

(ii) Citizenship (Amendment) Bill, 2019 624-672

(iii) Anti-Maritime Piracy Bill, 2019 672

MATTERS UNDER RULE 377 677-700

(i) Need to include Sanskrit education under Sarva Shiksha Abhiyan

Shri Gopal Jee Thakur 678

(ii) Need to set up a Potato Development Board

Shri Mukesh Rajput 679

(iii) Need to construct compound wall in Government schools in Rewa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh

Shri Janardan Mishra 680

(iv) Need to introduce daily train service from Prayagraj in Uttar Pradesh to Pune and Bengaluru

Shrimati Keshari Devi Patel 680

(v) Need to declare a MSP for crops grown in rain-fed regions of Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan

Shri Rahul Kaswan 681

(vi) Need to extend Rayalseema Express (train no. 12793/12794) upto Nanded in Maharashtra

Shri Prataprao Patil Chikhalikar 682

(vii) Need to address the problem of land depression and land erosion caused by Brahmaputra river flood in Gauhati Parliamentary Constituency, Assam

Shrimati Queen Oja 683

(viii) Need for contingency plans to address the drinking water crisis in Karnataka

Shri G. S. Basavaraj 684

(ix) Regarding proposal for Veer Savarkar Memorial in Marseilles, France

Shrimati Poonam Mahajan 685

(x) Need to set up a Mega Food Park in Kaushambi district, Uttar Pradesh

Shri Vinod Kumar Sonkar 686

(xi) Need to provide environmental clearance for construction of canal connecting water reservoirs to agriculture fields in Chhattisgarh

Shri Chunni Lal Sahu 687

(xii) Regarding new railway line project from Kaliaganj to Buniadpur in West Bengal

Dr. Sukanta Majumdar 688

(xiii) Regarding childcare responsibilities faced by working women

Shrimati Meenakashi Lekhi 689

(xiv) Regarding problems in construction of Railway line between Deogarh and Pirpainti via Godda in Jharkhand

Dr. Nishikant Dubey 690

(xv) Need to declare Barpeta town in Assam as a heritage city

Shri Abdul Khaleque 691

(xvi) Need to protect mangrove forest of Sunderbans in West Bengal

Shri Adhir Ranjan Chowdhury 692

(xvii) Need to provide funds for payment of wage dues under MGNREGA

Sushri S. Jothimani 693

(xviii) Need to set up a Medical College in Kallakurichi District, Tamil Nadu

Shri Gautham Sigamani Pon 693

(xix) Need to enhance the pension under Employees Pension Scheme – 1995

Shri Rajendra Dhedya Gavit 694

(xx) Need to construct flyover on level crossings in Katihar Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Dulal Chandra Goswami 695

(xxi) Regarding integration of schemes meant for tackling malnutrition in the country

Shri Achyutananda Samanta 696

(xxii) Need to provide arrears of honorarium due to Madrasa teachers employed under MPQEM and MPEMM schemes of Government of India

Kunwar Danish Ali 697

(xxiii) Need for construction of flyover at Yerravally cross roads on N.H. 44 in Nagarkurnool Parliamentary Constituency, Telangana

Shri Ramulu Pothuganti 698

(xxiv) Need to construct a barrage on Sakri river in Bihar

Shri Chandan Singh 699

(xxv) Regarding students strike in Jawahar Lal Nehru University due to hike in hostel fee

Shrimati Supriya Sadanand Sule 700

ARMS (AMENDMENT) BILL, 2019 701-799

Motion to Consider 701

Shri Amit Shah 701, 744-756

Shrimati Preneet Kaur 702-704

Dr. Satya Pal Singh 705-711

Shri A. Raja 712-714

Shri Kalyan Banerjee 715-717

Shri Kruva Gorantla Madhav 718-719

Shri Achyutananda Samanta 720-721

Shri Arvind Sawant	722-724
Shri Mahabali Singh	725-726
Shri Shyam Singh Yadav	727-728
Shri Kotha Prabhakar Reddy	729
Shri Shrinivas Dadasaheb Patil	730
Dr. S.T. Hasan	731
Col. (Retd.) Rajyavardhan Rathore	732-735
Shri Asaduddin Owaisi	736-737
Shri Jasbir Singh Gill	738
Shri S. Jagathrakshakan	739
Shrimati Mala Roy	740
Shri Hemant Patil	741
Shri Bhartruhari Mahtab	742-743
Clauses 2 to 11 and 1	748-756
Motion to Pass	756
CITIZENSHIP (AMENDMENT) BILL, 2019	757-977
Motion to Consider	757-765
Shri Amit Shah	757-764, 882-897

Shri N.K. Premachandran	765, 849-851
Shri Manish Tewari	766-769
Shri Rajendra Agrawal	770-775
Shri Dayanidhi Maran	776-779
Shri Abhishek Banerjee	781-790
Shri P.V. Midhun Reddy	791-792
Shri Vinayak Bhaurao Raut	793-794
Shri Rajiv Ranjan Singh 'Lalan'	795-796
Shrimati Sarmistha Sethi	797
Shri Afzal Ansari	798-799
Shrimati Supriya Sadanand Sule	800-803
Shri Nama Nageswar Rao	804
Dr. S.T. Hasan	805-806
Shri Chirag Paswan	807-808
Shri P.K. Kunhalikutty	809
Shri S. Venkatesan	810
Shri Adhir Ranjan Chowdhury	811-814
Shrimati Meenakashi Lekhi	815-823
Shri Asaduddin Owaisi	824-828

Shri Sukhbir Singh Badal	829-832
Shri Gaurav Gogoi	833-835
Shri Dilip Ghosh	836-838
Shri K. Subbarayan	839-840
Shri Badruddin Ajmal	841-843
Shrimati Locket Chatterjee	844-845
Shri Hanuman Beniwal	846-848
Shri Indra Hang Subba	852
Shri Tokheho Yepthomi	853-854
Shri C. Lalrosanga	855
Shri Lorho S. Pfoze	856
Shri Naba Kumar Sarania	857
Kumari Agatha K. Sangma	858-859
Shri Shankar Lalwani	860-861
Shri Pradyut Bordoloi	862
Shri Shantanu Thakur	863-864
Shri Thomas Chazhikadan	865-866
Shri Dilip Saikia	867
Dr. Thol Thirumaavalavan	868

Shri Bhagwant Mann	869
Shri Pallab Lochan Das	870
Shri Bhartruhari Mahtab	871-872
Shri Saumitra Khan	873
Adv. A.M. Ariff	874
Shri E.T. Mohammed Basheer	875
Dr. Rajdeep Roy	876-877
Dr. R. K. Ranjan	878
Dr. Shashi Tharoor	879-880
Shri Raju Bista	881
Clauses 2 to 6 and 1	898-977
Motion to Pass	977

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions	1003
Member-wise Index to Unstarred Questions	1004

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions	1010
Ministry-wise Index to Unstarred Questions	1011

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shri Om Birla

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakashi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Monday, December 09, 2019/Agrahayana 18, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

WELCOME TO PARLIAMENTARY DELEGATION FROM THE PEOPLE'S MAJLIS OF MALDIVES

माननीय अध्यक्ष : हमारे अतिथि आए हैं । एक मिनट बैठ जाइए।

…(व्यवधान**)**

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण**,** सबसे पहले मुझे एक घोषणा करनी है।

मुझे अपनी ओर से तथा सभा के माननीय सदस्यों की ओर से हमारे सम्मानित अतिथि के रूप में भारत के दौरे पर आए पीपल्स मजलिस ऑफ मालदीव के स्पीकर महामहिम श्री मोहम्मद नशीद और मालदीव के संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों का स्वागत करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

वे रविवार, 8 दिसम्बर**,** 2019 को भारत आए और अब वे विशेष प्रकोष्ठ में बैठे हैं। दिल्ली के अतिरिक्त वे शनिवार, 14 दिसंबर**,** 2019 को भारत से अपने अंतिम प्रस्थान के पहले आगरा और गांधी नगर, गुजरात का भी दौरा करेंगे। हम अपने देश में उनके सुखद और मंगलमय प्रवास की कामना करते हैं। उनके माध्यम से हम पीपल्स मजलिस ऑफ मालदीव, वहां की सरकार और मालदीव के मित्रवत लोगों के प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट । मैंने व्यवस्थाएँ यहां पर दे रखी हैं कि प्रश्न काल की समाप्ति के बाद मैं सब के विषय पर गौर करूँगा।

…(व्यवधान)

डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा): सर, टेक्नीकल मुद्दा है।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : कोई टेक्नीकल मुद्दा नहीं है।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप बैठ जाइये। मैंने आपको इजाजत नहीं दी। मैंने किसी को इजाजत नहीं दी है। कोई भी बैठे-बैठे नहीं बोलेगा।

…(व्यवधान)

11.01 hrs

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

माननीय अध्यक्ष : क्वेश्चन नंबर 281- श्री गुमान सिंह दामोर।

(Q. 281)

श्री गुमान सिंह दामोर: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मेरे प्रश्न का बहुत अच्छा जवाब दिया, इसलिए मैं पुन: धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरी दो-तीन छोटी-छोटी बातें हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे लोक सभा क्षेत्र के झाबुआ और अलीराजपुर के जो मजदूर हैं, वे गुजरात में काम करने जाते हैं। उनकी सिलिकोसिस जैसी बीमारी से मृत्यु हो जाती है। उनकी सहायता न तो गुजरात सरकार करती है, न ही मध्य प्रदेश सरकार करती है। मेरा निवेदन है कि इस बारे में गम्भीरतापूर्वक चिंतन किया जाए। दूसरा, चूंकि वहां से जब वे मजदूरी करने जाते हैं तो उनके बच्चों की शिक्षा पर भी विपरीत असर पड़ रहा है। उनकी शिक्षा और इन मजदूरों के स्वास्थ्य को लेकर क्या माननीय मंत्री जी बताएंगे?

श्री संतोष कुमार गंगवार : माननीय अध्यक्ष जी, जैसे माननीय सदस्य ने अपनी बात कही है, यह बात सही है कि हमारे देश के अंदर कोई भी ऐसा कानून नहीं है कि दूसरे राज्य में जाने के लिए किसी को रोकने का काम करे। देश के किसी भी हिस्से में जाकर कोई भी व्यक्ति काम कर सकता है। वहां पर अगर कोई असुविधा हो जाती है, कोई बीमारी हो जाती है, मैं आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि अब श्रम कानूनों में हम संशोधन कर रहे हैं। जो बातें आप बता रहे हैं, वह समझ में आ रहा है। इसमें दूसरा जो कोड है, जो वास्तव में इस ओर ध्यान देता है, हम उसकी चिंता कर रहे हैं। कैसे इनकी चिंता को दुरुस्त किया जाए, उस हिसाब से काम हो रहा है। इसके बाद भी हमारी अब तक जो योजना चल रही है, उस योजना के तहत हम सहयोग कर रहे हैं। जो हमारे बीड़ी कामगार हैं, लौह इत्यादि खदानों में

काम करने वाले कामगार हैं, सिने वर्कर्स हैं, उनके लिए भी ये सुविधाएँ हम देने का काम कर रहे हैं। जो ऐसी बात बताई गई है, हम स्वास्थ्य की चिंता कर रहे हैं। अगर कोई शिकायत मिलेगी तो हम उसे सही ढंग से करेंगे। हम इतना बता सकते हैं कि हमने जो व्यवस्था की है उसके तहत हमारा मंत्रालय विभिन्न अस्पतालों और औषधालयों के माध्यम से कैंसर का पूरा खर्च उठाता है। हम टीवी और अस्पताल बेड रिजर्वेशन के मामले में भी खर्च करते हैं। अगर माननीय सदस्य कोई स्पेसिफिक शिकायत बताएंगे तो उसके ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी।

SHRI KALYAN BANERJEE: Sir, the answer given by the hon. Minister is really appreciable because it is truly within the spirit of the constitutional provisions and very correctly said.

Since November 2016, industries have been collapsing and many labourers have been out of employment. In my constituency itself, at a place called Domjur, there were 50,000 workers engaged in the business of preparation of gold ornaments. They were working all over India, especially in Maharashtra, Kerala and Gujarat. They were working in those States. Now, by reason of demonetisation, these industries have collapsed. Out of 50,000 workers, 45,000 workers have gone out of employment and only 5,000 remain employed.

Sir, through you, my very specific question is this. By reason of demonetisation, industries have collapsed, so many labourers have been out of employment and it has reached a record level of more than 40 per cent where now, 40 per cent of total labourers have lost their employment. What are the

measures which the hon. Minister has taken to re-employ them and to put more labourers into employment?

श्री संतोष कुमार गंगवार: अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगा कि ऐसा कोई कारण नहीं है कि रोजगार कम हो रहे हैं। रोजगार सृजन के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। वर्ष 2016-17 से अब तक कई काम किए हैं जैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत हमने नई योजना चलाई थी। …(व्यवधान) इससे प्लेसमेंट भी मिल रहा है, लोगों को काम भी मिल रहा है। जैसा आपने बताया कि अनइम्पलायमेंट हो गया है तो हम इसकी भी जानकारी प्राप्त करेंगे और आपको देने का काम करेंगे। हमने जो विभिन्न योजनाएं चलाई हैं, उसके माध्यम से लोगों को काम मिल रहा है और काम दिखाई दे रहा है। मुद्रा योजना के अंतर्गत हमारा रिकार्ड बताता है कि हमने जो लक्ष्य रखा था उससे ज्यादा पैसा दिया है और लोग इस संदर्भ में काम कर रहे हैं और यह सभी की जानकारी में है।

(Q. 282)

DR. THOL THIRUMAAVALAVAN: Hon. Speaker, Sir, the reply given by the hon. Minister is not a satisfactory one. It clearly says that there is no proposal under consideration for waiver of educational loans.

There are many cases in our country where the Government is waiving loans worth crores of rupees together, given to the industrialists, but the Government is not ready to consider the rural people who availed of the loan and are searching for employment. There are many cases where they have committed suicides, but in the reply, our hon. Minister says that there has been no such case where people have committed suicides. This is really an unconvincing one. So, I need a proper answer from the hon. Minister.

I would like to know from the hon. Minister whether there is any consideration to waive the loans for rural youths who are unemployed. This is a burning issue in our country. They are suffering a lot. So, kindly consider to waive the loans for the unemployed. Will the hon. Minister consider waiving of loans availed of by rural people?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2001 में मॉडल एजुकेशन लोन स्कीम शुरू की गई थी। इसका लाभ आज तक हजारों लाखों विद्यार्थियों को मिला है। इसके पीछे मंशा थी कि भारत में पढ़ने वाले, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दस लाख रुपये तक और विदेश जाकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को बीस लाख रुपये तक का लोन उपलब्ध करवाया जाए। इसे पब्लिक सैक्टर

बैंक्स ने इसी मंशा के साथ शुरू किया था कि अच्छी क्वालिफिकेशन हो, प्रोफेशनल कम्पीटेंसी हो, डैवलपमेंट आफ एन्टरप्रेन्योनर स्किल्स हो। इसमें कुल मिलाकर देखें तो लिब्ररल रिपेमेंट सिस्टम है, यानी जब शिक्षा पूरी होती है तो उसके बाद एक साल का मोरेटोरियम पीरियड मिलता है। इसके बाद 15 साल में पूरा लोन रीपे करना है। अगर आप अनएम्प्लाएड या अंडर एम्पलाएड हैं तब भी एक साल का एडीशनल मोरेटोरियम पीरियड मिलता है। अगर आप इन्क्यूबेशन के माध्यम से, यानी स्टार्टअप में शुरुआत करते हैं तो उसमें भी एक साल का मोरेटोरियम पीरियड मिलता है।

अगर मार्जन मनी, बाकी लोन्स में देखा जाए तो कहीं पर 20 से 30 परसेंट हाउसिंग लोन और दस परसेंट कार लोन में है तो यहां मार्जन मनी भी नहीं है। आप इसे वेव करने की बात कह रहे हैं, मुझे लगता है कि इस योजना के माध्यम से पूरे देश में लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिला है। मैं आंकड़े देना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष: आप आंकड़े रहने दीजिए।

DR. THOL THIRUMAAVALAVAN: Hon. Speaker, Sir, unemployment is a very serious issue. It has become a major crisis in our country. So, we have to consider giving employment to our people, especially to those who belong to rural areas.

Now-a-days, it is very hard to get educational loan from banks. Even now we are fighting for this. No bank is ready to give educational loan. So, will the Minister give directions to the bank authorities to give educational loan to the students, especially to those belonging to rural areas?

I am requesting the Minister again and again to waive the educational loan at least of those who are not getting jobs.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर इसका प्रावधान है, विद्यार्थी लोन के लिए एप्लाई कर सकते हैं। सभी पब्लिक सैक्टर बैंक्स और शेड्यूल कमर्शियल बैंक्स लोन उपलब्ध करवाते हैं। यहां तक कि चार लाख तक के लोन के लिए कोई गारंटी नहीं देनी पड़ती है, पेरेंट्स ज्वाइंट बारोअर्स होते हैं। साढ़े सात लाख रुपये तक के लोन के लिए थर्ड पार्टी गारंटी है। यहां तक कि इसमें प्रावधान भी है कि विद्यार्थी को वेवर कर दिया जाए। अगर कुल मिलाकर देखें, जैसा मैंने पहले कहा कि नार्थ-ईस्टर्न रीजन में 25,639 विद्यार्थियों को 810 करोड़ रुपये का लोन मिला है और साउथ इंडिया में 16 लाख 34 हजार 164 विद्यार्थियों को 44,362 करोड़ रुपये का लोन मिला है। पढ़ाई के लिए लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है, कहीं कोई कमी नहीं है।

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट : माननीय अध्यक्ष जी, सरकार की स्कीम अच्छी है। ऐसा पता चला है कि शिक्षा पूरी होने के बाद जॉब मिलने में कठिनाई आती है। सरकार ने एक साल की मोहलत दी है, अगर विद्यार्थी को जॉब न मिले तो उसके लिए एक साल की जगह दो साल की मोहलत देने की हमारी सरकार से विनती है। अगर सरकार यह मांग पूरी करती है तो विद्यार्थियों को फायदा होगा।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मैं इतना ही कहना चाहता हूं और मैंने पहले भी कहा था, शिक्षा पूरी करने के बाद एक साल का मोरेटोरियम पीरियड है। अगर कोई अनएम्पलाएड या अंडर एम्पलाएड है तो उसके लिए एक साल का और एडीशनल मोरेटोरियम पीरियड है, जो दो साल का बनता है। इसके अलावा अगर कोई स्टार्ट्सअप्स में हैं तो मोरेटोरियम पीरियड की ऑप्शन उपलब्ध है और टेलीस्कोपिक अरेंजमेंट रिपेमेंट का भी प्रावधान है। अगर किसी की कमाई कम है या कम पैसा तनख्वाह के रूप में मिलता है तो छोटी किश्त दे सकते हैं जो बाद में बड़ी किश्त बन जाती है। मुझे लगता है कि अलग-अलग तरह के प्रावधान योजना के अंतर्गत हैं ताकि विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

श्री मनीश तिवारी: माननीय अध्यक्ष महोदय, यह जो शिक्षा ऋण है, इसका मूलभूत आधार यह है कि आप ऋण लो, शिक्षा प्राप्त करो, उसके बाद आपको रोजगार मिलेगा और उस रोजगार से जो कमाई होती है, उससे आप ऋण वापस करते हैं। जो सरकार द्वारा जवाब दिया गया है कि data linking education loan sanctioned by banks with securing of jobs is not centrally maintained. मेरा माननीय मंत्री जी से यह सवाल है कि आज जो बेरोजगारी की दर है, वह 45 साल में इतनी नहीं हुई, क्या सरकार**...(**व्यवधान**)** It is 45 year high …(*Interruptions*) Unemployment, today, is 45-year high …(*Interruptions*) That is a reality from which you cannot run away …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप प्रश्न पूछिए।

SHRI MANISH TEWARI: My question, Mr. Speaker, Sir, is that given the current economic slowdown, will the Government consider maintaining a Central data base where they have information that somebody. who has availed of an education loan. has got employment, whether it is self-employment or he is employed with somebody else? That is my question.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : माननीय अध्यक्ष जी, प्रश्न यहां पर यह है कि एजुकेशन लोन के रूप में जो वीकर सैक्शंस हैं और जो अच्छे पढ़ने वाले विद्यार्थी हैं**,** उनको किन योजनाओं के माध्यम से पैसा उपलब्ध करवाया जाता है। उसमें बड़े स्पष्ट तरीके से उत्तर में भी कहा गया कि सेन्ट्रल डेटा रखने का प्रावधान बैंकों का नहीं है। सरकार की अलग**-**अलग एजेंसियां निर्धारित रूप में अपना काम करती हैं। यहां पर उस योजना को और बेहतर कैसे किया जा सकता है या जो इंटरेस्ट सब्सिडी जो एचआरडी मंत्रालय के द्वारा भी लगभग 3.5 हजार करोड़ रु. का फंड क्रिएट करने के माध्यम से दी गई है, ताकि

विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके ताकि वे उच्च शिक्षा प्राप्त करें और उनको रोजगार के अवसर मिलें। इसके अलावा मुद्रा योजना में लोन्स बाकियों को भी दिये जाते हैं। ऐसे प्रावधान भी हैं। स्टार्ट-अप्स के लिए जो कदम मोदी सरकार ने उठाए हैं, शायद यही कारण है कि दुनिया भर के पहले पांच स्टार्ट-अप्स नेशन्स में भारत का नाम आया है जो आज के युवाओं के लिए नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने करके दिखाया है।

(Q. 283)

श्री प्रदीप कुमार सिंह: माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार द्वारा बाढ़ में क्षतिग्रस्त विद्यालय भवनों का जितनी तेजी के साथ दोबारा पुनर्निर्माण कर शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाया गया है, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। इसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूं।

बिहार राज्य का खासकर अररिया जिला जो अति पिछड़ा जिला है, प्रत्येक वर्ष बाढ़ त्रासदी के कारण बहुत से छात्र-छात्राएं दोबारा विद्यालय नहीं जा पाते हैं। अत: मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि क्या सरकार ऐसे क्षेत्रों के बच्चों को कोई प्रोत्साहन सहायता राशि दे रही है या देने पर विचार कर रही है ताकि बाढ़ त्रासदी के बाद ऐसे क्षेत्र के बच्चे पुन: विद्यालय जा सकें?

श्री रमेश पोखरियाल निशंक : माननीय अध्यक्ष जी, यह विद्यालय भवनों की क्षति और मरम्मत का विषय है। जैसे अभी माननीय सदस्य ने कहा है कि हमारी सरकार लगातार यह कोशिश कर रही है और वैसे तो यह राज्यों का विषय है, लेकिन फिर भी भारत सरकार की समग्र शिक्षा के तहत हम लोग कोशिश करते हैं कि राज्यों को इस दिशा में पूरी मदद दी जाए। यदि पूरे देश के अंदर देखें जिसमें बिहार भी है कि लगभग 12641 कक्षा कक्ष ऐसे हैं, जो अतिरिक्त बनाने हैं, इसमें 784 करोड़ रुपये मरम्मत के लिए शासन से जारी किए गए हैं। यदि देखा जाए कि पिछले 2-3 सालों में 13425 करोड़ रुपये इसके लिए जारी हुए हैं। जहां तक माननीय सदस्य का जो अररिया जिला है, इसमें भी बहुत सारे विद्यालय भवन क्षतिग्रस्त हुए हैं और समग्र शिक्षा के तहत उन क्षतिग्रस्त कक्षों के लिए पर्याप्त धनराशि दी गई है।

श्री प्रदीप कुमार सिंह: अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार ने बाढ़ पीड़ित राज्यों का कोई सर्वे करावाया है या करवाने पर विचार कर रही है?

माननीय अध्यक्ष : बाढ़ का विषय भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत आता है।

…(व्यवधान)

श्री प्रदीप कुमार सिंह : बाढ़ का उस जिले तथा उस राज्य की साक्षरता दर पर होने वाले प्रतिकूल असर का मापदंड प्राप्त कर सके तथा उस राज्य की साक्षरता दर बढ़ाने पर आगे और काम किया जा सके। यदि हां, तो इसका ब्यौरा प्रदान करने की कृपा करें, अगर नहीं, तो इसके कारणों से अवगत कराने का कष्ट करें।

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन् जहां तक बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का प्रश्न है**,** तो चूंकि यह विषय प्रदेश के पास होता है, फिर भी यह उन लोगों का विषय है तो यदि उनको जरूरत होगी कि किस**-**किस राज्य में कितनी क्षति हुई है और दूसरा उन्होंने साक्षरता को बढ़ाने के लिए कहा है। यह एक लगातार प्रक्रिया है, जिसमें भारत सरकार पूरी ताकत के साथ उस दिशा में जुटी हुई है और उसके अच्छे रिजल्ट भी हैं।

श्री परबतभाई सवाभाई पटेल: आदरणीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा जिले में बाढ़ की वजह से जो रूम्स टूट गए हैं और जो रूम्स डैमेज हुए हैं, वैसे 1,765 वर्ग खंड बनाने की आवश्यकता है। उनमें से वर्ष 2019-20 में 192 वर्ग खंड सैंक्शन हुए हैं। आज भी 1,513 रूम्स बनने बाकी हैं।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वैसे तो education is a state subject. पर, वे सभी बाढ़ की वजह से टूटे हुए हैं और वर्ष 2015 से वे सभी बनने बाकी हैं। वहां विद्यार्थी खुली जगह में बैठ रहे हैं, उनके लिए कोई खास पैकेज देकर हमारे वर्ग खंड पूरे करवाएंगे**,** जो 1513 रूम्स बनने बाकी हैं, वे आप कब तक पूरा करवाएंगे?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक: श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य और सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि हम ने प्रारंभिक 3 लाख, 12 हजार स्कूलों के भवनों के निर्माण के लिए पैसा स्वीकृत किया है, 18 लाख, 88 हजार अतिरिक्त कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए स्वीकृत किया है, 2 लाख, 45 हजार स्कूलों में पेय जल उपलब्ध कराया है, 4 लाख, 8 हजार स्कूलों में शौचालयों का निर्माण करावाया है, जबकि 5.29 लाख स्कूलों में बालिकाओं के लिए शौचालयों का निर्माण करवाया है।

श्रीमन् स्कूलों में जो अतिरिक्त विद्युतीकरण से संबंधित है, 2 लाख, 28 हजार स्कूलों में यह भी किया गया है। जहां तक बनासकांठा का विषय है, तो वर्ष 2015 में जो त्रासदी आई थी, उसमें 241 स्कूल्स क्षतिग्रस्त हुए थे, जिनमें 772 कक्ष क्षतिग्रस्त हुए थे। आज की तारीख में इन 241 स्कूल्स के 772 कक्षा कक्ष निर्मित हो चुके हैं। हां, वर्ष 2017 में फिर जो त्रासदी आई थी, उसमें बनासकांठा जिले में 484 स्कूलों के 1,800 कक्ष ध्वस्त हुए थे, जिनमें से अभी तक 121 स्कूलों के 567 कक्षा कक्ष बन चुके हैं।

श्रीमन्, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से आग्रह करना चाहूंगा और सूचना भी देना चाहूंगा कि कुल मिला कर अतिरिक्त कक्षा कक्षों की स्वीकृतियां हैं, उनको राज्य सरकार को समग्र शिक्षा के माध्यम से पर्याप्त धन राशि उल्लेखित की गई है। जहां तक गुजरात राज्य का विषय है, इसमें 2,889 करोड़ रुपये की धन राशि आबंटित की गई है। मैं समझता हूं कि आपके जितने भी भवन हैं, जो यह चार्ट है, इसके तहत उसमें पूरी तरह से वह क्रियान्वित हो सकेगा।

श्री भगवंत मान: माननीय स्पीकर साहब, मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि अरविन्द केजरीवाल की सरकार में दिल्ली में शिक्षा में बहुत बड़ी क्रांति आई है। स्कूलों में स्वीमिंग पूल, एथलेटिक्स ट्रैक, हॉकी ग्राउंड, एस्ट्रो टर्फ आदि सुविधाएँ, जो आम तौर पर प्राइवेट स्कूलों में होती हैं,

सरकार की ओर से देने का कोई प्रावधान है ताकि सरकारी स्कूलों में भी ये सुविधाएँ मिल सकें और यहाँ से भी बच्चे स्पोर्ट्स के क्षेत्र में ओलम्पिक और एशियन पोडियम पर जा सकें?

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक : श्रीमन्, माननीय सांसद जी ने बहुत ही अच्छा सवाल किया है। देश के सभी राज्य प्राथमिकता के आधार पर खेल के मैदान सुनिश्चत करें और अनिवार्य रूप से एक घंटा शारीरिक शिक्षण कार्य करें। पिछले दिनों, माननीय प्रधान मंत्री जी की प्रेरणा से फिट इंडिया अभियान प्रारम्भ हुआ था, जिसमें एक साथ 10 करोड़ से भी अधिक छात्रों ने भाग लिया था। दिल्ली को भी सर्व शिक्षा अभियान के तहत 22 करोड़ 85 लाख रुपये स्कूलों के उन्नयन के लिए दिए गए। मैं चाहूँगा कि माननीय सदस्य ने जो कहा, उसको दिल्ली सरकार को जरूर करना चाहिए।

(Q. 284)

श्री जुएल ओराम : मैं मंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने बहुत ही बढ़िया रिप्लाई दिया है।

माननीय अध्यक्ष: धन्यवाद, आगे बढ़ें?

श्री जुएल ओराम : मेरा फर्स्ट सप्लीमेंटरी क्वेश्चन यह है कि Annexure-II के अनुसार आपने 103 प्रोजेक्ट्स सैंक्शन किए हैं। उनके लिए क्यूमुलेटिव धनराशि की व्यवस्था की गई है, जो 75,769.9 करोड़ रुपये हैं। अगर आप क्यूमुलेटिव एक्सपेंडिचर या डिसबर्समेंट देखेंगे, तो वह ऑलमोस्ट 50 परसेंट हो रहा है, जो 34,248.73 करोड़ रुपये हैं।

मैं आपसे जानना चाहता हूँ कि इतनी धनराशि अवेलेबल होने के बावजूद जो प्रोजेक्ट्स सैंक्शन किए गए हैं, उसके लिए राज्य सरकार पैसे ले रही है, तो इसमें यूटिलाइजेशन इतना कम क्यों आ रहा है? इसे इम्प्रूव करने के लिए मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सांसद महोदय ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न किया है कि जब प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए धनराशि सैंक्शन की गई, तो यह क्यों हुआ?

माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में यह तय किया गया था कि जो लंबे समय से लंबित इरिगेशन की स्कीम्स हैं, उनको पूरा किया जाए। इसके तहत 99 प्रोजेक्ट्स को शॉर्ट लिस्ट किया गया था। उनके लिए पैसे का प्रावधान किया गया। शायद पिछले 70 वर्षों में जो योजनाएँ पूरी नहीं की गई थीं, उनको पूरा करने के लिए इस धनराशि का प्रावधान किया गया। यह श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया। हमारी ओर से कोई कमी नहीं है, नाबार्ड की ओर से कोई कमी नहीं है। लेकिन राज्य की सरकारों की जिम्मेवारी बनती है कि उन प्रोजेक्ट्स को पूरा करें, उनको पैसे दिए गए हैं। इसलिए यह उनके ऊपर निर्भर करता है कि वे कितनी जल्दी उन प्रोजेक्ट्स को पूरा करते हैं।

माननीय अध्यक्ष: आपने तो धन्यवाद दे दिया, अब क्या सेकेण्ड सप्लीमेंटरी पूछेंगे?

श्री जुएल ओराम: सर, मेरा सेकेण्ड सप्लीमेंटरी इसलिए है, जैसे मैंने स्पेसिफिक ओडिशा के बारे में पूछा था कि आठ प्रोजेक्ट्स के लिए 6,990.43 करोड़ रुपये सैंक्शन किए, जिसमें से 3,111.59 करोड़ रुपये ही ले पाए। वे आठ प्रोजेक्ट्स कौन-कौन से हैं? अगर इनके डिटेल्स अभी आपके पास नहीं हैं, तो आप बाद में दे दीजिएगा। लेकिन कितने-कितने पैसे डिसबर्समेंट हुए हैं, यह बताया जाए।

हाई लेवल मॉनिटरिंग के लिए राज्य के चीफ सेक्रेट्री को इसमें होना चाहिए। इसका प्रावधान कितने राज्यों ने किया है? यदि इसकी डिटेल नहीं है, तो आप मुझे बाद में लिखित में भिजवा दीजिए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, यह विषय सिंचाई योजना से संबंधित है। यह देश के किसानों से संबंधित है, जिनको बार-बार मौसम की मार झेलनी पड़ती है। यदि बारिश न हो, तो सूखे की मार पड़ती है, यदि बारिश ज्यादा हो, तो बाढ़ की मार पड़ती है। इन्हीं सब से बचने के लिए इन योजनाओं को पूरा करने का प्रावधान किया गया था। आप देखें कि अगर 6,990 करोड़ रुपए सैंक्शन किए गए और ओडिशा की सरकार सिर्फ 3,111 करोड़ रुपए ही यूज कर पाई, तो हम उनसे एक बार कहने का प्रयास करेंगे कि वे उसका जल्द-से-जल्द इस्तेमाल करें, ताकि उसका लाभ किसानों को मिले और सिंचाई योजनाएँ पूरी हो सकें।

SHRI BHATRUHARI MAHTAB: The RIDF provisioning is basically interconnected to Priority Sector Lending of respective banks. जो बैंक प्रॉयरिटी सेक्टर लैंडिंग सही ढंग से नहीं कर पाया, उसी के हिसाब से एक परसेंटेज आर.आई.डी.एफ. फण्डिंग के द्वारा रिस्पेक्टिव स्टेट्स को दिया जाता है। माननीय मंत्री जी ने जो लिस्ट यहां हाउस में पेश की है, इसमें सबसे ज्यादा ओड़िशा को मिले हैं। पिछले तीन सालों में नंबर ऑफ प्रोजेक्ट्स और सबसे ज्यादा पैसा भी ओड़िशा को मिला है।

मैं यह जानना चाहता हूं कि यह जो तथ्य हमारे सामने है, इस तथ्य से हमें पता चलता है कि प्रॉयरिटी सेक्टर लैंडिंग ओड़िशा में ज्यादा नहीं हो रहा है। प्रॉयरिटी सेक्टर लैण्डिंग में जो कमी आ रही है, इसको इम्प्रूव करने के लिए सरकार क्या व्यवस्था कर रही है?

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN): I just want to take this opportunity to say that the suggestion and the question which were raised by the hon. Member, Shri Jual Oram, do require a lot of consideration and have merit.

As regards little specification, which the hon. Member, Mahtab ji, said about Long-Term Irrigation Fund, both Centre and States' share included, I would like to take this opportunity to take the suggestion which has been given here about the number of projects pertaining to Long-Term Irrigation Fund.

The suggestion that a high-level committee should consider reviewing it is a very well-taken point and I would like to place it before you and through you, Sir, to the House that I will certainly look into forming a high-level committee for reviewing it. The funds which have been allotted and the projects which have been benefited from it under the Long-Term Irrigation Fund will be better served if there is a high-level committee to monitor it. I shall come back to the House after forming a committee which can look into these projects.

श्री भर्तृहरि महताब: अध्यक्ष जी, मैंने आर.आई.डी.एफ. के बारे में पूछा था।

माननीय अध्यक्ष: जब आपका नाम लॉटरी में खुल जाए तब आप डबल सप्लीमेंट्री पूछ लेना, लेकिन अभी तो सिंगल ही है।

श्री भर्तृहरि महताब: सर, मेरा उत्तर नहीं आया है।

SHRIMATI NIRMALA SITHARAMAN: Sir, as regards Long-Term Irrigation Fund, which Shri Jual Oram ji spoke about, I would suggest that that could also be the case for many other things under the NABARD. I will be quite happy to form a high-level committee. We can review it along with the States and then come up with a reply before the House.

श्री विनायक भाउराव राऊत : अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । नाबार्ड के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम करने की जो व्यवस्था है, उसके लिए नाबार्ड का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैसा कि सभी जानते हैं कि ग्रामीण इलाकों के रास्ते हों या नदियों के ऊपर ब्रिजेज हों, नाबार्ड से आर्थिक सहायता जितनी ज्यादा मिलती है, उतने ही काम राज्यों के माध्यम से होते हैं।

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से पूछना चाहता हूं कि महाराष्ट्र के 325 प्रोजेक्ट्स के लिए 2202.62 करोड़ रुपये की धनराशि सैंक्शन की थी, लेकिन दुर्भाग्य से 937.70 करोड़ रुपये की धनराशि का वितरण हुआ है । महाराष्ट्र जैसे राज्य को सारी निधि जल्दी से जल्दी मिलने की आवश्यकता है। मैं मंत्री महोदय जी से जानना चाहता हूं कि नाबार्ड के अंतर्गत महाराष्ट्र के लिए जो धनराशि बची है, क्या उसे इस वित्तीय वर्ष में देने की व्यवस्था करेंगे?

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : सर, निश्चित तौर पर किसी राज्य को भेदभाव के रूप में नहीं देखा जाता है। अगर माननीय सांसद पिछले दो साल का लेखा-जोखा देखेंगे तो उसमें इनको स्पष्ट तौर पर नजर आएगा कि वर्ष 2016-17 में 999 करोड़ रुपये में से लगभग 850 करोड़ रुपये दिए गए। वर्ष 2017-18

में 993 करोड़ रुपये में से आपने 904 करोड़ रुपये इस्तेमाल किए और 2018-19 में 2202 करोड़ रुपये में से 937 करोड़ रुपया आपको डिस्बर्स हुआ है। यह राज्य के ऊपर भी निर्भर करता है कि वह कितनी तेजी से वह पैसा खर्च करता है। मैं आशा करता हूं कि महाराष्ट्र को जो पैसा सैंक्शन हुआ है, आप उसको अच्छी तरह से खर्च करें। नाबार्ड की ओर से कोई कमी नहीं आएगी, क्योंकि राष्ट्र निर्माण में ग्रामीण विकास या ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की बहुत आवश्यकता है। नाबार्ड की भूमिका एग्रीकल्चर और रूरल डेवलेपमेंट के क्षेत्र में ही है। उस दिशा में जहां हमने मात्र कुछ हजार करोड़ रुपयों से शुरू किया था, उसमें आज बढ़कर लगभग 3,44,142 करोड़ रुपये सैंक्शन हुए हैं। उसमें से 2,68,220 करोड़ रुपये डिस्बर्स भी कर दिए गए हैं।

(Q. 285)

SHRI N. REDDEPPA: Hon. Speaker, Sir, in our country, unemployment rate is increasing day by day. In the month of September, 2019, it was 7.2 per cent whereas in October 2019, it had increased to 8.5 per cent. It is the highest rate of unemployment ever recorded in this country.

I would like to know from the hon. Minister, through you, Sir, the measures the Government of India has taken so far. What is the outcome of those measures? Is there any permanent action plan to improve the employment rate?

श्री संतोष कुमार गंगवार : महोदय, समय-समय पर विभिन्न आंकड़े आते रहते हैं, तो उसकी जानकारी के हिसाब से जो विवरण आता है, मैं उसके बारे में कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। हमारी सरकार रोजगार सृजन के लिए जो काम कर रही है, इसमें पिछले पांच वर्षों से लगातार प्रगति नज़र आ रही है। मैं आपके माध्यम से सभी का ध्यान दो-तीन बातों की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के अंतर्गत हम लोगों ने वर्ष 2016-17 से जो ट्रेनिंग दी है, उसमें लोगों को प्लेसमेंट भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री इम्प्लायी जेनरेशन प्रोग्राम के अंतर्गत 16,00,000 लोगों को रोजगार मिला है। दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के अंतर्गत करीब 4,50,000 लोगों को रोजगार मिला है। मुद्रा योजना तो एक ऐसी योजना है कि हमने इसमें जितना धन तय किया था, इसमें इक्कीस करोड़ से अधिक खातों में दस लाख करोड़ रुपये का लोन दिया गया है। इसमें 60 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। यह वास्तव में देश के अंदर अपने आप में एक रिकार्ड है।

आदरणीय प्रधान मंत्री जी, जिस प्रकार से चिंता कर रहे हैं, वह सबकी समझ में आ रहा है। जब मनरेगा के माध्यम से लोगों को काम मिल रहा है, तो हम लगातार हर वर्ष पैसों की संख्या को बढ़ा रहे हैं। वर्ष 2016-17 से अब तक हमने 891 करोड़ रुपये के दिनों के हिसाब से रोजगार दिया है। यह वास्तव में इस बात का प्रदर्शन है कि हम इस ओर कितने चिंतित हैं और लोगों को रोजगार देने का काम कर रहे हैं।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, क्या आप अपना दूसरा सप्लीमेंट्री प्रश्न पूछना चाहते हैं?

श्री एन. रेड्डप्प: महोदय, नहीं।

माननीय अध्यक्ष : श्री दयाकर पसुनूरी – उपस्थित नहीं।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री शशि थरूर जी, आपको आशा नहीं होगी कि प्रश्न पूछने का मौका मिलेगा।

…(व्यवधान)

DR. SHASHI THAROOR: Thank you very much, Sir. I do want to ask this question.

माननीय अध्यक्ष : लेकिन यह आपका लास्ट प्रश्न है।

DR. SHASHI THAROOR: Sir, the issue is this. Already, in our Government, we are in a situation where the Government and the PSUs have taken to the habit of hiring contract labour instead of filling regular vacancies in order to save money. Now, we are seeing a very disturbing trend in this happening with the employment

exchanges. I am looking at the figures that the hon. Minister has given on Kerala. We have seen a dramatic drop from as many as 11,300 to 6,115, that is almost half, from one year to the next. What is the reason? The Kerala Government instead of hiring people through the employment exchanges where they have to pay a full salary – in Kerala which would be Rs.18,000 a month for a daily wage worker – it is taking them through the Women's Collective – Kudumbashree, or the Ex-servicemen's Association and paying them Rs.6,000 a month.

My question to you, Sir, is this. I know that employment exchanges are run by the State Governments but do you not have a national obligation to have a policy whereby you encourage or require all States to hire people from the employment exchanges. We are talking about some of the most unfortunate sections of our society, people who are really dependent on daily wage labour. We used to have a few thousand every year, who are getting jobs like this from the employment exchanges, but now, they are not being hired, and I do not know if other States are going to catch on to this policy to save money. But I would urge the Central Government – it is a question of the viability of the entire concept of employment exchange – to adopt a national policy and send a directive to all States on this matter.

Thank you, Mr. Speaker.

श्री संतोष कुमार गंगवार: सर, मैं माननीय सदस्य के सुझाव को सम्मान देता हूँ और उनसे सहमत हूँ। इसीलिए हमारे मंत्रालय के द्वारा नैशनल करियर सर्विस प्रोजैक्ट चलाया जा रहा है। इस प्रोजैक्ट के अंतर्गत एम्पलॉयमेंट एक्सचेंज, जो अभी आप राज्य सरकार के बारे में बता रहे हैं, उसको मॉर्डनाइज करने की योजना है और एनसीएस के माध्यम से हम देश भर में लगभग 200 एम्पलॉयमेंट एक्सचेंजेस को मॉडल करियर सैंटर्स के रूप में परिवर्तित कर रहे हैं। इन करियर सैंटर्स में रोज़गार पाने के बाद रजिस्टर्ड लोगों को एक उचित परामर्श भी दिया जाएगा और हम इस संदर्भ में मेले भी आयोजित कर रहे हैं। पर मैं इतना बताना चाहूंगा कि जो नौकरी पा जाता है, वह सूचना नहीं देता है कि हमको नौकरी मिल गई है, इसलिए वह डी-रजिस्टर्ड भी नहीं होता है। परंतु आपने जो सुझाव दिया है, हम उस पर विचार करेंगे और इसके संदर्भ में अवगत भी कराएंगे।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या – 286

दादा, एक मिनट मैं एक बात कहना चाहता हूँ। मेरी कोशिश सत्र में यह है कि सभी माननीय सदस्य – जो मूल प्रश्नकर्ता है वह और सप्लिमेंट्री प्रश्न करने वाला, उनको मिला कर एक सत्र में कम से कम रोजाना 50 से 60 लोग क्रॉस क्वेश्चन पूछ लें, ताकि सदन में सभी माननीय सदस्यों का क्रमवाइज नंबर आ जाए। नहीं तो क्या होता है कि वरिष्ठ व्यक्ति का नंबर तो तीन-तीन बार आ जाता है और जो हमारा नया सदस्य है, उसको प्रश्न पूछने का मौका नहीं मिलता है। मैं माननीय वरिष्ठ सदस्यों से आग्रह करूंगा कि कुछ माननीय नए सदस्यों को भी इस बार सप्लिमेंट्री प्रश्न पूछने का मौका दें।

(Q. 286)

श्री राजेश वर्मा: अध्यक्ष जी, मैंने जो प्रश्न पूछे थे, काफी विस्तार से उनका जवाब आया है। प्रथम प्रश्न के उत्तर में इस्पात विनिर्माण में शामिल सरकारी/निजी कंपनियों का राज्य/जिला-वार ब्यौरा जो हमने मांगा था, उसका माननीय मंत्री जी ने विस्तार से हमको जवाब दिया है। मैं उत्तर प्रदेश राज्य से आता हूँ। उत्तर प्रदेश राज्य में जो लिस्ट हमारे पास उपलब्ध है – उसमें जिला फिरोजाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, हमीरपुर, जौनपुर, झांसी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, लखनऊ, मुजफ्फरनगर, रायबरेली । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : राजेश जी, यह लिस्ट तो इनके पास भी है, आप प्रश्न पूछिए।

श्री राजेश वर्मा: सर, इन जिलों में इस्पात के कारखानों का ब्यौरा दिया गया है। माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूँ कि सन् 2009 में, लखीमपुर जनपद की एक मितौली जगह है, जहां पर तत्कालीन इस्पात मंत्री श्री जितिन प्रसाद जी ने चुनाव के दो महीने पहले एक इस्पात कारखाने का शिलान्यास किया था। उसको लगभग दस वर्ष हो गए हैं। लेकिन अभी तक वहां पर कुछ ऐसी जानकारी या कोई गतिविधि नहीं है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूँ कि मितौली में कोई इस्पात कारखाना लगाने के लिए शिलान्यास हुआ था या केवल वह राजनीतिक लाभ के लिए ही शिलान्यास हुआ था। यह मैं जानना चाहता हूँ।

श्री धर्मेन्द्र प्रधान: अध्यक्ष जी, इसकी जानकारी हम संग्रह कर के आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताएंगे।

श्री राजेश वर्मा : माननीय अध्यक्ष जी, मैं दूसरा प्रश्न यह पूछना चाहता हूँ कि जो इस्पात कारखाने हैं, जो पीएसयूज़ हैं, जो अच्छे लाभ में हैं, देश की अच्छी सेवा कर रहे हैं, उनका प्रबंधन बढ़िया है, उनका वित्तीय प्रबंधन अच्छा है, उनकी मार्केटिंग अच्छी है, वे देश की सेवा कर रहे हैं, लेकिन जो पीएसयूज़

घाटे में हैं, क्या ऐसे पीएसयूज़ के माध्यम से जो देश के हित में कार्य कर रहे हैं, जो लाभ अर्जित कर रहे हैं, देश की सेवा कर रहे हैं, ऐसा कुछ कुछ काम करेंगे कि उनके प्रबंधन की व्यवस्था, उनकी वित्तीय व्यवस्था करने के लिए लाभ वाले पीएसयूज़ उनको सहयोग करें। ऐसी मैं आपसे जानकारी चाहता हूँ।

इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते): अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने बहुत अच्छा सुझाव दिया है। वैसे जितने हमारे उपक्रम हैं, मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि आपने पिछले पांच वर्षों का जो आंकड़ा पूछा है, तो सेल के अगर आप आंकड़े देखेंगे तो जो कुल कारोबारी हैं, वे अलग-अलग हैं, वर्षों के आधार पर इसमें दिया गया है और जो कुल खर्च हुआ है, जो लाभ-हानि अर्जित की है, उसमें लाभ-हानि अर्जित करने वाली हमारी जो पीएसयूज़ हैं, लगभग उसमें कुछ नुकसान हुआ है, पर इस समय हम फायदे में हैं। लगभग 2179, यह जो हमारा सन् 2018-19 का है, इसमें अभी हम प्रॉफिट में हैं। यह बहुत अच्छा सुझाव है, इसके बारे में जानकारी हम माननीय सदस्य को उपलब्ध करा देंगे।

SHRI T. R. BAALU: Sir, I have to thank you for having allowed me to ask this question. It is not a difficult matter for the Minister. The Minister is very kind to do something to see that the Salem Steel Plant continues. …(*Interruptions*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय मंत्री जी, बालू जी ने आपको एप्रिशिएट कर दिया।

SHRI T. R. BAALU: I have to appreciate whatever he does. At the same time, the Salem Steel Plant is not just a plant. It is an embodiment of Tamil pride and culture; it is emotionally integrated with Tamil pride. That is why I request the Minister, through you, that he could kindly consider to have a discussion with all of us, all Tamil Members of Parliament so that he can understand the matter behind

it. In fact, he is playing – I am not threatening – with a flame. Hereafter, I cannot just go and beg him for this. Years together, I am fighting for this.

This Plant has been created by Dr. Kalaignar Karunanidhi, the then Chief Minister. Five thousand farmers have extended their land. It will be totally against the interest of the labourers as well as the local farmers who have extended their land for this purpose. Kindly see that somehow their interests are protected. …(*Interruptions*) He cannot run the industry. If it is a private enterprise, he cannot run the industry. I want the industry to develop but at the same time the Minister has to understand the background before taking any decision. He has not taken a decision. He has to consult us and the employees. He has to find out who has done the mistake. It is only the management that has done the mistake. He must understand that. He can just talk to the labourers as well as the farmers who have extended their land for this purpose.

SHRI DHARMENDRA PRADHAN: Hon. Speaker Sir, hon. Shri Baalu has raised this question and some other important Member of Tamil Nadu had raised this question in the last Session also. I can politely say, through you, that last time I have assured the House that if any progressive suggestion would come from the Tamil Nadu friends, the Government is open. They have given some suggestions; immediately I have considered and accepted their suggestions. In that way, the Plant has got some autonomy and it is running; but there is a greater question.

I am open to suggestions and my dear friend the hon. Member from Tamil Nadu Shrimati Kanimozhi always comes to me with some innovative suggestions. I am always open to whoever comes from Tamil Nadu. I am open to discussion. What are the merits and demerits of this is an on-going discussion. I can assure him, I am open and the Government is open. The point is that there are a lot of examples in Tamil Nadu of successful entrepreneurs who belong to the private sector and who belong to the Government sector. The question before me at this juncture is how would the plant run profitably and professionally. That is the main challenge. I am open to any discussion with any friend from Tamil Nadu.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न संख्या 287.

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी - उपस्थित नहीं।

श्री पशुपति नाथ सिंह - उपस्थित नहीं।

माननीय मंत्री जी।

(**Q. 287**)

डॉ. निशिकांत दुबे: अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

महोदय, यह जो क्वैश्चन है और इसका जो उत्तर है, दोनों में विरोधाभास है। क्वैश्चन बड़ा स्पष्ट है। जो सी.एस.आर. फण्ड बना, उससे सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखण्ड है। हमारे यहां इस देश के 40 से 45 प्रतिशत माइन्स और मिनरल्स हैं, लेकिन वहां के लोकल एरिया का जो डेवलपमेंट है और जो प्रोजेक्ट्स वहां चलते हैं, उनके पैसे वहां के लोकल एरियाज में नहीं जाते हैं और इस पैसे को, जो मंत्री हैं, वे अपने यहां लेकर जाते हैं या फिर यह मुम्बई, दिल्ली जैसे बड़े शहरों में खर्च होते हैं।

स्पीकर सर, इस प्रश्न में मूल प्रश्न है कि कौन-से प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, कहां-कहां चल रहे हैं? हमारे झारखण्ड राज्य में जो प्रोजेक्ट्स नहीं चल रहे हैं और आप इसका हिसाब-किताब नहीं लेते हैं तो क्या आप इसका हिसाब-किताब लेने की कोई व्यवस्था करेंगे? हमारे जैसे जो प्रभावित राज्य हैं और ओडिशा या छत्तीसगढ़ जैसे राज्य हैं**,** उनके लिए सी.एस.आर. फण्ड्स की कैसे व्यवस्था होगी? वहां वे दो प्रतिशत सी.एस.आर. फण्ड्स कैसे खर्च होंगे, अगर इसके बारे में आप बताएंगे तो कृपा होगी।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, मैं दो बातों को बहुत स्पष्ट करना चाहता हूं। यह बी.ओ.टी. ड्रिवन पॉलिसी है और हर कंपनी को प्रत्येक वर्ष अपने पिछले तीन साल के प्रॉफिट का दो परसेंट खर्च करना होता है। वह जिस कार्यक्षेत्र में है, वहां पर खर्च करे, यह उनकी प्राथमिकता रहनी चाहिए। उसके अलावा, अगर बाकी देश भर में कहीं खर्च करना हो तो उनको वह ऑप्शन भी दी गई है। शेड्यूल-7 के अंतर्गत एरियाज़ बताए गए हैं कि किन-किन प्रोजेक्ट्स पर पैसा खर्च किया जा सकता है। मैं माननीय सांसद महोदय से कहना चाहता हूं कि जहां दो प्रतिशत पैसा कंपनी खर्च करेगी ही करेगी, लेकिन हमारी सरकार ने माइंस एंड मिनरल वाले क्षेत्र में भी यह प्रावधान किया है कि

डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाने के लिए जो कदम उठाए गए हैं, अगर आप उन आंकड़ों को देखेंगे तो यह अपने आप में दिखेगा कि किस तरह से उस क्षेत्र में भी एक अच्छा काम हुआ है। अगर मैं माइंस एंड मिनरल फंड के कुल आंकड़े दूं, इसे हमारी सरकार ने वर्ष 2015 में बनाया। यह दी माइंस एंड मिनरल डेवलपमेंट रेगुलेशन एक्ट के अंतर्गत है। इसमें 10 परसेंट रॉयल्टी वर्ष 2015 के बाद जो माइंस दी गई, उनको देना पड़ेगा और जो वर्ष 2015 से पहले ग्रांट की गई, उनको 30 परसेंट देना पड़ेगा। कुल मिलाकर 33,272 करोड़ रुपये डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड में इकट्ठा हुआ है। यह उन्हीं क्षेत्रों के खर्च के लिए इकट्ठा किया गया है। यह दो परसेंट के अलावा पैसा है।

श्री गौरव गोगोई: अध्यक्ष महोदय, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों के लिए उत्तर पूर्वांचल में जिस प्रकार की इंडस्ट्रीज या कंपनीज़ होनी चाहिए, वहां पर नहीं हैं। शायद इसीलिए भारत सरकार ने भी विभिन्न समय पर उत्तर पूर्वांचल के लिए अलग फंड रखा है और अलग-अलग मिनिस्ट्री भी रखी है। माननीय मंत्री जी से मेरा निवेदन है कि जिस प्रकार से भारत सरकार उत्तर पूर्वांचल के लिए एक अलग फंड तथा स्कीम लेती है, क्या वह एक गाइडलाइन कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी के तहत कॉरपोरेट्स को देंगे? उनको अपने सी.एस.आर. फंड से कुछ न कुछ नॉर्थ-ईस्ट में जरूर करना चाहिए।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर: माननीय अध्यक्ष जी, यह केवल नॉर्थ-ईस्ट के लिए, बल्कि बाकी पहाड़ी राज्यों की समस्या है और ऐसे अन्य राज्यों की भी समस्या है, जहां पर इंडस्ट्री नहीं है और उनको सी.एस.आर. फंड कम मिल पाता है और वहां कम खर्च होता है। जो एस्प्रिशन्ल डिस्ट्रिक्ट्रस हैं, वहां पर भी ज्यादा पैसा खर्च हो, ऐसी भी प्राथमिकता दी जाती है। इसके अलावा, अभी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी फंड को लेकर हमारे कॉरपोरेट अफेयर्स मंत्रालय ने अवार्ड्स किए थे । हमने उन संस्थाओं को भी सम्मानित किया है, जिन्होंने नॉर्थ-ईस्ट के क्षेत्र में जाकर पैसा खर्च किया है, चाहे उनके प्रोजेक्ट्स वहां पर थे या नहीं थे। उनको भी विशेष तौर पर सम्मानित किया गया है। आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि एक पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज ने बहुत बड़ी तादाद में पैसा खर्च किया

है, वहीं पर जो प्राइवेट कंपनीज हैं, उन्होंने भी आगे बढ़कर नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों में अच्छा काम किया है। असम में भी और बाकी नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में भी पैसा खर्च हो, भविष्य में ऐसा भी प्रावधान हो। ऐसा सरकार की तरफ से तय नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह बी.ओ.टी. ड्रिवन पॉलिसी है और कंपनीज को पैसा खर्च करना है। हमारा प्रयास रहेगा कि हम ऐसे लोगों को सम्मानित करें, जिन्होंने उत्तर पूर्वी राज्यों में भी जाकर पैसा खर्च किया और एग्जाम्पल सेट किया। भविष्य में और कंपनीज में वहां पर जाएंगी। ऐसा मेरा मानना है।

(Q. 288)

श्री भागीरथ चौधरी: अध्यक्ष महोदय, प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने एक बहुत ही ऐतिहासिक और विशेष तौर से गरीबों तथा वंचितों के लिए प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना लागू की थी।

महोदय, माननीय मंत्री महोदय तथा सरकार से इतना ही निवेदन है कि प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 18 से 50 वर्ष की आयु है और प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 19 से 70 है। मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से पूछना चाहूंगा कि क्या वे प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में भी 18 से 70 साल आयु करने का विचार रखे हैं? विशेष तौर से 50 साल के बाद ही ज्यादा आवश्यकता पड़ती है। ऐसा मेरा निवेदन है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : माननीय अध्यक्ष जी, भारत भर में एक ऐसी योजना की शुरुआत हुई, हम कह सकते हैं कि जिसमें गरीब से गरीब व्यक्ति को भी इंश्योरेंस के दायरे में लाया गया, यूनिवर्सल सोशल सिक्योरिटी सिस्टम में लाया गया। यह सोच किसी की थी, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की थी। यही कारण है कि मात्र 12 रुपये में 2 लाख रुपये का बीमा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत और 330 रुपये में प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत किया गया। अगर आप कुल आंकड़ा देखें, तो प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 5 करोड़ 91 लाख लोगों को यह सुविधा मिली है, 1,35,212 लोगों के क्लेम्स मिले हैं और 2,704 करोड़ रुपये इनको दिए गए हैं। इनमें 1 करोड़ 55 लाख महिलाएं हैं, जिनको प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। अगर सुरक्षा बीमा योजना की बात करें, तो 15 करोड़ 47 लाख लोगों का बीमा हुआ, 32,176 लोगों को क्लेम्स मिले और 643 करोड़ रुपये का आबंटन या डिसबर्समेंट किया गया। इसमें भी लगभग 5 करोड़ 11 लाख महिलाएं थीं।

जहां तक इनके प्रश्न की बात आती है कि क्या उसको 50 साल की उम्र से ज्यादा किया जाएगा, तो मैं बताना चाहूंगा कि एक कमेटी का गठन माननीय वित्त मंत्री जी ने किया है, जो इसके अलग-अलग पहलुओं पर विचार कर रही है। जब कमेटी उस पर विचार करेगी, जब उसका निर्णय आएगा, तो उससे आपको अवगत करा दिया जाएगा।

श्री भागीरथ चौधरी: अध्यक्ष महोदय, मेरा दूसरा प्रश्न है कि सरकार उक्त दोनों योजनाओं में क्या मेडिक्लेम बीमा को शामिल करने का विचार रखती है? 31 मई को जो प्रीमियम कटौती होती है, अगर उसके लिए 15 दिन पहले सूचना हो जाए, तो उनको जानकारी हो जाएगी। मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय से आग्रह है।

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : माननीय अध्यक्ष जी, जब एक बार आप इसके नेट में आते हैं, तो आप अपने बैंक या पोस्ट आफिस को कह देते हैं कि आपको स्कीम से जुड़े रहना है, तो अगले वर्ष वह अपने आप ही ऑटो डेबिट कर देती है। अगर कोई नहीं भी करवा पाता है या वापस उसको उस स्कीम में जुड़ना है, तो उतना पैसा हर क्वार्टर के हिसाब से रखा गया है। दूसरे क्वार्टर में जुड़ेगा, तो कितना देना पड़ेगा, तीसरे क्वार्टर में जुड़ेगा तो कितना देना पड़ेगा और आखिरी क्वार्टर में आएगा, तो उसके लिए पैसा सुनिश्चित करके रखा है कि कितना पैसा उसको देना है। यह सारा कुछ योजना में लिखा हुआ है। बैंक अपने आप ही इसमें ऑटो डेबिट कर देते हैं, जब आप इस योजना से जुड़े हुए हैं।

(Q. 289)

श्री चन्देश्वर प्रसाद: अध्यक्ष महोदय, 2014-15 में कच्चे इस्पात का उत्पादन 89 मिलियन टन था, जो वर्ष 2018-19 में बढ़कर 111 मिलियन टन हो गया। यह बहुत ही खुशी की बात है। मैं एक बात जानना चाहता हूं कि हमारे देश की स्टील उत्पादन करने वाली जो कंपनियां हैं, क्या वे आयातित स्टील वाली क्वालिटी और किस्म का उत्पादन करेंगी, जिससे कि आयात करना बंद किया जा सके?

man does not require any arms. We do not require any arms. If the Government is giving us security, it is all right. If not, that is all right. Why is a weapon required?

There are rifle clubs where shooters get their training. What are the guidelines and the criteria as far as rifle clubs are concerned? There are arms dealers who will be dealing with arms and ammunition. What are the criteria for them? How are they checked? Are there any rules or guidelines about how it can be done? These are some of my points and clarifications. If the hon. Minister responds, I will be very happy.

This part of the Act, which I am now going to mention, has to be applied more strictly. There are people who indulge in illegal arms trading. Some people keep four or five persons as private security just for status. Sometimes, very few politicians, who have not been given the security, have three or four persons dressed like black cat commandoes. This should be stopped. Even the bouncers carry weapons with them. Actors, singers etc. have six to eight armed bouncers with them. The Government should make a comprehensive law in this regard. I am thankful to the hon. Minister who has very patiently heard me. Thank you.

SHRI KURUVA GORANTLA MADHAV (HINDUPUR): Hon. Chairperson, Madam, thank you for giving me this opportunity to speak on the Arms (Amendment) Bill 2019. The legislation dealing with the acquisition, possession, use, manufacture, transfer, sale, transport, export and import of arms and ammunition is contemplated in the Arms Act of 1959. The Act also provides for penalties for contravention of provisions given in the Act. From a perusal of the various provisions of the Act, it is evident that the Act needs updation with time and developments in the arms scenario in India. Madam, with the passage of time, the menace of illegal weapons is on the rise. These weapons have created a spike in organized crime in many parts of the country.

The advancement in technologies has made matters more gruesome as firepower of illegal firearms can now be made at par with legal ones. The sophistication of weapons is also such that it becomes more difficult to identify illegal weapons. Law enforcement agencies, thus, have a tough time in identifying and establishing the illegality of weapons.

Due to rise of fire power, illegal weapons will cause much more harm than before and will be a serious cause for concern in our internal security considerations. Illegal weapons are not only manufactured and traded within India but also outside the country. Transport and smuggling of such illegal weapons is a vital link in creating a spike in the supply of such weapons. Such trade occurs across the entire border of India which is an offshoot of the global nexus of illegal

weapons trade. As the geopolitical scenario further deteriorates in our neighbourhood and across the globe, it becomes pertinent to nip this supply chain through stronger legislation that can curb the demand to begin with.

In this context, an amendment to the Arms Act, 1959 becomes important for the internal security of the country, for the security of our citizens, and in our fight against the global nexus as well. Stricter and more commensurate punishments are needed to act as an effective deterrent against illegal weapons.

The Bill enhances the period of arms licences from three years to five years and also provides to issue arms licences in electronic form. The enhancement of the period is in the spirit of convenience to legitimate users of arms by reducing the frequency of interaction with the bureaucracy. The electronic form licence issuance will also help curb red-tapism.

There are some suggestions from my side. I would like to suggest to the hon. Minister, through you, to incorporate the following suggestions. Whoever threatens any person at the point of arms to commit any other offence shall be punished with imprisonment either a term of description which may extend to two years or with a fine up to Rs. 20,000 or both. Secondly, every offence under this Act shall be cognisable and non-cognisable within the meaning of the Code of Criminal Procedure 1973 (2 of 1974). The third suggestion is the deletion of

section 39. The existing section 39 may be deleted as it calls for unnecessary delay and technical problems.

Before concluding, I would like to remind this hon. House that before become a Member of this august House, I was in the Andhra Pradesh State Police Department and I fully understand the intent of the Government in bringing this Bill. I would like to congratulate the hon. Home Minister Shri Amit Shahji for bringing this Bill, given the internal security situation in India and the rise in gun usage.

Thank you.

PROF. ACHYUTANANDA SAMANTA (KANDHAMAL): Madam, thank you for allowing me to speak on the Arms (Amendment) Bill, 2019. I support the Bill.

Currently, in India there are approximately 4 million arms licences. It is being observed that possession of illegal firearms, that are used to commit crime, has increased and, therefore, the Arms Act, 1959 is being amended to regulate the acquisition, possession, sale, use, manufacture, transport, export and import of arms. This will ensure reduction in violence and will remove the use of illegal weapons in the society.

Still, there is an issue of firearms that have been in the family for generations. Most of these weapons are old, making them obsolete. The inherited weapons are treasured items for such families and they are not for any use. Recently, the Government has amended the Arms rules to allow private manufacturers to produce firearms. Now, the Government wants to restrict the ownership to one weapon. In such a case, the market of firearms will get affected since the citizens will be allowed the ownership of only one weapon. According to the National Crime Records Bureau, licenced firearms hardly contribute to the growing crime in the country.

The Government *via* the Arms (Amendment) Bill, 2019 seeks to introduce an amendment to the Arms Act, 1959. The proposed law will not only decrease the number of licenced firearms that a person can keep in possession but also will

increase the penalty for certain offences under the Act. I am of the view that a person can obtain firearm licence for only one weapon instead of three. In cases where a person has more than one firearm, after the commencement of the proposed Act, he has to deposit the remaining firearms within one year. Failure to do so will lead to cancellation of the licence within 90 days from the date of expiry of one year.

The validity of the licence has been increased from three years to five years. The Act bans the manufacturing, sale, use, testing, transfer, and conversion of firearms without a licence. The punishment for manufacturing, sale, transfer, conversion, repair, testing of firearms without a licence is imprisonment for a minimum term of seven years, which may extend to life imprisonment. The previous prescribed punishment was imprisonment for a minimum term of three years, which may extend to seven years. Punishment for acquiring or possessing a prohibited arms or ammunition is imprisonment for a minimum term of seven years, which may extend to fourteen years. Previous prescribed punishment was imprisonment for a minimum term of five years which may extend to seven years.

The proposed Bill has inserted a new clause with respect to organised crime syndicate. The possession, manufacture, sale, and transport of firearms by a member of syndicate will lead to imprisonment between ten years and life, along with a fine.

Lastly, the introduction of this proposed Bill shows a positive intent on the part of the Government to reduce the use of illegal firearms which leads to violence. I am very much happy that the shooters, who are the pride for the entire country, are allowed to keep three main arms, like rifles, shotguns and handguns. It is a good thing for the shooters who are bringing laurels to the country. Hence, on behalf of the BJD, I support this Bill. Thank you.

15.00 hrs

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): मैडम, मैं आयुध (संशोधन) विधेयक 2019 पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए खड़ा हूं। अगर आप स्टेटमेंट ऑफ ऑब्जेक्ट्स और रीजन्स देखेंगे, तो लगता है कि यह सही है। हालांकि आज भी कानून राज्य के तहत आता है। The law and order come under the State Government. लाइसेंस कौन इश्यू करता था, यह राज्य के होम मिनिस्ट्री से इश्यू होता था। हम केन्द्र की तरफ से यह कानून ला रहे हैं, तो क्या हम राज्य के अधिकारों को छीन रहे हैं, इस पर भी विचार होने की आवश्यकता है।

15.01 hrs (Shri A. Raja *in the Chair*)

जब हम कहते हैं कि आज कल साफिस्टिकेटेड, इलीगल आर्म्स आ गए हैं। Now-a-days, you are getting the sophisticated arms. इलीगल आर्म्स, ट्रैफिकिंग इन सभी मुद्दों पर सही है, इसके प्रावधानों के ऊपर कोई बहस नहीं है, लेकिन एक बात ध्यान में रखनी है कि जब हम लाइसेंस देते हैं, तो Very stringent rules are applied. उसको अप्लाई करके लाइसेंस दिया जाता है। आपसे मेरा पहला प्रश्न है कि जितने भी आज लाइसेंसधारक देश में हैं, क्या उनकी वजह से कभी खून-खराबा हुआ। मुझे बताइए कि एक भी लाइसेंसधारक ने इसका गलत इस्तेमाल किया। रेयरेस्ट एंड रेयरेस्ट उदाहरण होगा कि किसी ने आत्महत्या की होगी, लेकिन किसी को नहीं मारा है। एक स्पोर्ट्स पर्सन होते हैं। Gun loving people are there. They possess the licence. There are sportsmen who possess the licence. There are people who possess the licences due to security reasons. आप इस तीन कैटेगरी में देखेंगे कि जितने लोगों ने भी लाइसेंस लिए हैं, आप मुझे बताइए कि किसी ने उसका गलत इस्तेमाल किया है। मेरे पास महाराष्ट्र राइफल एसोसिएशन का पत्र है। उन्होंने उस पत्र में खुले आम लिखा है कि lovers of sports – shooting

and are passionate about shooting paper targets. वे फायर रेंज में पेपर टारगेट पर शूटिंग करते हैं। It further says that a large number of our members enjoy more than three guns according to their levels and achievements as defined in Exemption Notification. किसी के पास तीन-तीन गन है और स्पोर्टस में तो पांच-पांच गनों का प्रावधान है। Then it says that they strongly suggest that instead of reducing the number of weapons from three to one, it should be increased to five as there are mainly five categories of fire arms. These are – pistol/semi-auto hand gun, revolver hand gun, small bore .22 rifle, centre fire/big bore rifle and shot gun. ये स्पोर्टस एक्टिविटीज में भी इस्तेमाल किया जाता है। अगर हम स्पोर्टस एक्विटीज करने वाले लोगों को प्रोत्साहन नहीं देंगे, हमें उनका स्टेटमेंट बहुत अच्छा लगा।...(व्यवधान)

श्री जी. किशन रेड्डी: स्पोर्टस मेन के लिए, राइफल क्लब हो या राइफल एसोसिएशन हो, जिनका जिक्र आदरणीय सांसद जी कर रहे थे, इसके लिए कोई चेंज नहीं किया गया है, वैसे ही रूल्स हैं। स्पोर्ट्स मेन जो प्रैक्टिस करना चाहते हैं, वे प्रैक्टिस कर सकते हैं, इस बिल के माध्यम से उनको रोकने या कंट्रोल करने के लिए कोई नया नियम नहीं लाया गया है। स्पोर्ट्समैन के लिए रूल्स वैसे ही हैं। आर्मी के पास भी दो वेपन्स होते हैं, उनके पास एक खुद का वेपन होता है। आर्मी के लिए भी रूल चेंज नहीं किया गया है। तीसरा, लाइसेंस इश्यू अथॉरिटी केन्द्र सरकार ने नहीं लिया है, वह डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के पास ही होते हैं। पहले से जो नियम है, वह वैसा ही है। हम नया ऐक्ट नहीं लाए हैं, वर्ष 1958 का ऐक्ट है, वैसा ही है, यह सिर्फ अमेंडमेंट है।

श्री अरविंद सावंत: मैं स्वागत करता हूं कि आपने तुरंत उत्तर भी दे दिया। I was expecting your answer when you will be going to give the reply to the debate. इसके बारे में हमारे माननीय मुख्य मंत्री, उद्धव ठाकरे जी ने पत्र लिखा है। हमारे देश की संस्कृति, परंपरा, राजघराने,

जिनके पास बहुत सारे वेपन्स हैं, कहीं उनका गलत इस्तेमाल न हो ।...(व्यवधान) उन्होंने भी पत्र लिखा होगा । मेरे माननीय मुख्य मंत्री, उद्धव ठाकरे जी ने इसके बारे में आपको पत्र लिखा है । उन्होंने आपसे यही अपेक्षा की है, स्पोर्ट्स के बारे में अपेक्षा की है, रिट्रास्पेक्टिव न लगाया जाय । यह राज्य का अधिकार है । आपने उसका जवाब दे दिया है, वह और अच्छा हो गया है । सबसे बड़ी बात यह है कि सत्यपाल जी, जो मुंबई के कमिशनर रहे हैं । जो अवैध हथियार इस्तेमाल करने वाले लोग हैं या जो आतंकवादी हैं, उनके लिए यह कानून बहुत अच्छा है, स्वागत करने लायक है, लेकिन हम वहीं पाबंदी लगाने में कमजोर हो रहे हैं । उनके पास हथियार कहां से आते हैं । नक्सलियों के पास कहां से हथियार आते हैं, अंडरवर्ल्ड के पास कहां से हथियार आते हैं? उन हथियारों के बारे में हम क्या करने वाले हैं, वह ज्यादा महत्वपूर्ण है ।

The law-abiding people should not have any fear in their mind. On the contrary, this Rifle Association came forward and itself said this. We are here to serve the nation. We are having licence. We are having the practice of shooting also. As and when the situation demands, why the Government does not allow us to take part the protection of the country? That also can be thought of. वह भी उन्होंने कहा है । एक बात यह है कि इसमें रेट्रोस्पेक्टिव लगा रहे हैं, मैं कह रहा हूँ कि यह भी गलत होगा, क्योंकि जो पुराने वेपंस हैं, जो शौकीन लोग हैं, जिन्होंने वर्ष 1985, 1995 या 2000 में लिया होगा, लेकिन आज की डेट में नये और सॉफिस्टिकेटेड वेपंस आते हैं । आप कहेंगे कि पुराने वेपंस सरेंडर कर दो । इससे अच्छा है, वे लॉ-एबाइडिंग मेन हैं, why should we have fear about them? Why should we not have faith in them? जो लॉ-एबाइडिंग पर्सन्स हैं, उनको देने में क्या है? अगर वे वेपंस रिपेयर के लिए दिए जाते हैं, तो वे कितने साल में रिपेयर होकर आते हैं, यह देखिए । इस बीच में वह खुद का भी प्रोटेक्शन नहीं कर पाएगा । लेकिन, मैं समझता हूँ कि जो वैसे शौकीन लोग हैं,

शादियों में चलाने वाले, नार्थ इंडिया में तो देखते हैं कि सब गन लेकर घूमते रहते हैं। जैसा कि हमारे मित्र ने कहा, वे सब लोग वेपंस लेकर घूमते हैं। It should be prevented. Nothing wrong in that. यह सब जो फैशन बन गया है, वह गलत है। लेकिन जो लाइसेंस होल्डर्स हैं, there are law-abiding people and we should have no fear of them.

मैं एक सजेशन भी देता हूँ। इतनी जल्दबाजी क्या है? हम इसे क्यों नहीं जॉइंट सिलेक्शन या स्टैंडिंग कमेटी के पास लेकर नहीं जाते हैं? इस पर थोड़ी और बहस होगी। कुछ बातें और डिटेल में मालूम होगी। डॉ. सत्यपाल साहब ने तो डिटेल्स दी थी कि 10 करोड़ वेपंस हैं। लाइसेंस लेकर भी वेपंस लेने वाले भी लोग हैं। यह भी बड़ी अच्छी बात है कि लाइसेंस ले लिया है, लेकिन वेपन नहीं खरीदा है।

सर, यह अमेरिका नहीं है। This is not USA. जहाँ खुलेआम बेचा जाता है, खुलेआम शूटिंग होती है। यह हमारे देश में नहीं होता है। यहाँ पर लोग कानून को मानते हैं। इसलिए इस तरह का कानून लाकर, लोगों में जो थोड़ी घबराहट पैदा करने वाली बात होती है, उसको दूर करके यदि इसे जॉइंट सिलेक्शन कमेटी के पास भेजा जाएगा, तो ज्यादा अच्छी बहस होगी और ज्यादा अच्छा कानून आएगा।

जैसा कि अभी आपने बताया कि यह लॉ स्पोर्ट्स पर्सन्स के लिए नहीं है। यह कानून में तो मौजूद नहीं है, उसमें नहीं लिखा है। That has to be provided.

इसलिए मैं आपसे प्रार्थना करता हूँ कि हो सके तो इसे जॉइंट सिलेक्शन कमेटी के पास भेजें और इस बिल को जॉइंट सिलेक्शन कमेटी से रिक्मेंड करवाकर लाएँ, फिर इंट्रोड्यूस करें और इसे पास करवाएँ।

श्री महाबली सिंह (काराकाट): माननीय सभापति महोदय, आयुध (संशोधन) विधेयक, 2019 सदन में लाया गया है, मैं इसके पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ।

वर्ष 1959 में जो अधिनियम बना था, उसमें भी अस्त्र-शस्त्र की तस्करी पर और इसे अवैध रूप से रखने वालों के विरुद्ध कानून बना था। कानून बनने के बाद अवैध हथियारों पर रोक नहीं लग सकी, बल्कि दिन-प्रतिदिन अवैध हथियारों की तस्करी होती रही। चीन के द्वारा और पाकिस्तान के द्वारा हथियारों की तस्करी होती रह गई। यहाँ तक कि मीडिया के माध्यम से हम लोगों ने देखा कि हमारे देश में जो ऑर्डनेंस फैक्ट्रियाँ हैं, वहाँ से हथियार चोरी करके तस्करी के माध्यम से आपूर्ति होती रही है।

जहाँ तक हमारी सोच है कि देश में सभी राज्यों में छोटी-मोटी अस्त्र-शस्त्र की अवैध फैक्ट्रियाँ खुली हुई हैं। डिस्ट्रिक्ट लेवल पर देखेंगे, तो अस्त्र-शस्त्र की छोटी-मोटी फैक्ट्रियाँ अवश्य मिल जाएंगी।

कानून काम करता है। केवल कानून बनाने से नहीं होगा, बल्कि कानून को इतनी बारीकी से लागू करना होगा कि लोगों में कानून का डर पैदा हो। कोई भी हथियार बनाने वाला, जो तस्कर है या कारखाना चलाने वाला है, वह हथियार बनाता है, पकड़ा जाता है, जेल जाता है और उसे तीन महीने या छ: महीने के बाद जमानत मिल जाती है। वह वापस आकर फिर से हथियार बनाना शुरू कर देता है। हर डिस्ट्रिक्ट की पुलिस को मालूम है, लेकिन उस पर रोक नहीं लगती है, क्योंकि वह जानता है कि अगर हम पकड़े भी जाएंगे तो साल या छ: महीने के बाद जमानत हो जाएगी, उसके बाद फिर वह उसी काम को करना शुरू कर देता है। इसलिए इस तरह का जो बिल लाया गया है, इसमें कड़े से कड़ा कानून होना चाहिए, जिससे जो अवैध करोबार करने वाले हों, तस्कर हों, चाहे छोटे-मोटे हथियार बनाने वाले हों, उनके अंदर डर पैदा हो। हम यह बात इसलिए कह रहे हैं कि हमको हर डिस्ट्रिक्ट और हर राज्य के विषय में अनुभव है, जानकारी है। इस पर कड़ा कानून बनना चाहिए। हमने देखा है कि

हमारे बिहार या देश के अंदर ए.के. 47 राइफल तस्करी के माध्यम से बहुत बड़े पैमाने पर आई हैं कि कहीं भी छापा पड़ता है तो ए.के. 47 राइफल मिलती है।

हमारे गृह राज्य मंत्री जी बैठे हैं, आप इस पर कड़ा कानून बनाइए। पहले 3 साल की सजा थी, उसको 6 साल कर दिया, जो 7 साल की सजा थी, उसको 14 साल कर दिया था, इससे इस पर रोक लगने वाली नहीं है। इस पर कड़ा प्रावधान लाइए। जो अवैध तस्कर हो, अवैध हथियार रखने वाला हो, अगर वह पकड़ा जाता है और वह हथियार सहित पकड़ा जाता है, तो ऐसा कानून हो कि 6 महीने या साल भर में उस मामले का निपटारा होना चाहिए, ट्रायल चलाकर उस पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए। यह मामला पेचीदा होकर 10, 12 या 18 साल तक चलता रहता है। इससे कानून का किसी को भी भय नहीं है। कानून का भय उसी शर्त पर होगा, जब उस तस्कर या हथियार रखने वाला आदमी पर दो साल के अंदर ही ट्रायल शुरू करवाकर उसको सजा दी जाए, तब जाकर अवैध हथियारों पर प्रतिबंध लगेगा, लेकिन अभी वह डरने वाला नहीं है। हम लोगों ने इस बिल में देखा है कि पहले एक व्यक्ति को तीन अनुज्ञप्ति रखने का प्रावधान था और अब जो बिल है, उसमें आप लाए हैं …(व्यवधान) महोदय, अभी हमारा समय बाकी है। जनता दल (यूनाइटेड) का समय बाकी है, लेकिन अभी तो 5 मिनट भी नहीं हुए हैं। पहले जो तीन हथियार रखने की अनुज्ञप्ति थी, उसमें आपने दो कर दिए हैं। यह बहुत खुशी की बात है कि आपने दो रखने की बात की है। मैं इसलिए यह बात कह रहा था, क्योंकि अगर किसी के पास एक हथियार रहता है तो कोई उग्रवादी, आतंकवादी या नक्सलवादी उस पर अटैक करता है तो फिर कोई कुछ कर नहीं पाता है। झारखण्ड और बिहार नक्सलवादी क्षेत्र है। आपने बहुत अच्छा किया कि दो हथियार रखने का प्रावधान कर दिया है, इसके लिए आपको बधाई देता हूं। मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री श्याम सिंह यादव (जौनपुर): महोदय, धन्यवाद। मैं एक कपलेट से अपनी बात शुरू करता हूं। इसे मैंने कहीं से नकल नहीं किया है और न ही उधार लिया है। अच्छा तो यह होता कि माननीय गृह मंत्री जी मौजूद होते, यह उनके लिए था। जो उनसे छोटे मंत्री हैं, मैं उनसे अनुरोध करूंगा कि इसे उनको नजर कर दें। यह मेरा खुद का बनाया हुआ है।

"मत दो आदमी को इतनी सजा हे हुकाम,
हम तो पहले ही तेरी शिलाओं की मार झेले हैं,
एक उधारी है, अपनी हर फतह पर इतना गुरूर न कर,
मिट्टी से पूछ आज सिकंदर कहां है।"

सभापति जी, मुझे इस बात की खुशी है कि मैं आज न केवल अपने जनपद जौनपुर के मसाईल के बारे में बात कर रहा हूं बल्कि पूरे देश के पीड़ित और इस अमेंडमेंट से सदमाग्रस्त लोग हैं, उनके बिहाफ पर भी मुझे बात करने का मौका मिल रहा है।

At the outset, I would like to say that this amendment of reducing the number of weapons from three to one, now I have been told by the hon. Minister that it has been reduced to two, is not well-thought of; it is statistically incorrect, ill-conceived, immature, unwarranted, non-sensible, not reasonable, irrational, regressive, inappropriate, hurried and harried, and on the verge of arrogancy.

मैं कहना चाहता हूं कि जैसे औरतें अपने गहने की तारीफ अपनी सहेलियों-सखियों में करती हैं, उसी तरह से आर्म्स आदमियों के आभूषण की तरह हैं। जब हम आदमियों में बात करते हैं तो हम कहते हैं कि हमारे पास पेराजी है, हमारे पास ब्लेजर है, हमारे पास गलैक्स है, हमारे पास तरह-तरह की पिस्टल्स हैं तो हमारी बांछे खिल जाती हैं। मेरा कहने का मतलब है कि आपने तीन से दो तो कर दिया है, लेकिन आपके पास तो थाने में रखने की जगह भी नहीं है। अभी जो जब्त किए गए वैपन्स हैं,

वे बुरी तरह से सड़ गए हैं। अभी अगर किसी का वैपन जमा हो जाता है तो वह अपनी किस्मत को ठोकता है, क्योंकि उसका वैपन सड़ जाता है और खराब हो जाता है। तीन से दो आपने किया है, लेकिन एक आंकड़े के अनुसार कम से कम 90 हजार करोड़ रुपये का नुकसान आप आम आदमियों का कर रहे हैं। आपके पास थाने में रखने की जगह नहीं है। वे मैंटेन नहीं हो पाएंगे और सड़ जाएंगे। इससे जीडीपी को भी बहुत नुकसान होगा। मैं दूसरी बात कहना चाहता हूं कि यह जो आंकड़े हैं। आपने इन आंकड़ों को देखा होगा, मेरे से पूर्व के वक्ताओं ने भी तरह-तरह की बातें की हैं, लेकिन मैं अपनी बात सूक्ष्म में इसी पर कंसंट्रेट करता हूं। एनसीआरबी का एक आंकड़ा है which gives State-wise details of victims murdered by use of firearms. The shocking revelation is that only 8.5 per cent of the total murders with firearms were committed with licensed weapons, and 91.5 per cent of it were committed with unlicensed, illegal weapons.

मेरा आपसे कहना है कि आप वैपन की संख्या कम करने की बजाय लॉ एंड ऑर्डर को दुरुस्त कीजिए। हम सभी लोग जानते हैं कि आपका लॉ एंड ऑर्डर देश में और खास तौर से उत्तर प्रदेश में कैसा है? औरत तो दूर की बात है आदमी भी सुरक्षित नहीं है कि वह अपने घर पहुंच जाएगा, सभी लोग चिंतित रहते हैं। मेरा आपसे यह अनुरोध है कि आप लॉ एंड ऑर्डर को ठीक कीजिए। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि डॉ. जी.वी. मावलंकर जी इसी सभा के पहले अध्यक्ष थे। वह हमारी नेशनल राइफल एसोसिएशन के प्रेज़िडेंट थे। जब देश आजाद हुआ तो इंटरनल बहुत डिस्टरबेंस था। उन्होंने जगह-जगह पर राइफल क्लब बनवाए, राइफल क्लब की बिल्डिंग बनवायी और लड़कों-लड़कियों और नौजवानों को आर्म्स की ट्रेनिंग देने का काम किया। मैं यह कहना चाहता हूं कि आप इसके बारे में कम्पलेसेंट मत होइए, कभी भी हालात बिगड़ सकते हैं और इंटरनल डिस्टरबेंस हो सकता है। हम लोग जो शूटर हैं, जो आर्म्स वाले हैं, जो असलेहधारी हैं, वही काम आएंगे देश में इंटरनल डिस्टरबेंस

को कंट्रोल करने के लिए और माननीय मंत्री जी जो इतनी सुरक्षा में चलते हैं, वह नहीं आएंगे। वह उस समय नहीं दिखेंगे। केवल लाइसेंसी ही देश की रक्षा के लिए काम आएगा। मैं अपने सत्ताधारी बीजेपी के भाइयों से जब भी बात करता हूं तो बहुत लोग कहते हैं कि सभी इसके विरोध में हैं, लेकिन आपके पास संख्या बल है और सत्ता में, शासन में हैं।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

श्री श्याम सिंह यादव: महोदय, मुझे दो मिनट और दीजिए क्योंकि मेरा हक इसलिए भी बनता है, आपको भी इससे प्रशंसा होगी कि भले ही मुझे ओलंपिक का सिल्वर मेडल नहीं मिला, लेकिन मैं ऐसा शूटर हूं, कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौर मेरे दोस्त हैं और सुन भी रहे होंगे कि पांच डिसिप्लिन हैं- एयर राइफल, 25 मीटर पिस्टल, 50 मीटर राइफल, शॉटगन और बीग बोर राइफल। ये पांच डिसीप्लीन्स हैं। मैं सबमें रिनाउन्ड शूटर हूं। There is no other shooter in India who is renowned in all these five disciplines. इसलिए मेरा बोलने का हक बनता है। मुझे तो आपने 20 मिनट दिए हैं। डॉ. सत्यपाल सिंह जी तथा बाकी अन्य लोगों को 10 मिनट दिए हैं, मुझे तो आधा घंटा देना चाहिए था। लेकिन मैं अपनी बात को जल्दी से जल्दी खत्म करने की कोशिश कर रहा हूं।

देखिए, तीन वेपन्स से दो वेपन्स करने का क्या लॉजिक है? मैं माननीय मंत्री जी को यह बताना चाहता हूं कि अगर मैं आपको, आपको नहीं, किसी को मारना चाहूंगा, तो मैं एक ही वेपन से मारूंगा। अगर पिस्टल मारने के लिए निकाली है, तब तक राइफल को ढूंढ़ने लगेंगे, तो मैं खुद ही चला जाऊंगा। उसके पास भले तीन वेपन्स हों, लेकिन वह उसका इस्तेमाल नहीं करता है। खुदा न खास्ता उसको ऐसी जरूरत न पड़े, लेकिन वह एक ही वेपन यूज करता है। इसमें तीन से दो करने की जरूरत नहीं है।

अंत में, मैं सभापति जी से यह कहना चाहूंगा कि मैं इसके विरोध में हूं। मैं एक बात और कहना चाहूंगा कि माननीय गृह मंत्री जी देश के आदमियों को इतनी पीड़ा न दीजिए, नहीं तो उनकी आह से आप अगली बार इस कुर्सी पर नहीं बैठ पाएंगे । आप अपने इस अमेंडमेंड को विद्ड्रा कीजिए या सेलेक्ट कमेटी में भेजिए। मैं इसी के साथ अपनी बात को समाप्त करता हूं।

SHRI KOTHA PRABHAKAR REDDY (MEDAK): Mr. Chairman, Sir, as the House is aware, crime incidents are increasing day-by-day in all parts of the country with the possession of legal and illegal arms. The Government must have a policy of issuing 'one person-one gun. But this policy may be relaxed in rare cases. Law abiding citizens should not be penalized for actions to stop criminal activities.

The Government may undertake thorough checking at Inter-State and Inter-district borders round the clock with the strengthening of police force and with the help and introduction of drones, CCTVs and GPS facilities. We must ensure law and order to protect the future lives of our children.

The Government can also use the latest Block Chain Technology to systematically track the arms from manufacturing to user end. मेरी किशन रेड्डी साहब से भी थोड़ी विनती है। अभी हमारे एक एमपी साहब ने बताया था कि इसको और भी मजबूत करना है। स्टैंडिंग कमेटी में बिल पर थोड़ा और समय दिया जाए। यह चुनाव का समय है, किसको ईश्यू करना है, किसके पास रखना है, आर्म्स के लिए बहुत लोगों को शंका है। इसको कलैक्टर ईश्यू करता है या एस.पी. ईश्यू करता है, उसके बारे में स्टैंडिंग कमेटी द्वारा सपोर्ट करने के लिए उनको एग्जामिन करने का समय देंगे, तो इसका अच्छा नतीजा भी आएगा। इसकी गहराई में जाने के बाद बिल को पास करेंगे, तो अच्छा रहेगा, ऐसी मेरी रिक्वेस्ट है। We support the Bill.

श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटिल (सतारा) : महोदय, मुझे आपने बोलने का अवसर प्रदान किया है, उसके लिए मैं आपका आभारी हूं। इस अगस्त हाउस में जो बात चल रही है, मैं उसको ध्यान से सुन रहा हूं। मैं इसीलिए यहां पर खड़ा हुआ हूं कि जो यह लाइसेंस देने की अथॉरिटी थी, वह कभी मेरे पास थी, क्योंकि मैं पुणे का डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट था। ऐसा होता है कि महिलाओं को लाइसेंस देना उचित नहीं समझा जाता है। जब महिलाएं लाइसेंस मांगती हैं, तो कभी उनको लाइसेंस नहीं दिया जाता है। लेकिन मैं जब कलैक्टर था, तो जितनी भी महिलाएं राइफल क्लब से ट्रेन्ड होकर आती थीं, उनको प्रायोरिटी से लाइसेंस देते थे। अगर यहां पर कोई ऐसा सुझाव दे और जूडो-कराटे खेलने वाली महिलाएं स्वरक्षण कर सकती हैं। इसके अलावा अगर कोई उन पर दूर से अटैक करना चाहता है, तो उनके पास पिस्तौल-रिवाल्वर है, तो वह महिला दूर से ही अपने ऊपर हुए अटैक का जवाब दे सकती है। इसीलिए, जितने भी राइफल क्लब हैं, उनको मॉनिटरी असिसटेंस देकर, फाइनेंशियल असेसटेंस देकर, अगर महिलाओं को ट्रेन्ड किया जाए, तो अच्छा रहेगा। While touring, when travelling in trains or when there are some functions, women should be given licence to carry and use such weapons so that they will feel secure and will not be afraid of any attacker.

दूसरी बात यह है कि नए-नए हथियार बन रहे हैं। अगर मैं पुराना हथियार बेचना चाहता हूँ तो उचित दाम मिलने के लिए फायर और आर्म्स वाले जो डीलर्स होते हैं, उनके पास डिपॉजिट किया। नया लिया तो जो पुराना आर्म है, वह अगर कोई खरीदना चाहता है तो वह दीजिए ताकि मेरे पास दो हथियार रहेंगे। एक नया रहेगा और दूसरा पुराना मेरे बाप-दादा का रहेगा। क्योंकि हमारे मुल्क में बाप-दादा के हथियार लोग रखते हैं। जब लोग आते हैं तो दिखाते हैं कि यह मेरे फादर का है, यह मेरे ग्रैंड फादर का है। हमारे जो दीवानखाने होते हैं, उनमें तलवारें लटकी रहती हैं, कुल्हाड़ी लटकी रहती है। इस तरह से शो के लिए भी जो है, उसमें भी बदलाव करने की आपने अभी जो तरमीम रखी है तो नहीं

करना है, तो जो भी चीजें हमारे पास हैं, वे चीजें रखने के लिए और दूसरी बात है कि रिटेनरशिप - अगर मैं घर में नहीं हूँ, और मेरे पास लाइसेंस है, मेरी पत्नी घर में अकेली रहने वाली है, क्योंकि मैं चार दिन घर में नहीं रहूंगा तो और रिटेनरशिप के लिए मेरी पत्नी को अगर आप सिखाएंगे, और रिटेनरशिप के लिए डीएम से उनको परमिशन देंगे तो वह भी हथियार यूज कर सकती है। अगर लड़का है उसको भी देना चाहिए। यह फॉर्म संरक्षण के लिए रहता है। अगर वैपन हैंडल करने की परमिशन एक ही आदमी को दी होती है और वह घर में नहीं है तो हथियार रहने से कोई फायदा नहीं होता है, चलाने की अगर आदत नहीं है तो इसमें एक प्रावधान के लिए कि The Retainer can be somebody who is a major and has got knowledge of handling the weapon because कभी-कभी क्या होता है कि घर में बाल-बच्चे होते हैं, लेकिन हथियार हमेशा तिजोरी में रहता है। मैंने देखा है कि मेरे एक दोस्त के घर में बड़ी चोरी हो गई। एक भाई के घर में रिवॉल्वर रखी थी और उसकी गोलियां दूसरे भाई के घर में रखी थी। उसका क्या उपयोग होगा? ऐसा कायदा बनाओ कि हमेशा उसका प्रोटैक्शन भी रहे, उसका गलत इस्तेमाल न हो। जो भी गलत चीजें बनाने वाले लोग हैं, उनको कड़ी से कड़ी सजा मिले। कट्टा आदि गलत हथियार बनाने वाले मैन्युफैक्चरर्स को बंद करना जरूरी है। यही मेरे सुझाव हैं। आपने मुझे अपनी बात रखने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूँ।

डॉ. एस. टी. हसन (मुरादाबाद): सर, इस आर्म्स एक्ट पर मैं मंत्री जी से मालूम करना चाहता हूँ, अभी तक तो हमें पता था कि एक आर्म अलाउड है, अब दो हैं, मैं पूछना चाहता हूँ कि क्या तीन आर्म्स रखने वाला कोई क्रिमिनल है? क्या ऑर्गनाइज्ड क्राइम्स में वह मुलविस है या वह इंडीविजुअल क्राइम कर रहा है? सर, ज्यादातर लाइसेंस कैरेक्टर को देख कर दिए जाते हैं। शरीफ लोगों को दिए जाते हैं। उनसे वे अपनी हिफाज़त करते हैं। मैं आपको आंकड़े देना चाहता हूँ कि 90 पर्सेंट अपराध चाहे वे ऑर्गनाइज्ड हों या इंडिवीजुअल हों, अवैध हथियारों से हो रहे हैं। सन् 1910 से ले कर सन् 1914 तक देश के अंदर फायर आर्म्स से 17,488 मर्डर्स हुए हैं। जिनमें से 91 मर्डर्स अवैध हथियारों से हुए हैं। बाकी मर्डर्स लाइसेंसी हथियारों से हुए हैं। उनमें ज्यादातर आत्मरक्षा के लिए किए गए हैं। मैं यह उचित सवाल पूछना चाहता हूँ कि इन लाइसेंसों को कम करने का क्या औचित्य है? क्या हिंदुस्तान में बहुत लाइसेंस है? मैं आपको बताना चाहूंगा कि अमरीका के अंदर 88 पर्सेंट लोगों के पास लाइसेंस हैं और मेरे देश के अंदर सिर्फ चार परर्सेंट लोगों के पास लाइसेंस हैं। यह भी समझ में नहीं आता है कि क्यों यह एक्ट लाया जा रहा है? इसलिए मैं आपसे इस बात को भी कहना चाहूंगा कि शूटर की समस्या आपने हल कर दी, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत शुक्रगुजार हूँ। मैं भी एक छोटा सा शूटर हूँ। मैं दो बोर में शूटिंग करता हूँ – बिग बोर में और शॉट गन में। मैं एक हथियार, अपनी सेफ्टी के लिए, रिवॉल्वर भी चाहता हूँ। क्योंकि मैं बड़ी बंदूर कहीं नहीं ले कर जा सकता हूँ।

मैं पॉलिटिक्स में हूँ तो कोई न कोई हथियार मेरे पास भी होना चाहिए। कम से कम तीन हथियार तो मुझे ही चाहिए। इसलिए जो हथियार खानदानी चले आ रहे हैं, जो एंटीक हो चुके हैं। लोगों को एंटीक चीजें रखने का शौक है। हम अपनी एंटीक कारें रखते हैं। हमारी रेसेस होती हैं, लोग पुरानी चीजें रखते हैं। बाप, दादा के हथियार, दादा-पड़दादा के हथियार अगर हम अपने पास रखे हुए हैं, तो क्या हम उनसे क्राइम कर रहे हैं? किसलिए उसको कट-शॉर्ट किया जा रहा है? मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से गुजारिश करूँगा कि हथियार ज्यादा से ज्यादा बांटिए। लाइसेंस ज्यादा से ज्यादा दीजिए

क्योंकि यह भी क्राइम का डेटेरेंट है। जिन गाँवों के अंदर हथियार होते हैं, उन गांवों के अंदर डकैत आने से बहुत डरते हैं। अगर चारों कोनों से गांव में फायरिंग होती है, हवाई फायरिंग होती है तो डकैत दूर से भाग जाते हैं। उन गाँवों में डकैतियां, क्राइम्स और लूटमार नहीं होती। इसलिए हमें हथियार बढ़ाने की जरूरत है। अवैध हथियारों पर जरूर अंकुश लगाइए। आज अवैध हथियार हर गाँव के अंदर हैं, इसलिए हैं, ताकि वे इन क्रिमिनल्स से बच सकें।

मेरा आपके माध्यम से कहना है कि लाइसेंस के नम्बर के ऊपर रोक नहीं होनी चाहिए। हाँ, अगर कोई क्रिमिनल है, क्राइम कर रहा है, आर्गेनाइज्ड क्राइम कर रहा है, यकीनी तौर पर हमारा तंत्र ऐसा है, खूफिया तंत्र ऐसा है कि वह पहचान लेता है, उसके लाइसेंस कैंसिल कर दिए। लेकिन बिना वजह उनके हथियारों को कर्ट-शॉर्ट करना, हमें इसका औचित्य समझ में नहीं आता। मैं इसलिए इस बिल का विरोध करता हूँ। बहुत-बहुत शुक्रिया।

कर्नल (सेवानिवृत) राज्यवर्धन राठौर (जयपुर ग्रामीण): महोदय, आपका धन्यवाद कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण बिल पर बोलने का अवसर दिया। सबसे पहले तो यह बात तय है कि समय-समय पर अपने कानूनों पर चर्चा होनी चाहिए, चिंतन होना चाहिए। समय को ध्यान रखते हुए उसमें तब्दीली भी आनी चाहिए। यहां पर सदन में भी बहुत से लोग हैं, जिनके पास लाइसेंस हैं, हथियार हैं। बहुत से लोग देश में हैं, जिनके पास आर्म्ड लाइसेंस हैं। हम सभी को और पूरे देश को भी अगर चिंता है, तो बिना लाइसेंस के हथियारों की चिंता है। अनलाइसेंस वैपन्स, इल्लीगल वैपन्स हमें चिंता उसकी है और नि:संदेह मैं सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि इल्लीगल वैपन्स के ऊपर रोक लगाने के लिए सज़ा में बढ़ोतरी की गई है। मुझे ताज्जुब होता है कि अभी तक जो आंकड़े हैं, उसमें जो मर्डर्स हुए हैं, 90 प्रतिशत मर्डर्स इल्लीगल वैपन्स से हुए हैं। नि:सन्देह इन इल्लीगल वैपन्स के ऊपर अंकुश लगाने की जरूरत है। ताज्जुब इस बात का भी है कि जो हथियार बनाने वाला है और जो हथियार इस्तेमाल करने वाला है, मैं इल्लीगल वैपन्स की बात कर रहा हूँ, उनकी सज़ा अभी तक बराबर की थी। मुझे खुशी है और मैं गृह मंत्री साहब को भी और मंत्रालय को बधाई देता हूँ कि जो इल्लीगल हथियार बना रहे हैं, उनकी सज़ा बढ़ा दी गई है। यह बहुत ही फेवरेबल और पॉजीटिव स्टेप है। मेरी गृह मंत्री साहब से और उनके मंत्रालय से सदन के बाहर भी बातचीत हुई, जब यह आर्म्ड एक्ट आने की बात हुई, अखबारों में चर्चा हुई, अलग-अलग तरह की बातें हुईं। गृह मंत्री साहब के साथ बैठ कर, उनके मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठ कर खिलाड़ियों के लिए और आम नागरिक के लिए उन्होंने सहमति जताई। जिस तरह का समर्थन सरकार से मिलना चाहिए, उसके लिए भी हम उनको धन्यवाद देते हैं। पहले एक लाइसेंस पर एक हथियार की बात हो रही थी। मैं गृह मंत्री साहब को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने अब दो हथियार एक लाइसेंस पर कर दिए हैं। मैं इसके लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ कि शुरू में खिलाड़ियों के लिए कुछ कमी लाई जा रही थी, वह कमी अब पूरी तरह से दूर कर दी गई है।

शूटिंग खेल के खिलाड़ियों के लिए पूरी तरह से जो एग्जम्शन्स पहले चल रहे थे, वहीं एग्जम्शन्स आज भी लागू होते हैं। मैं उसके लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूँ।

महोदय, देश के अन्दर तकरीबन 32,000 लाइसेंसेज ऐसे हैं, जिनके ऊपर तीन हथियार हैं, तकरीबन दो लाख लाइसेंसेज ऐसे हैं, जिनके ऊपर दो हथियार हैं और तकरीबन 30 लाख लाइसेंसेज ऐसे हैं, जिनके ऊपर एक हथियार है। मैं इसकी तुलना इससे करता हूं कि अलग-अलग देशों के अन्दर अलग-अलग कानून हैं। कहीं पर लिखा है - 'shall issue' और कहीं पर लिखा है - 'may issue'. हमारे देश के अन्दर जो रूल है, वह है - 'may issue', यानी पुलिस तय करती है कि कौन अच्छा नागरिक है और उस नागरिक को वह लाइसेंस देती है। इसका मतलब कि एक पूरी चयन प्रक्रिया होती है, जहां पर यह सेलेक्ट किया जाता है कि किसे लाइसेंस दिया जाए और एक अच्छे नागरिक को लाइसेंस दिया जाता है।

महोदय, मैं इसकी तुलना वैक्सीन के साथ करता हूं। जब कभी कोई बीमार पड़ता है या बचपन में जो वैक्सीनेशन होता है, उसमें उसी बीमारी के लाइव वायरस दिए जाते हैं, ताकि वे लाइव वायरस, अगर मैं यह कह सकूं तो ये उन इल्लीगल वायरस के साथ मुकाबला कर सकें। देश के अन्दर जो लाइसेंस्ड बंदूकधारी हैं, वे एक अच्छे नागरिक के रूप में जो असामाजिक तत्व हैं, उनसे लड़ने का काम करते हैं। सोच में थोड़ा बदलाव लाना पड़ेगा। जितने भी लीगल वेपन होल्डर्स हैं, उन्हें गृह मंत्रालय और पुलिस विभाग अपने साथ रखकर काम कर सकता है। अमेरिका में अलग-अलग तरीके हैं, उनके शेरिफ डिपार्टमेंट्स हैं। जब पुलिस कहीं पर नहीं पहुंच सकती तो licence holders can be the first to react. हालांकि, उसके अन्दर भी तालमेल जरूरी है।

महोदय, भारत के इतिहास में तो यह लिखा हुआ है कि अलग-अलग क़ौमों ने अलग-अलग समय पर दुश्मनों से लोहा लिया, चाहे तलवार हो, चाहे तीर-कमान हो, चाहे हथियार हो, उन हथियारों

से उन्होंने भारत की रक्षा की। इसलिए एक अच्छे नागरिक को हथियार देना जरूरी है और उसे मजबूती प्रदान करना भी सरकार का दायित्व है और मैं इसके लिए धन्यवाद देता हूं कि सरकार ने इसकी तरफ सोचा।

महोदय, मैं आखिर में कुछ जरूरी सुझाव भी दूंगा, लेकिन उससे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि हालांकि, सबकी रक्षा करने के लिए पुलिस है, लेकिन अगर आप पुलिस और सिटीजन का अनुपात देखें तो वह बहुत ही खराब है। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड है, लेकिन इसके बावजूद भी आप हर जगह फायर एक्सटिंग्विशर्स देखेंगे। उसी तरह असामाजिक तत्वों को खत्म करने के लिए पुलिस है, लेकिन रख-रखाव, बचाव के लिए लाइसेंस्ड वेपन्स की भी जरूरत होती है।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं यह भी कहूंगा कि आज भारत पूरी दुनिया के अन्दर शूटिंग के खेल में दबदबा बना रहा है। आज भारत के पास ओलम्पिक में शूटिंग के अन्दर 15 कोटा आए हैं। यह धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे हम अपना दबदबा पूरी दुनिया पर बना रहे हैं, हमें ऐसे कानून भी लाने चाहिए, जिनसे हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए, जो इस शूटिंग के खेल में आएगी, उन्हें तैयारी करने में मदद मिले। आप ओलम्पिक के जितने भी खेल देख लीजिए, चाहे वह कुश्ती हो, बॉक्सिंग हो, तीरंदाजी हो, भाला फेंक हो, वेटलिफ्टिंग हो, ये सारे खेल कहीं न कहीं, युद्ध की जो शैली होती है, उससे जुड़े होते हैं, यानी हम हमेशा युद्ध की तैयारी में अपने खेलों को उसके साथ हमेशा जोड़ते हैं। जो भी देश युद्ध के लिए तैयार होगा, उस देश में हमेशा शांति बनी रहेगी और इसलिए मेरा यह मानना है कि आम नागरिक को और उनमें जो आने वाली पीढ़ी है, उनके लिए हम इस तरह के कानून बनाएं ताकि वे शूटिंग के खेल को अपनी हॉबी या अपने एक्सेलेंस का हिस्सा बना सकें।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कुछ सुझाव दूंगा। यहां पर हमारे एम.ओ.एस. किशन रेड्डी जी हैं, नित्यानन्द राय जी भी हैं। गृह मंत्री साहब को ये सुझाव बताएं। सबसे पहले तो मैं इससे बिल्कुल

सहमत हूं कि जो सेलेब्रेटरी फायर होता है, वह खतरनाक होता है, उससे जान की हानि होती है, लेकिन ये सेलेब्रेटरी फायर क्यों होते हैं? आपने दो लाख, तीन लाख, तीस लाख लाइसेंस तो दे दिए, लेकिन इन लाइसेंस होल्डर्स को आपने कोई जगह नहीं दी, जहां पर वे अपने हथियारों को हैंडल करना सीख सकें, जहां पर साल में एक बार वे फायरिंग कर सकें। मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि आपकी पुलिस की जितनी भी शूटिंग रेजेज हैं, वहां पर हफ्ते में एक दिन लाइसेंस होल्डर्स को प्रैक्टिस करने की अनुमति दी जाए, ताकि वे अपने वेपन्स हैंडल कर सकें।

मेरा आपसे यह भी आग्रह है, क्योंकि पुलिस की खुद की शूटिंग रेंजेज बहुत कम हैं। जहां-जहां शूटिंग रेंजेज नहीं हैं, मैं बड़ी तहसीलों या जिलों की बात कर रहा हूं, उससे नीचे की बात नहीं कर रहा हूं। जहां पर शूटिंग रेंजेज नहीं हैं, वहां पर नेशनल राइफल एसोसिएशन से ऐफिलिएटेड जो क्लब्स हैं, उनको रेंज बनाने की अनुमति प्राथमिकता से दी जाए, ताकि हमारे जो नागरिक हैं, वे मजबूत बन सकें। आपने ही उनको हथियार प्रोवाइड कराये हैं, ताकि वे हैंडल करना भी सीख सकें। मैंने बचपन से हथियारों के साथ अपना जीवन गुजारा है। मुझे याद है कि बचपन में छोटी-छोटी बातें सिखायी जाती थी और उन छोटी-छोटी बातों को सीखते हुए, मैं एक अच्छा फौजी बना और एक अच्छा खिलाड़ी भी बना।

सभापति महोदय, मैं कोई स्पेशल नहीं हूं। अगर हर बच्चा सही सीख प्राप्त करेगा तो वह भी इस देश का नाम रोशन कर सकेगा और और देश की सुरक्षा भी कर सकेगा। हमें अपने देश को मजबूत करना है। इसी के लिए मैं एक और सुझाव गृह मंत्रालय को देना चाहता हूं। हमारे शूटर्स जब ओलम्पिक खेलों में मुकाबला करने जाते हैं तो 200 से ज्यादा देशों के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करते हैं। They compete with more than 200 countries in the world. यह मुकाबला कम नहीं है, बल्कि काफी बड़ा है। उस मुकाबले के अंदर, जहां उनकी कला, उनकी काबिलियत और उनकी कड़ी मेहनत 200 देशों के खिलाड़ियों के बराबर होती है, तो कई कानूनों की वजह से हम पीछे

रह जाते हैं। हमने कितने लिमिटेड हथियार अपने खिलाड़ियों को दे रखे हैं। जूनियर शूटर्स को आज आपने एक एक्स्ट्रा वेपन एलाऊ कर रखा है। इन्स्परेशनल शूटर्स, जो खिलाड़ी बनना चाहते हैं, उनको आपने मात्र एक वेपन एक्स्ट्रा एलाऊ कर रखा है, यानी जितना लाइसेंस पर है, उसके अलावा एक वेपन एलाऊ किया है। रिनाउन्ड शूटर्स को भी उसी तरह से आपने कुछ अनुमति दी हुई है।

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं और यह मेरा आग्रह है कि अगर हम वाकई देश के खिलाड़ियों का पूरी दुनिया के ऊपर अपना दबदबा बनवाना चाहते हैं तो हमें उनको फैसिलिटीज़ प्रदान करनी चाहिए। जो जूनियर शूटर्स, इन्स्परेशनल शूटर्स, रिनाउन्ड शूटर्स हैं, उनकी बहुत लिमिटेड क्वांटिटी है। इनके लिए अभी जो एक्स्ट्रा हथियार लागू है, उसमें हंड्रेड परसेंट बढ़ोतरी होनी चाहिए। मैं आपको नाम गिनाता हूं। मैं आपको बहुत महत्वपूर्ण बात बतलाता हूं। सौरभ चौधरी, 17 साल की उम्र में वर्ल्ड का टॉप टेन के अंदर खिलाड़ी है। दिव्यांश सिंह, 17 साल की उम्र में वर्ल्ड टॉप टेन में है। एलावेनिल, जिनकी उम्र 20 साल है। अपूर्वी चंदेला, जिनकी उम्र 20 साल हैं। यह भी वर्ल्ड के टॉप टेन में है। भाकर मनू, जिनकी उम्र 17 साल है, यह भी वर्ल्ड के टॉप टेन खिलाड़ी है। ये सारे जूनियर्स खिलाड़ी हैं। देश में ऐसे बहुत से नौजवान हैं, जो देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मेरा आग्रह है, क्योंकि बहुत ही लिमिटेड इनके नंबर्स हैं, इनके लिए आपने एडिशनल स्पोटर्स वेपन एलाऊ कर रखा है, उसे आपको डबल कर देना चाहिए।

महोदय, अब ऐसे भी हथियार हैं, मेरे पिताजी को बंदूकों का शौक था। उन्होंने कोई जमीन नहीं खरीदी है। उनका इनवेस्टमेंट सिर्फ हथियारों में होता था। उन्होंने लोहा खरीदा। उन्होंने लोहा इसलिए खरीदा कि उनका बेटा बड़ा होकर देश के दुश्मनों के साथ लोहा लेगा। ऐसे बहुत सारे लोग हैं, जिन्होंने सिर्फ हथियारों के अंदर अपना इनवेस्टमेंट किया। आज जो पुश्तैनी हथियार हैं, उसकी अलग वैल्यू होती है। जब मेरे पास परदादा, दादा तथा पिता जी से कोई हथियार आता है तो उसकी अलग वैल्यू होती है। न केवल उसकी इमोशनल वैल्यू होती है, बल्कि उसकी रीयल वैल्यू भी बहुत

ज्यादा होती है। मैं आपको बतलाता हूं कि अभी एक वेपन को डीएक्टिवेट करने के लिए अनुमति है। अगर आप आर्म्स रूल 2016 की परिभाषा देखें, उसके अंदर जो डीएक्टिवेशन की परिभाषा है, वह यह कहती है कि the weapon should not be able to discharge a projectile, and which cannot be readily restored. यानी आप उसको डीएक्टिवेट कर दीजिए, ताकि वह फायर न कर सके, it should not be readily restored. अब मैं आपको इसका कान्ट्रडिक्शन बताता हूं। रूल सेक्शन 80 अनसर्विसेबल, डीफेक्टिव और डीएक्टिवेटेड आर्म्स के अंदर सब-सेक्शन 6 कहता है कि जो डीएक्टिवेटेड फायर आर्म्स हैं, उनको डिस्ट्राय किया जाएगा। उसका प्रोसिजर सेक्शन 81 में है, जो परमानेंट हथियार का परमानेंट डैमेज बताता है। इस डेफिनेशन के अंदर टेम्परेरी डीएक्टिवेशन है, which should not be readily restored. लेकिन उसका जो प्रोसेस है, उस प्रोसेस के अंदर परमानेंट डीएक्टिवेशन दिया हुआ है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं। अभी यहां एए.ओ.एस. साहब बैठे हैं। मैं उनसे आग्रह करता हूं कि यह देश के लिए बड़े कीमती हथियार हैं और देश के लिए वैल्यूबल भी है। यह इमोशनल भी है और रीयल भी है। ऐसे बहुत से लोग हैं जिनके पास पुश्तैनी हथियार हैं। आप उनको एलाऊ करिए। एक लाइसेंस पर दो ही हथियार एलाऊ करिए, मगर two active weapons. बाकी वैपन्स आप डीएक्टिवेटेड एलाऊ करिए, लेकिन डीएक्टिवेटेड के अंदर जो कांट्राडिक्शन है, इसको दुरुस्त करके टेम्परेरी डीएक्टिवेशन कर दीजिए। अगर मेरे पास पुश्तैनी हथियार हैं, तो मैं दो से ज्यादा हथियार अपने लाइसेंस पर रख सकता हूं। …(व्यवधान)

महोदय, यह बहुत जरूरी है । मैं तीन-चार मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा । आप डीएक्टिवेटेड वैपन्स एलाऊ करिए। एक साधारण नागरिक जिसके पास लाइसेंस है, उसके लाइसेंस पर दो ही हथियार होंगे, जो एक्टिव होंगे, बाकी हथियार डीएक्टिवेटेड होंगे। अगर मैं अपना पुराना हथियार या महंगा हथियार जो दो से ज्यादा हैं, अगर मैं पुलिस स्टेशन में रखता हूं या किसी आर्मरी में

रखता हूं, तो उसका रख-रखाव नहीं हो पाएगा। मैंने बचपन से सीखा है, उसके लिए मेरी इमोशनल वैल्यू है, उसकी मैं हर रोज साफ-सफाई करूंगा और उसका रख-रखाव करूंगा। जब कभी मुझे उसका इस्तेमाल करना पड़े या उसको मुझे कहीं बेचना पड़े, तो मैं पुलिस की परमीशन से वापस उसको एक्टिवेट करके आपकी परीशन से किसी को बेच सकता हूं। इसमें कोई खतरा भी नहीं है। कृपया आप उसका टेम्परेरी डीएक्टिवेशन करवाइएगा।

मैं अपने आखिरी सजेशन पर आता हूं। बहुत से लोगों के पास पहले से हथियार हैं, उन हथियारों का क्या होगा? परिवार के जो दूसरे सदस्य हैं, उनके लिए एक्सपीडियस लाइसेंस इश्यू हो जाए, चाहे मैं अपनी पत्नी को देना चाहूं, चाहे मैं अपने एडल्ट बेटे या बेटी को देना चाहूं। यह एक एक्सपीडियस प्रोसेस हो जाए, ताकि हथियार परिवार में रहे और उनका रख-रखाव भी होता रहे।

सर, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया। देश को मजबूत बनाने के लिए लाइसेंस होल्डर आपके साथ खड़े हैं। मैं आपको यकीन दिलाना चाहता हूं कि हर लाइसेंस होल्डर पूरी तरह से कानून में रहता है और अनलाइसेंस्ड, जो इल्लीगल वैपन्स रखते हैं, वे न तो आपकी परमीशन लेते हैं और न ही उनको लाइसेंस चाहिए। But we are law abiding citizens.

With these words, I thank the hon. Home Minister for the support that he has provided to us and conclude.

SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD): Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity. As usual, I stand to oppose the Arms (Amendment) Bill, 2019.

Sir, the Government has introduced the concept of organized crime syndicate by amending Section 9 (6) of the Bill which includes anyone involved in possession, manufacture, sale or transfer of firearms on behalf of organized syndicate. This particular definition of 'organized crime syndicate' is exactly as is given in the Maharashtra Control of Organised Crime Act (MCOCA).

Sir, the Maharashtra Assembly had enacted that particular MCOCA Act under the State List. The Union has no power to interfere with the States' powers to investigate, prosecute and penalise the organized crime. Making laws pertaining to law and order is a State Subject. When the organized crime is already within the exclusive purview of the State, the Union cannot make any law in that regard.

Sir, may I point out that under Article 246 it is very clear that the States are supreme in terms of enacting legislation pertaining to the State List and the Union is supreme in terms of subjects pertaining to the Union List. Then, why are they interfering with the State List? Is there a legislative gap which the Government is trying to fill up?

Furthermore, when I read the Bill, the Government offers no explanation as to why it is necessary to incorporate organized crime syndicate under Arms Act. Why is the Government using this incidental legislation to expand the scope of the original purpose of the Arms Act to include organized crime? The Constitution does not allow this. Day in, day out, it seems that this Government does not believe in federalism. They want to trample upon the State List. Inclusion of organized crime syndicate by amending Section 9 (6) shows that they are completely encroaching upon the State List. I request the hon. Home Minister to please take it back.

Secondly, I would make an earnest request to the Government that no public representative, whether MP or MLA, should get any security from the Government unless and until there is some real threat perception to him. Having security guards by MPs and MLAs has become a status symbol. I have seen with my own eyes in my State that some of the security guards go and buy grocery. You should make a law that no MP or MLA would get any security. In turn, what should the Government do? I have not taken any security in my whole political life of about 27 years. You please give me more licensed weapons. Why should an MP or MLA get security from the Government? Why should this be a burden on the tax-payers? You give security to the common man. Day in, day out, we see women being raped. We do not have infrastructure or logistical things to provide security to the common people. Why should an MP or MLA have security until and

unless you yourself are a – what we call in Urdu –*zalim* or you are a murderer! If an MP or MLA is facing a case of murder, let him face it.

There is one more reason for me to oppose this Bill. Many Members have talked about NCRB data. NCRB report says 58,053 cases were registered under the Arms Act, 1959 and 63,219 arms were seized, out of which only 3,525 were from people who had licenced weapons while 59,694 were unlicensed weapons. The problem lies somewhere else. The problem is with having unlicensed arms. There are some States, which I do not want to mention over here, where there are factories which manufacture what we call 'kattas'. Why are you not stopping them? You use UAPA against them as you have made an Act. There is more of a problem which, I as a countryman is facing, is from unlicensed weapons, not from licensed weapons.

Let me come to 2014 data. Only 14 per cent of people killed in gun violence were killed by legal weapons. Similarly, of all weapons seized under the Act, only 17 per cent were legal firearms. I want to know from the hon. Minister why this Bill prohibits punishment for celebratory gunfire. In UP itself, in 2013, 720 people, including 125 women, died in celebratory gunfire. Why do you require celebratory gunfire? For what do you require it? You are getting married and there is no need to shoot a weapon over there. A man is getting married to a woman or a woman is getting married to a man. Then, the Bill prohibits punishment for celebratory gunfire. Any celebratory gunfire is an attempt to murder - it is as simple as that –

and IPC should interfere. That is why, I do not know what you are achieving by making it two and not three. You know the data of licensed people who have three weapons, two weapons and one weapon.

Lastly, I want to point out one contradiction of the Government. They have liberalised manufacture of small arms, FDI of 49 per cent is allowed and no additional approval for DIPP is required. Why is it so? You are allowing 49 per cent FDI in small arms' manufacture and then, you want to limit it. That is why, I oppose this Bill.

Thank you.

SHRI JASBIR SINGH GILL (KHADOOR SAHIB): Mr. Chairman, Sir, I rise with a mixed feeling. On the one hand, I appreciate the Government's efforts where they have increased the punishment. इन्होंने सजा बढ़ाई है, जो आर्गेनाइज्ड क्राइम और दूसरे लोग हैं, लेकिन मुझे एक बात समझ नहीं आई। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहता हूं, What I am going to say here is from my own experience. एक तरफ क्लीयरली कहा है कि छह परसेंट लोग ही हैं जिनके पास तीन हथियार है। पंजाब में मिलिटेंसी के पीरियड में मेरे ऊपर अटैक हुआ और मुझे गोली लगी। तीन साल के बाद दोबारा अटैक हुआ और मेरे आठ सिक्युरिटी गार्डस मार दिए गए। उसके बाद जिस पीएसओ को लगाते थे, वह बहाना बनाकर छुट्टी ले लेता था कि इसे तो मरना ही है, हम इसके साथ क्यों मरे, यह सच्ची बात है। उसके बाद हमारे दोस्त और रिश्तेदार लाइसेंसी वेपन लेकर चलते थे, ऐसा टाइम हमने निकाला है। हमने पंजाब में विलेज डिफेंस कमेटी बनाई, जिन्होंने मिलिटेंसी के टाइम में मिलिटेंट के साथ लड़ाई लड़ी। उनमें से सात लोगों को शौर्च चक्र मिला, जिन्होंने देश में अपनी लाइसेंसी वेपन के साथ देश की लड़ाई लड़ी। आज इसे तीन से दो कर रहे हैं, इसका लॉजिक मेरी समझ से बाहर है। आर्म्स लाइसेंस मिलता है, लेकिन उसकी वेरिफिकेशन पासपोर्ट से ज्यादा होती है। इसके लिए कई चीजों से गुजरना होता है, इंटेलीजेंस की रिपोर्ट आती है, पुलिस की रिपोर्ट आती है। पासपोर्ट की वैलिडिटी अगर दस साल होती है तो लाइसेंस की भी दस साल कर दीजिए। इससे टाइम बचेगा, करप्शन नहीं होगा और आम लोगों के लिए आसानी होगी।

महोदय, वैपन्स की डिमांड कम होग तो जॉब कट्स होंगे और प्रोडक्शन भी कम होगा। आप मुझे दो मिनट दीजिए। यह मेरे लिए बहुत जरूरी है। मैंने दो सुझाव देने हैं।

HON. CHAIRPERSON: Your Party's time is already over. Please wind up in one minute.

श्री जसबीर सिंह गिल: प्रहिब्टेड बोर और नॉन प्रहिब्टेड बोर, दो तरह के वैपन्स के लाइसेंस होते हैं। प्रहब्टिेड बोर, जिन्हें बहुत ज्यादा थ्रैट होता है, जो एंटी सोशल एलीमेंट्स, माओइस्ट, टेररिस्ट के निशाने पर होते हैं, उनको दिए जाते हैं। यह लाइसेंस होम सैक्रेट्री सैंक्शन करता है। इसका रिनुअल भी होम सैक्रेट्री, स्टेट के पास आता है।

मेरा निवेदन है कि कम से कम इसका रिनुअल डीएम के पास करवा दें क्योंकि उनको उतना ही कष्ट उठाना पड़ता है और प्रोसीजर भी लंबा हो जाता है। लाइसेंस तो होम सैक्रेट्री इश्यू करे लेकिन इसे रिन्यु डीएम करे, मेरा निवेदन है कि यह प्रोवीजन जरूर कीजिए।

महोदय, वैपन्स का इम्पोर्ट एलाऊ करना चाहिए। आप 500 परसेंट ड्यूटी लगाइए, लोगों को अच्छा वैपन मिलेगा और गवर्नमेंट को रेवेन्यू भी मिलेगा।

महोदय, राज्यवर्धन जी ने दो बातें कही हैं, एस्पाइरिंग स्पोर्ट्समैन को जरूर कुछ न कुछ रियायत दीजिए। पुलिस की फाइरिंग रेंजेज़ को एक बार खुलवा दीजिए, चाहे हफ्ते में एक बार ही हो। धन्यवाद।

SHRI S. JAGATHRAKSHAKAN (ARAKKONAM): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on this Bill, the Arms (Amendment) Bill, 2019 on behalf of DMK Party. I rise to oppose this Amendment Bill, 2019.

Indian Government is crawling back to colonial mindset by confining the rights of gun licence holder to one-gun theory. Right to have guns is one of the earlier freedoms outlined in the USA's Bill of Rights. Without guns in the hands of the people, all the other freedoms are easily negated by the State.

The firearms would be registered under the National Database Arms Licence, NDAL, and the Arms Licence Issuance System, ALIS, along with the owner's address, the type of the firearm, its serial number, etc. Those criminals who want to commit crimes will not and do not bother to purchase firearms legally and register them.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, I rise to oppose the Citizenship (Amendment) Bill, 2019. First of all, we should bear in mind that India is not simply a geographical expression. India is a country and it is equally a civilisation. Indian civilisation is an unending celebration of human pluralism. Pluralism accommodates differences and differences enact and embody dissent. Over the years, rather over the centuries, India has been preaching the doctrine of 'Live and Let Live'. यह जो बिल लाए हैं, आप लोग बाहर यह फैलाने की कोशिश करेंगे कि कांग्रेस हिन्दू के विरोध में चली गई, क्योंकि एक हिन्दू विरोधी बिल में कांग्रेस ने समर्थन कर दिया। हम हिन्दू का विरोध करने के लिए नहीं खड़े हैं। एनआरसी के चलते हम लोगों ने यह कहा था कि हिन्दुस्तान में जेनुइन जो सिटिजन हैं, जो यथार्थ नागरिक हैं, यथार्थ नागरिक को हिन्दुस्तान में रहने का मौका दिया जाए। आप जो बिल लेकर आए हैं, इसमें भी मैं कहना चाहता हूँ कि बिल में आप किसी पीड़ित समुदाय को शरण देना चाहते हैं, इसका हमें कोई विरोध नहीं है। हमारा विरोध यह है कि इसका क्राइटेरिया रिलिजन हो रहा है। इसका क्राइटेरिया रिलिजन होते हुए हमारा जो संविधान का ढांचा है, इस ढांचे पर प्रहार करता है। इस जगह हमारा विरोध है और दूसरा कोई विरोध नहीं है। आप इस जगह को थोड़ा सुधारिए। इस बिल को सही दिशा में, सही ढंग से पेश कीजिए। आज अमित शाह जी कहते थे कि करोड़ों की तादाद में लोग नर्क की जिन्दगी गुजार रहे हैं। मैं इनको कहना चाहता हूँ कि हमारे यहां राजनाथ सिंह जी भी बैठे थे। ...* उनको कहना है कि जेपीसी के जो तथ्य हैं ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह शब्द निकालिए। ... *

* Not recorded

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): The total number of such persecuted persons was around 31,313, out of which, Hindus were 25,447, Sikhs were 5,807, Christians were 56, Buddhists were 2 and Parsis were 2.

मेरा कहना है कि हमारे हिन्दुस्तान में इतने कानूनों के अंदर दूसरा कोई प्रोविजन नहीं है। इन लोगों को सही दिशा में मदद करें और हिन्दुस्तान में रहने का इंतजाम करें। सर, कुल मिलाकर 31,313, you are making much ado about nothing. हमारा विरोध किसलिए हैं। हमारा विरोध इसलिए हैं कि यह डिस्क्रिमिनेटरी है। इस जगह हमारा विरोध है। The argument of persecuted refugees can be dealt by making a separate provision through appropriate amendment in the current laws for accommodating refugees, granting them legal status and fast tracking their admission to Indian citizenship should they apply for it. A separate discriminatory law is not needed for it. There lies our contention. यह डिस्क्रीमिनेटरी हो रहा है, हमारे विरोध का यह मुद्दा है।

सुबह अमित शाह जी कह रहे थे कि इसमें रिजनेबल क्लासिफिकेशन है। अमित शाह जी, मैं इसका विरोध करता हूं क्योंकि the Bill fails the test of reasonable classification as set out in article 14 of the Constitution. The two-fold test relies on two principles: reasonable classification and nexus between the object sought to be achieved by the legislation. If we test this Bill on reasonable classification, it fails as the classification sought is to differentiate between persons who will be granted relaxation in the domiciliary requirement and those who will not since at present it excludes illegal immigrants only on religious grounds with no reasonable explanation. The next test is on object sought to be achieved. Putting a

qualification based on religion has no rational nexus to achieve that object unless the object is to project India as a Hindu state. मुझे लगता है कि आप हिन्दू राज्य बनाने की दिशा में चल रहे हैं। If you want to turn India into a homeland, that is a different issue. धार्मिक एकता की बात करते हुए आप सिर्फ छ: समुदाय और तीन देशों को ले रहे हैं और बाकी को छोड़ रहे हैं, यह नहीं हो सकता। आप नहीं कर सकते क्योंकि आज हमें आपने नया भूगोल सिखा दिया कि अफ़गानिस्तान से हमारा बॉर्डर है। हमारा चाइना से बॉर्डर है, म्यांमार में भी हिन्दू टॉर्चर होते हैं। नेपाल, भूटान के साथ बॉर्डर है, पर आपने इन देशों से नहीं लिया। श्रीलंका के साथ बॉर्डर है। पर, किसी से नहीं लिया और सिर्फ उन तीनों राष्ट्रों से लिया क्योंकि वे मुस्लिम राष्ट्र हैं। अगर वे मुस्लिम राष्ट्र हैं तो क्या हुआ?

हम रवीन्द्रनाथ टैगोर की दो-चार पंक्तियों का यहां जिक्र करना चाहूंगा: -

KEHO NAHI JAANE KAAR AHOBANE KATO MANUSHER DHARA, DURBAR SROTE ELO KOTHA HOTE SHOMUDRE HOLO HARA. ESHO HE ARJO, ESHO ANARJO, ESHO DRAVID CHIN, SHAK HUNDAL, PATHAN MOGHUL AK DEHE HOLO LEEN. POSHCHIM AAJ KHULIACHHE DAAR, SHETHA HOTE AASHE KATO UPOHAR, DEBE AAR NEBE, MILABE MILIBE, JABE NA PHIRE, EI BHAROTER MAHAMANOBER SAGORO TEERE No one knows from where so many people came to merge in this ocean. Come Aryans, non-Aryans, Dravidiam, Chinese, Huns, Pathans, Moghals and be one. West has today opened its door, so many gifts are pouring in. Just give and take, meet and greet, don't go back. It is this ocean of humanity.)

India is an ocean of humanity. आपको इसे नकारना नहीं चाहिए। इसे आप ध्वस्त मत कीजिए। अगर आपको जरूरत पड़े तो आप रिफ्यूजी कानून लाइए। अगर आपको जरूरत पड़े तो आप एसाइलम का कानून लाइए। आप कहते हैं कि करोड़ों लोग घिनौनी जिन्दगी गुजारने की हालत में हैं और आप कह रहे हैं कि 70 सालों से किसी ने कुछ नहीं किया। अगर किसी ने कुछ नहीं किया होता तो यह किताब 'द सिटीजनशिप एक्ट,1955' कहां से आता? पासपोर्ट एक्ट कहां से आता? फॉरेनर्स एक्ट कहां से आता, अगर हम लोगों ने कुछ नहीं किया होता। हिन्दुस्तान में काँग्रेस पार्टी ने क्या किया और क्या नहीं किया, इसका इतिहास गवाह है। आज़ादी के समय में एक तरफ राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और दूसरी तरफ सीमान्त गाँधी खान अब्दुल गफ्फार खान थे। एक तरफ जवाहर लाल नेहरू, वल्लभ भाई पटेल थे तो दूसरी तरफ मौलाना अबुल कलाम आज़ाद थे। एक तरफ नेताजी सुभाष चन्द्र बोस थे तो उसके साथ-साथ खान शाहनवाज़ खान थे। यहां बिनय, बादल, दिनेश थे। यहां भगत सिंह, अशफाकउल्ला, किसने हिन्दुस्तान के लिए नहीं किया? आज वह हिन्दुस्तान बहुत मेहनत के बाद बना है, बहुत खून बहाने के बाद बना है और इस हिन्दुस्तान को तोड़ने का नहीं, जोड़ने का काम कीजिए।

सर, मेरे पास समय बहुत कम है। मैं सिर्फ दो-तीन सवाल माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं। एन.आर.सी. से जिन 19 लाख लोगों के नाम छूट गए हैं, उनका क्या होगा क्योंकि इसके बाद आप एन.आर.सी. लाएंगे। हर स्टेट में आप एन.आर.सी. लागू करेंगे, यह आपका रवैया है। हिन्दुस्तान के 27 राज्यों में एन.आर.सी. होगा, लेकिन जिन 19 लाख लोगों के नाम एन.आर.सी. में छूट गए हैं, उन लोगों का क्या होगा, पहले यह बताइए।

सर, इसके बाद हम दूसरा एक मुद्दा उठाना चाहते हैं। यहां हमारे कानून मंत्री जी हैं। Sir, the Citizenship Act 1955 provides citizenship by birth, except as provided in sub-section (2) which says, "every person born in India, on or after the 26th day of

January, 1950, but before the 1st day of July, 1987; on or after the 1st day of July, 1987, but before the commencement of the Citizenship (Amendment) Act, 2003 and either of whose parents is a citizen of India at the time of his birth; on or after the commencement of the Citizenship (Amendment) Act, 2003, where both of his parents are citizens of India; or one of whose parents is a citizen of India and the other is not an illegal migrant at the time of his birth, shall be a citizen of India by birth." …(*Interruptions*) मैडम, मेरी बात खत्म होने वाली है। अभी मेरे पास 10 मिनट टाइम है। A child born in India after 2003, one of whose parents is an illegal migrant shall not be a citizen of India.

What has happened in Assam after the NRC exercise was undertaken? 19 lakh people were identified who were not granted citizenship. Out of these 19 lakh people, there are two categories of people. One category is of persons who were born in another country but they illegally migrated to Assam. …(*Interruptions*) मैडम, आप यह क्या कर रही है? केवल तीन लाइन बाकी हैं, अभी मैं बोल रहा हूं।…(व्यवधान)

The other category is of persons who were born in India but their parents are illegal parents, these persons do not have a country of origin. India is their country of origin and if the Government does not give them citizenship, these categories of people will become Stateless. This is a very serious issue. I feel that neither the Government nor the Judiciary has applied their mind on this issue.

Article 15 of the Universal Declaration of Human Rights, General Assembly of the United Nations has proclaimed that everyone has the right to a nationality and no one shall be arbitrarily deprived of his nationality nor denied the right to change his nationality. Whatever be the colour of the cow, the milk is white. Whatever be the religion, the essence is humanism. India should maintain the essence of unionism.

Thank you.

श्रीमती मीनाक्षी लेखी (नई दिल्ली): माननीय सभापति जी, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार है।

'तेरा वह वीर जो सत्य पर अड़ने आता है,
किसी और के न्याय के लिए खुद के प्राण अर्पित करता है,
मानवता के इस ललाट वंदन को नमन करूं मैं,
किसको नमन करूं मैं भारत,
किसको नमन करूंगा हिन्दुस्तान में।'

महोदया, किसको नमन करूं मैं और आज का दिन मैंने चुना है, भारत के प्रधान मंत्री और गृह मंत्री को नमन करने के लिए, क्योंकि उन्होंने सच्चाई को पहचानने की क्षमता दिखाई है। देशांतर जो बिना उत्पीड़न के होता है, उसको घुसपैठ कहा जाता है।

For my friends who do not follow Hindi very well, migration without persecution is called a silent invasion and that is what is happening in this country and that is why we are going through so much of confusion. This is an Act which is giving citizenship to those people who have been living in this country, just making their life a little easier, the ones who are persecuted.

In the morning, a couple of my friends from the Opposition quoted many laws and I am also quoting those laws. रिफ्यूजी से संबंधित जितने कानून हैं, जितनी इंटरनेशनल कन्वेन्शंस हैं और जो ह्यूमन राइट्स ट्रीटी हैं, वे क्या कहती हैं? These are treaties on human rights. The most remarkable institution developed in human rights has been the evolution of an international multilateral treaty regime, appropriate monitoring bodies, economic, social, cultural rights, civil and political rights,

elimination of all forms of racial discrimination, separation and punishment of crime of apartheid, child rights, etc. इसमें वियना कांफ्रेंस सहित ये सब हैं। इन्हीं सब के अंदर उनको अधिकार देने की बात है, जिनका पर्सिक्यूशन हुआ है, जिनका उत्पीड़न हुआ है । हाँ, यह उत्पीड़न डिस्क्रिमिनेट्री है। मगर यह उत्पीड़न भारत ने नहीं किया, बल्कि भारत तो केवल उत्पीड़ितों को जगह दे रहा है। यहां मेरे जो दोस्त हैं, वे गलत हैं, क्योंकि उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि उत्पीड़न किस देश ने किया। मुझे कभी-कभी लगता है कि ये सब लोग पाकिस्तान की पार्लियामेंट में होते तो शायद पार्लियामेंट में पाकिस्तान को सुधार चुके होते। मगर मुझे दुख है कि ये यहां बैठै हैं। ये अपना कंफ्यूजन यहां बहुत तरीके से सुना रहे हैं। इसी कंफ्यूजन का मैं आपको एक रास्ता दिखाना चाहती हूं। …(व्यवधान) अभी मैं आपको कुछ और पढ़ने के लिए दूंगी।…(व्यवधान) आपको उछलने का काफी मौका मिलेगा। …(व्यवधान)

महोदया, मैं दो डाक्यूमेंट्स टेबल करना चाहती हूं ।…(व्यवधान) आपकी अनुमति है।…(व्यवधान) जोगेन्द्र नाथ मंडल ऐसे व्यक्ति थे, जो भारत छोड़ कर …(व्यवधान)

माननीय सभापति: मैं रिकार्ड को चेक करवा लूंगी।

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI: I am not yielding. …(*Interruptions*) Have the sense to listen to the history of this country. …(*Interruptions*)

माननीय सभापति: मैं रिकार्ड को चेक करवा लूंगी, जो अनुपयुक्त होगा, वह कार्यवाही से निकाल दिया जाएगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्रीमती मीनाक्षी लेखी: रवीन्द्र नाथ टैगोर की जब हम बात करते हैं …(व्यवधान) वह भारत एक था, उस समय की बात करते हैं।…(व्यवधान) मैं वर्ष 1930 से भारत का इतिहास आपको बताती हूं। 1930 से भारत की जो **दि**शा है, दशा है, वह बताना चाहती हूं, जिसको आप छिपाते रहे हैं। मैं आपको वह सुनाना चाहती हूं। जोगेन्द्र नाथ मंडल की चिट्ठी पढ़कर इस हाउस को सुनाना चाहती हूं।

जोगेन्द्र नाथ मंडल एक मंत्री थे। जब भारत का विभाजन हुआ, पाकिस्तान और भारत बने। उसके बाद में भारत के तीन हिस्से हुए, जिसमें बांग्लादेश एक था। जोगेन्द्र नाथ मंडल एक एससी, एसटी कम्युनिटी के व्यक्ति थे, अंबेडकरवादी थे। वे पाकिस्तान चले गए और वहां मंत्री रहे। उनका दु:ख सुनिए। उन तीन सालों में उन्होंने क्या देखा, जिसको छोड़ कर वे वापस हिंदुस्तान आए। इस चिट्ठी को टेबल करना बहुत आवश्यक है। मुझे लगता है कि इस हाउस में बैठे हुए आधे से ज्यादा लोगों को यह इतिहास नहीं पता है। इस इतिहास को अगर आप आज की नजर से देखेंगे, तो आपको समझ आएगा कि 70 साल में उन हिंदुओं, बुद्धिस्ट, जैन, सिखों के साथ क्या हुआ और क्या गुजरी?

सभाप**ति** महोदया, मैं इसे टेबल कर रही हूं। …(व्यवधान) आप जो माइग्रेशन्स की बात कर रहे हैं, 1971 इस देश को पता है, लेकिन इस देश को जो नहीं पता, 1964 इस देश को नहीं याद, 1989 इस देश को नहीं याद, 1990 इस देश को नहीं याद, 1992 इस देश को नहीं याद, 2012 नहीं याद। इस देश में लगातार स्पेट ऑफ माइग्रेंट्स आते रहे और क्यों आते रहे, यह बताना जरूरी है।

I am quoting 'Pakistan's State of Denial' in the New York Times of 13th December 2013 which quotes an excerpt from an article titled 'Genocide' by Anthony Mascarenhas published on June 13, 1971 in the *Sunday Times*: "I saw Hindus, hunted from village to village and door to door, shot off-hand after a cursory 'short-arm inspection' showed they were uncircumcised. I have heard the

screams of men bludgeoned to death in the compound of the Circuit House (civil administrative headquarters) in Comilla. I have seen truckloads of other human targets and those who had the humanity to try to help them hauled off 'for disposal' under the cover of darkness and curfew." यह स्थिति है।

जोगेन्द्र मंडल क्या कहते हैं? ...(व्यवधान) In his letter dated 8th October 1950 written to Prime Minister Liaqat Ali Khan, Jogendra Nath Mandal has written everything. Therefore, anyone with basic understanding of the plight of Hindus in Pakistan and Bangladesh would know that it is a nearly impossible proposition to even think of deporting the migrants back to that place, as it would be tantamount to pushing them to a death pit. I am not going into the details of how he cooperated with the Muslim League, what his dreams were and how he thought the Dalits and the Muslims could come together and how the Muslim League used him. Then in 1946, Mr. Suhrawardy offered him a seat in the interim Government. He writes:

"The Calcutta carnage was followed by the Noakhali Riot in October 1946. The Hindus including the Scheduled Castes were killed and hundreds were converted to Islam. Hindu women were raped and abducted. Members of my community also suffered loss of life and property. Immediately, after these happenings, I visited Tipperah and Feni and saw some riot-affected areas." He continued with his cooperation. "Suhrawardy the offer of a seat ..." I am not

reading all this. Then he uses a word called 'Namashudras', which was in majority in Gopalganj. On 1st November, 1946, what did he see?

Next, on Lahore Resolution, "… at present, to develop Pakistan as a purely 'Islamic' State based on the Sharia and injunctions or formula of Islam. I presumed that it would be set up in all essentials after the pattern contemplated in the Muslim League resolution adopted at Lahore on March 23, 1940.

That resolution stated inter alia that "geographically contiguous areas are demarcated into regions which should be constituted with such territorial readjustments as may be necessary, that the areas in which the Muslims are numerically in majority as in the north-western and eastern zones of India, should be grouped to constitute independent States". This is 1940.

What was the resolution on both sides? "… that minorities' guarantee should be in respect of rights as well as of interest and extend to every sphere of their lives". This was the guarantee given. What really happened?

"I was fortified in my faith in this resolution and the professions of the League Leadership by the statement Qaid-e-Azam Mohammed Ali Jinnah was pleased to make on the 11th August 1947" calling upon Hindus and Muslims "to remember that they were all Pakistanis. There was then no question of dividing the people …" That was what the plan was but what happened? "… no question of dividing the people on the basis of religion into full-fledged Muslim citizens and

zimmies being under perpetual custody of the Islamic State and its Muslim citizens. Every one of these pledges is being flagrantly violated apparently to your knowledge and with your approval in complete disregard of the Qaid-e-Azam's wishes and sentiments and to the detriment and humiliation of the minorities".

He goes on. Then in 1949, Dacca happened. I am purposely not reading it. It is a very long letter on how the anti-Hindu policy was adopted. "When the question of partition arose, the Scheduled Caste people were alarmed at the anticipated dangerous result of partition. Representations on their behalf were made to Mr. Suhrawardy, the then Chief Minister of Bengal who was pleased to issue a statement to the Press declaring that none of the rights and privileges hitherto enjoyed by the Scheduled Caste people would be curtailed after partition." He goes on but so many barbarous incidents have happened. "The armed police came and the local Muslims also joined them.: they not only raided some houses of the Namashudras but mercilessly beat both men and women, destroyed their properties, and took away valuables.

The merciless beating of a pregnant woman resulted in abortion on the spot. This brutal action on the part of the local authority created panic over a large area. … The police, helped by the armed forces, – this is another incident – then raided a large number of houses in the area, took away valuable properties, even from the house of absentee-owners who were never in politics, far less in the

Communist Party." They were being targeted by saying they were Communists. …(*Interruptions*)

It is important that you know the history. Let me argue my case my way. …(*Interruptions*) "This area being very near to my native village, I was informed of the incident. I wrote to the District Magistrate and S.P. for an enquiry. A section of the local people also prayed for an enquiry by the S.D.O. But no enquiry was held. Even my letters to the District authorities were not acknowledged. I then brought this matter to the notice of the highest authority in Pakistan, including you …"

आप अंदाजा लगाइए कि एक मंत्री राष्ट्रपति को चिट्ठी लिख रहा है, उस पर काम नहीं हो रहा है। मैं अगर इसकी डिटेल में जाऊंगी तो बहुत कुछ कहने को है। कलशिरा के अंदर 350 घर थे, जिसमें से केवल तीन घर बचे थे, सारे मंदिर और मकान सब कुछ तोड़ दिया गया था। यह पार्टिशन का बैकग्राऊंड है। इस इतिहास को आप लोगों ने डिनाई किया, अगर आप लोगों ने डिनाई नहीं किया होता तो सिटीजनशिप अमेंडमेंट के सेक्शन 5 और 6 के अंदर पर्सन नहीं बल्कि सिटीजन लिखा हुआ है। मैं अभी बताउंगी कि किस तरह से मैनुप्लेशन हुई। इतने साल तक जो आदमी पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि से यहां आता है, उसके कागज वैध तो नहीं हैं, उसका वीज़ा एक्सपायर हो चुका है। उसे आप कैसे एजस्ट कर रहे हैं? एकोमोडेट कर रहे हैं? इसीलिए यह कानून लाना पड़ा। …(व्यवधान) No, you are denying.…(*Interruptions*)

दिल्ली पैक्ट हुआ, इसके हिसाब से जो काम करने वाले थे, जिसमें बंगाल की सरकार भी थी, उन्होंने वे काम किए ही नहीं। A number of Hindus, who returned to their native villages

immediately after the Delhi Agreement, were not even given possession of their homes, lands, which were occupied in the meantime by the Muslims.

The Delhi Agreement, whose main purpose is to create such conditions as would enable the Hindus to continue to live in East Bengal with a sense of security to life, property, honour and religion…, I stop here. 'A sense of security to the life, property, honour and religion'. यानी ये सब अधिकार जो किसी भी व्यक्ति को एक देश में रहने के लिए चाहिए, वह अधिकार माइनोरिटीज़ को न अफगानिस्तान, न पाकिस्तान और न ही बांग्लादेश में मिले। ये सब भारत के हिस्से थे। अगर हिंदुस्तान भी हिंदुओं को नहीं रखेगा तो वे कहां जाएंगे।

सभापति जी, मैं कुछ देश गिन रही थी कि कितने देश हैं जहां इस्लाम उनका स्टेट रिलीजन है। मैं हैरान हुई 46 देश थे। मैं गिन रही थी कि कितने ऐसे देश हैं जहां क्रिश्चियेनिटी रिलीजन है, 40 के आसपास हैं। मैं गिन रही थी कि कितने देशों का राष्ट्रीय धर्म हिंदू है, एक भी नहीं मिला। मैं इसलिए ये तथ्य ला रही हूं कि यूएनएचआरसी का हवाला देना आसान है लेकिन उस पर काबिज होना मुश्किल है। यूएनएचआरसी के डाटा में जब मैंने तलाश किया कि कितने देश के रिफ्यूजियों को उन्होंने नार्वे या अन्य देशों में भेजा। यूएनएचआरसी के माध्यम से उन्होंने पाकिस्तान में बसे हुए कितने हिंदुओं को कहीं और बसाया, अफगानिस्तान में बसे हुए कितने हिंदुओं को कहीं और बसाया, तो मुझे ऐसा कोई डाटा उपलब्ध नहीं हुआ।

डिस्क्रिमिनेशन की दिक्कत इस देश में नहीं है, इस देश में रहने वाला हर व्यक्ति भारत का नागरिक है। दिक्कत इन तीन देशों में है, जहां रहने वाला हर माइनोरिटी कम्युनिटी का व्यक्ति उनके देश का नागरिक नहीं बन पाया। मेरे मित्र यही प्वाइंट मिस कर रहे हैं। वे बार-बार जब कहते हैं तो मैं

उनसे पूछना चाहती हूं, देश का बंटवारा किसी ने किया, लेकिन देश का बंटवारा धर्म के आधार पर हुआ, जिसमें दो देशों ने अपना राष्ट्रीय धर्म घोषित किया।

इस देश ने अपना राष्ट्रीय धर्म घोषित नहीं किया। यही कारण है कि इस देश की माइनोरिटीज़ इस देश में सुरक्षित है। लेकिन हमारे भाई-बहनों के पूर्वज इस देश से जुड़े हुए थे, वे जब दूसरे देश का हिस्सा बने तो उनको वह सिक्योरिटी, ऑनर, प्रेक्टिस रिलीजन उपलब्ध नहीं हुए, इसलिए कानून में तब्दीली लाने की जरूरत थी। इतने वर्षों तक प्लान स्ट्रेटजी के तहत सब गलत काम और जगहों पर चलता रहा, यहां तक कि कश्मीर डे भी मनाया गया। यह पढ़ना जरूरी है क्योंकि मैं आगे बताऊंगी कि किस तरह से इसे एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

The observance of Kashmir Day by the Muslim League all over Pakistan is an eloquent proof of communal, anti-India propaganda by Pakistan. यह 1950 में कहा जा रहा है। क्या कुछ बदला? मुझे नहीं लगता कि कुछ बदला।

The recent speech by the Governor of Punjab, Pakistan, saying that Pakistan needed a strong army for the security of Indian Muslims, has betrayed the real attitude of Pakistan towards India. It will only increase the tension between the two countries, which continues to be the practice of Pakistan. It is not about Muslims in India. It is about the minorities in Pakistan, and my friends refuse to understand that.

'Forced Conversion in West Pakistan'. I am not going into the details. I am only reading the headlines.

SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): Come to the point, Madam.

SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI : Sir, I will….(*Interruptions*) Sit down. I am speaking on the points only.

'Forced Conversion in West Pakistan'. The report says: 'Pakistan a curse for Hindus'.

20.00 hrs

He further says that this is, in brief, the overall picture of Pakistan so far as the Hindus are concerned. I shall not be unjustified in stating that Hindus of Pakistan have, for intents and purposes, been rendered Stateless in their own houses.

इसी बात से स्टेटहुड की कहानी शुरू होती है। सीपीआई के कुछ मित्रों ने अपनी बातें कहीं हैं, जिसके अंदर उन्होंने कहा कि आप आर्टिकल-6 और तमाम सेक्शन्स को बदलिए तो मैं मारिचझापी मैसेकर की बात भी बताना चाहती हूं और वह डोक्यूमेंट भी मैं ले करना चाहती हूं, जिसके मुताबिक सुन्दरबन्स के अंदर बांग्लादेश से आए हुए जो हिन्दूज थे, कितने लाख लोगों को मारा गया, वह भी इस सभा को पता होना चाहिए। जो कानून है, उस कानून के मुताबिक मुझे यह बताना आज जरूरी लगता है कि जब इतिहास की बात आती है तो मैं फिलिप पुलमैन का लिखा मैं पढ़ना चाहती हूं। It comes from history. It comes from the records of the inquisition, persecuting, heretics and torturing. Every single religion that has a monotheistic God ends up by persecuting other people and killing them because they do not accept him.

Wherever, you look in history, you find that it is still going on. This persecution in these countries is still going on. सुबह किसी ने बेन गुरियन की बात की,

किसी ने हिटलर की बात की तो मैं बताना चाहती हूं कि बेन गुरियन और हिटलर के जो डाटा हैं, वे किन देशों से आते हैं। शुक्र है भगवान का कि वे भारत से नहीं आते हैं। …(व्यवधान) Then, where is your problem? If you are not defending Pakistan, what else are you doing? Extremist Taliban regime in Afghanistan which enforced strict Shariah Islamic law announced plans to require Hindus and Sikhs to wear identifying badges. मध्य कालीन भारत की प्रथा जिसमें अगर आप इस्लाम को नहीं मानते तो आपको कुछ तमगा लगाना पड़ेगा। In May 2001, Taliban campaigned to segregate and repress un-Islamic and idolater segments of Afghan society. At that time, about 500 Hindus and 2000 Sikhs remained in Afghanistan. इन लोगों को बचाने के लिए कानून की जरूरत है। The anti-Hindu decree was seen as a reminiscent of Nazi law which required all Jews to wear identifying yellow badges. अब हिटलर कौन है, बेन गुरियन की बात कौन करता है, मेरे मित्र यहां नहीं बैठे हैं। मैं आपको बांग्लादेश का डाटा देती हूं ।

Pakistan had Islamised during 1980s. The current Government of Pakistan claims to undertake a major revision to eliminate such teachings and to remove Islamic teachings from secular subjects. The bias in Pakistani textbooks also documented by Y. Rosser (2003). She wrote that in the past few decades, social study text books in Pakistan have been used as locations to articulate the hatred that Pakistani policy makers have attempted to inculcate hatred towards their Hindu neighbours. As a result, the minds of generations of Pakistanis are indoctrinated. The ideology of Pakistan are fragments of hatred and suspicion. The bias in Pakistani textbooks were studied by Rubina Saigol, K.K. Azeez, A

Rehman, Mubarak Ali, A.H. Nair, Ahmad Salim, Rosser and others. ये 2003 की स्टडीज हैं, एक्सपर्ट्स की हैं और तमाम किताबें ऐसी हैं जो दूसरे धर्म को मानने वालों के खिलाफ काम करती हैं। बांग्लादेश में जो फण्डामेंटलिस्ट पार्टीज हैं, मैं उसकी पोलिटिक्स में नहीं जाती हूं, लेकिन मैं यह बताना चाहती हूं कि जब पार्टीशन हुआ, वहां 38 प्रतिशत हिन्दू थे, लेकिन आज वहां पर आठ प्रतिशत से कम हिन्दू हैं। इससे आप अंदाजा लगा लीजिए कि बांग्लादेश के अंदर क्या हिसाब रहा होगा। यही कारण है कि इस कानून को लाने की जरूरत पड़ी।

अब मैं स्टेटमेंट ऑफ आब्जेक्ट्स पर आती हूं। सबसे पहला आब्जेक्ट है – परसिक्यूशन, जिन लोगों को अपने धर्म को मानने से रिस्ट्रिक्ट किया गया, ऑब्सट्रक्ट किया गया, उनके साथ दिक्कत यह होती थी कि उनके ट्रैवल डाक्यूमेंट्स एक्सपायर हो जाते हैं। वे भारत आए, कहने में यह गैरकानूनी लगता है, लेकिन उनके पास वापस जाने का कोई रास्ता नहीं है और कोई जगह भी नहीं जाने के लिए। वे यहां रुके, उनके पास तीन दिन या पांच दिन का वीजा था, वह एक्सपायर हो गया तो वे इल्लीगल हो गए। नागरिकता के लिए सेक्शन पांच और छ: के अंदर दो ही प्रावधान हैं, जिनमें से एक नेचुरलाइजेशन प्रोसेस है और दूसरा रजिस्ट्रेशन है। इनके साथ दिक्कत है कि रजिस्ट्रेशन वे करवा नहीं सकते हैं, क्योंकि इनकी तीसरी, चौथी या पांचवी पीढ़ी जो हिन्दुस्तान में रही होगी, अब उसके डाक्यूमेंट्स इनके पास नहीं है। फिर वे नेचुरलाइजेशन के रास्ते से भी नहीं आ सकते, क्योंकि उनका वीजा एक्सपायर हो चुका है और वे इल्लीगल हो चुके हैं। जहां पर शब्द इल्लीगल आ जाता है, उनकी एप्लीकेशन खारिज हो जाती है और जो भी इल्लीगल है, वह नागरिकता के लिए एप्लाई नहीं कर सकता है।

मेरे मित्रों ने बार-बार कहा कि अन्य देशों का, अन्य धर्मों का क्या होगा, तो अन्य देशों और अन्य धर्मों के लोग सेक्शन-5 और सेक्शन-6 में अन्य जितने प्रावधान हैं, उनके अन्दर कवर होते हैं। जो इनएलिजिबिलिटी है, उसे कवर करने के लिए वर्ष 2015 और 2016 में कुछ एग्जम्पशन्स भारत

सरकार ने पासपोर्ट एक्ट और फॉरेनर्स एक्ट में दी हैं। उसके ऑर्डर्स बाकायदा दिए गए, ताकि उनको लाँग टर्म वीजा मिल सके। लाँग टर्म वीजा दिया और 31 दिसम्बर, 2014 की डेट इसलिए चुनी गई कि जो इल्लीगल माइग्रेंट्स हैं, उनके लिए एक स्पेशल रिजीम की जरूरत पड़ी और वह स्पेशल रिजीम बनाने के लिए यह काम किया गया । यह सर्टिफिकेट ऑफ रजिस्ट्रेशन और सर्टिफिकेट ऑफ नेचुरलाइजेशन के लिए एप्लाई हो, सेक्शन-5 की जो कंडीशन्स हैं, उनको वे पूरा कर पाएं और क्वालीफिकेशन पूरी हो पाए। इंडियन ओरिजिन की बात किसी ने नहीं बोली है, इसलिए मुझे लगता है कि बोलना जरूरी है । सेक्शन-7 में तब्दीली इसलिए लाई जा रही है कि जिन्होंने कानून का सही मायने में पालन नहीं किया है, उन सबका ओसीआई कार्ड रिवोक करने का कोई प्रावधान नहीं है, इसलिए उसको लाया जा रहा है। बार-बार कहा जा रहा है कि उस देश से आए हुए अन्य धर्म वालों, खास तौर से इस्लाम का क्या होगा, मैं आपको बताना चाहती हूं कि जिन लोगों ने धर्म के नाम पर एक देश अलग बना लिया, अलग रहने लगे, उनके अधिकारों को आप कैसे बराबर कर रहे हैं? रिफ्यूजी में और इल्लीगल माइग्रेंट में अंतर है। कृपया उसे समझने की कोशिश करें, वोट बैंक की राजनीति बन्द करें और देश हित में काम करें।

श्री असादुद्दीन ओवैसी (हैदराबाद): मैडम चेयरमैन, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं इस बिल की मुखालफत में खड़ा हूं। मोहतरमा, मैं ऐवान को यहां एक बात बताना चाहूंगा कि जब हमारा संविधान बन रहा था, उस वक्त में और इस वक्त में कितनी गिरावट हो गई है – ज़ेहनी तौर पर, अखलाकी तौर पर, तहजीबी तौर पर, दिमागी तौर पर, नफसियाती तौर पर। जब संविधान का प्रिएम्बल बन रहा था – 17 अक्टूबर, 1949 को, उस वक्त एच.वी. कामत रुकुन थे कांस्टीटुएंट असेम्बली के। उन्होंने कहा था कि प्रिएम्बल की शुरुआत भगवान के नाम से होगी या खुदा के नाम से होगी। आपको जानकर हैरत होगी कि राजेन्द्र प्रसाद साहब ने जाकर कहा कि नहीं, संविधान की शुरुआत भगवान या खुदा के नाम से नहीं हो सकती है। वोटिंग हुई, जिसमें एच.वी. कामत साहब हार गए। जब संविधान का प्रिएम्बल लिखा जा रहा था तो वह भगवान या खुदा के नाम से नहीं लिखा गया। अब आप वह ऊंचाई और यह पस्ती देखिए कि एक कानून ऐसा बनाया जा रहा है जो मजहब की बुनियाद पर बनाया जा रहा है। मुझे शिकवा इस बात का नहीं है, गम इस बात का नहीं है कि आपने मुसलमान को नहीं रखा, मुझे गम इस बात का है, आप पाकिस्तान और अफगानिस्तान से किसी मुसलमान को मत लीजिए, मुझे उससे मतलब ही नहीं है। मेरे बुजर्गों ने जिन्ना के पैगाम को ठुकराया। हमने मौलाना अबुल कलाम आजाद के उस जुमले पर यकीन किया कि इस्लाम का इस मुल्क से एक हजार का ताल्लुक और हिंदूइस्म का चार हजार साल का ताल्लुक है। मुझे गम इस बात का है कि आज इस हुकूमत को जिसने संविधान पर ओथ ली, आज इस्लाम और मुसलमानों से इतनी नफरत क्यों कर रही है? हम आखिर इंसान हैं, इस मुल्क के बाइज्जत शहरी हैं। आखिर इस नफरत और डिसक्रिमिनेशन की क्या वजह है?

महोदया, मैं होम मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं कि इस बिल को एनआरसी की नज़र से देखने की जरूरत है। असम में एनआरसी हुआ। वहां 19 लाख लोगों के नाम नहीं आए। वहां के मंत्री स्वयं कहते हैं कि पांच लाख चालीस हजार बंगाली हिंदू हैं। मैं होम मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं कि सैक्शन 6 (ए) के तहत जितने बंगाली हिंदू हैं, उन पर मुकदमा चलेगा, वह अबेट हो जाएगा और

किस पर मुकदमा चलेगा, सिर्फ मुसलमानों पर । होम मिनिस्टर साहब बताएं कि क्या यह डिसक्रिमिनेशन नहीं है? आर्टिकल 14 फेल वहीं होता है, जहां महज़ब आता है। आप असम के पांच लाख चालीस हजार हिंदुओं के लिए यह कानून बना रहे हैं और जब एनआरसी हो जाएगा, अगर अमित शाह साहब का नाम नहीं आएगा और उन्हीं की पार्टी के किसी एक मुसलमान का नाम नहीं आएगा। इनकी साजिश मुसलमानों को स्टेटलेस बनाना है। मैं इसकी मजम्मत करता हूं कि हमारा हाल यह बनाकर रख दिया है कि तूफान में एक कश्ती में ताखूबियत की, फिरकापरस्ती के तूफान में बगैर मल्लाह के हमें किश्ती में डालकर छोड़कर साहिल पर बैठकर सब तमाशा देख रहे हैं, मगर याद रखो ए तमाशा देखने वालो कि यह कश्ती साहिल को पहुंचेगी और इंशाअल्लाह तआला हम कश्ती चलाकर जम्हूरी अंदाज में अपने आपको हासिल करेंगे, ये एवान को समझने की जरूरत है।

महोदया, मैं तीसरी बात पीओके के बारे में आपके सामने रखना चाहता हूं। होम मिनिस्टर साहब आप यह क्यों भूल जाते हैं कि भारत का एक तिहाई हिस्सा चीन में है। आप डर रहे हैं, क्योंकि कल यदि दलाई लामा मर जाएंगे और नया दलाई लामा आएगा, तो आप उसे रोकने के लिए यह कर रहे हैं। क्या तिब्बत के लोगों में मुसलमान नहीं हैं? आप इंतजार कर रहे हैं और हम पूछ रहे हैं कि आप चीन से क्यों डर रहे हैं? भारत का एक तिहाई हिस्सा चीन में है और स्वयं होम मिनिस्टर साहब ने कहा था कि हम अक्साई चीन को नहीं छोड़ेंगे, लेकिन आज आपने छोड़ दिया है। आप चीन से इतना क्यों डरते हैं?

चौथी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि क्या हमारे होम मिनिस्टर साहब जानते हैं कि टाइगर सिद्दीकी कौन था? टाइगर सिद्दीकी वो शख्स था, जिसको हिंदुस्तान में हमने पनाह दी और उसने मुक्तिवाहिनी बनाई और बांग्लादेश बना। यदि ये लोग सरकार में होते, तो टाइगर सिद्दीकी कभी भी मुक्तिवाहिनी नहीं बनाता । पांचवीं बात अफगानिस्तान के बारे में है । यकीनन आप जानते हैं कि तालिबान आएगा। जब तालिबान आएगा तो आपको जरूरत है हजारा की, ताज्जिक की भारत में

ताकि हम स्ट्रेटेजी कंट्रोल कर सकें। तालिबान जब अफगानिस्तान में हुकूमत करेगा, तो आपका तो ट्रम्प कार्ड चला गया। यह आपकी सोच है, आपका विजन है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि इतना बड़ा बलन्डर सिक्योरिटी के एंगल से आप लोग करेंगे। अफगानिस्तान में सिख हैं। मैं जानता हूं, तालिबान के जमाने से होम मिनिस्टर साहब जानते हैं कि करेंसी का पूरा मामला सिखों के पास था और आज भी उन्हीं के पास है और क्या गारंटी दे रहे हो होम मिनिस्टर साहब कि पाकिस्तान को न हिंदुस्तान के हिंदुओं से मतलब है न पाकिस्तान के मुसलमानों से मतलब है। वह लोग घुसाएगा यहां पर, आप कैसे रोकेंगे? क्या आप बताएंगे कि कितने लोग हैं, जिन्हें आप सिटिजनशिप देने जा रहे हैं। आप स्टेटवाइज नम्बर बताइए। यह जो कानून बनाया जा रहा है, वह इसलिए बनाया जा रहा है कि दोबारा पार्टिशन हो। यह कानून हिटलर के कानून से भी बदतर है। आपने भारत को कहां लाकर छोड़ दिया है। आपने संविधान प्रो किया था। क्या हम मुसलमानों का गुनाह यह है कि हम मुसलमान हैं? मुझे आप पाकिस्तान से मत लीजिए, मुझे अफगानिस्तान से मत लीजिए, मगर इस्लाम के ताल्लुक से, मुसलमानों के ताल्लुक से इस ऐवान को सोचना पड़ेगा कि आप जो मैसेज दे रहे हैं, आपकी वजह से पालिटिकल मोबिलाइजेशन मुसलमानों का हो गया है। आप तो उन्हें दबा रहे हैं। आप उनके सीने पर पैर रखकर कह रहे हैं कि तू इस मुल्क का बाइज्जत शहरी नहीं है, बल्कि तुझे स्टेटलेस बनाया जाएगा। इसलिए मैं कह रहा हूं कि यह एक और पार्टिशन होने जा रहा है। मैं आपको अंग्रेजी में कहावत कहना चाहता हूं कि those who do not learn from history are condemned to repeat it. श्रीलंका के दस लाख तमिलियन्स तमिलनाडु में हैं। क्या वे हिंदू नहीं हैं? नेपाल में हिंदू नहीं हैं? होम मिनिस्टर साहब बता दीजिए कि म्यानमार में चिन, काचिन और हकॉन हैं या नहीं। चंद साल तक ऑल इंडिया रेडियो पर काचिन का रेडियो चलता था। ये चीनी लोग म्यांमार के क्रिश्चियन हैं। आप इंतजार कर रहे हैं। क्या इंतजार कर रहे हैं? आपकी कौन सी स्ट्रैटेजी है? मैडम, हर एतबार से यह फेलियर साबित होगा। इसीलिए मैं इस बिल की मुख़ालिफत करता हूं। यह हिन्दुस्तान के संविधान के

खिलाफ है और यह उन लोगों की तौहीन है जिन्होंने इस मुल्क को आज़ाद करवाया, चाहे सन् 1957 की ज़ंगे-आज़ादी हो या 1910 में महात्मा गांधी कैसे महात्मा बने? मैडम, मालूम है? उन्होंने साउथ अफ्रीका के नेशनल रजिस्टर कार्ड को फाड़ दिया था, जला दिया था। इसीलिए जब महात्मा ने फाड़ा, …* यह हिन्दुस्तान को तोड़ने की कोशिश कर रहा है। …(व्यवधान)

جناب اسدالدین اویسی (حیدرآباد): میڈم چیرمین صاحبہ، آپکا بہت بہت شکریہ۔ میں اس بِل کی مخالفت میں کھڑا ہوا ہوں۔ محترمہ میں ایوان کو یہاں ایک بات بتانا چاہوں گا کہ جب ہمارا آئین بن رہا تھا، اُس وقت میں اور اِس وقت میں کتنی گراوٹ آ گئی ہے، زہنی طور پر، اخلاقی طور پر، تہذیبی طور پر دماغی طور پر نفسیاتی طور پر۔ جب آئین کا پریمبل بن رہا تھا 17 اکتوبر 1949کو، اس وقت کے۔ایم۔ پاٹھک رُکن تھے کنسٹیٹوینٹ اسمبلی کے۔ انہوں نےکہا تھا کہ پریمبل کی شروعات بھگوان کے نام سے ہوگی یا خُدا کے نام سے ہوگی۔ آپ کو جان کر حیرت ہوگی کہ راجیندر پرساد صاحب نے جا کر کہا کہ نہیں آئین کی شروعات بھگوان یا خُدا کے نام سے نہیں ہو سکتی۔ ووٹنگ ہوئی، جیس میں کے۔ایم۔کامت صاحب ہار گئے۔ جب آئین کا پریمبل لکھا جا رہا تھا تو وہ بھگوان یا خُدا کے نام سے نہیں لِکھا گیا۔ اب آپ وہ اونچائی اور یہ پستی دیکھئیے کہ ایک قانون ایسا بنایا جا رہا ہے جو مذہب کی بنیاد پر بنایا جا رہا ہے۔ مجھے شکوہ اس بات کا نہیں ہے، غم اس بات کا نہیں ہے کہ آپ نے مسلمانوں کو نہیں رکھا، مجھے غم اس بات کا ہے آپ پاکستان اور افغانستان سے کسی مسلمان کو مت لیجئیے، مجھے اس سے مطلب ہی نہیں ہے۔ میرے بزرگوں نے جِنّا کے پیغام کو ٹھُکرایا، ہم نے

* Not recorded.

مولانا ابوالکلام آزاد کے اُس جملے پر یقین کیا کہ اسلام کا اس ملک سے ایک ہزار سال کا تعلق اور ہندوزیم کا چار ہزار کا تعلق ہے۔ مجھے غم اس بات کا ہے کہ آج اس حکومت کوجس نے آئین پر اوتھ لی، آج اسلام اور مسلمانوں سے اتنی نفرت کیوں کر رہے ہے؟ ہم آخر انسان ہیں، اس ملک کے با عزّت شہری ہیں۔ آخر اس نفرت اور ڈِسکریمِنیشن کی وجہ کیا ہے؟

محترمہ، میں وزیرِ داخلہ سے جاننا چاہتا ہوں کہ اس بِل کو این۔آر۔سی۔ کی نظر سے دیکھنے کی ضرورت ہے۔ آسام میں این۔آر۔سی۔ ہوا۔ وہاں 19 لاکھ لوگوں کے نام نہیں آئے۔ وہاں کے وزیرخود کہتے ہیں 5 لاکھ 40 ہزار بنگالی ہندو ہیں۔ میں ہوم منسٹر صاحب سے جاننا چاہتا ہوں کہ سیکشن 6(A) کے تحت جتنے بنگالی ہندو ہیں، ان پر مقدمہ چلے گا، وہ ابیٹ ہو جائے گا اور کس پر مقدمہ چلے گا، صرف مسلمانوں پر ۔ وزیرِ داخلہ بتائیں کہ کیا یہ ڈِسکریمِنیشن نہیں ہیں؟ آرٹیکل 14 فیل وہیں ہوتا ہے، جہاں مذہب آتا ہے۔ آپ آسام کے 5 لاکھ 40 ہزار ہندووُں کے لئے یہ قانون بنا رہے ہیں اور جب این۔آر۔سی۔ ہو جائے گا، اگر امِت شاہ صاحب کا نام نہیں آئے گا اور انہیں کی پارٹی کے کسی ایک مسلمان کا نام نہیں آئے گا۔ ان کی سازش مسلمانوں کو اسٹیٹلیس بنانا ہے۔ میں اس کی مذمّت کرتا ہوں کہ ہمارا حال یہ بنا کر رکھ دیا ہے کہ طوفان میں ایک کشتی میں تاخوبیت کی، فرقہ پرستی کے طوفان میں بغیر ملّاح کے ہمیں کشتی میں ڈال کر چھوڑ کر ساحل پر بیٹھ کر سب تماشہ دیکھ رہے ہیں، مگر یاد رکھو اے تماشہ دیکھنے والوں کہ یہ کشتی ساحل تک پہنچے گی اور انشاءاللہ تعالیٰ ہم کشتی چلا کر

جمہوری انداز میں اپنے آپ کو حاصل کریں گے، یہ ایوان کو سمجھنے کی ضرورت ہے۔

محترمہ، میں تیسری بات پی۔او۔کے۔ کے بارے میں آپ کے سامنے رکھنا چاہتا ہوں۔ وزیرِ داخلہ صاحب، آپ یہ کیوں بھول جاتے ہیں کہ ہندوستان کا ایک تہائی حصہ چین میں ہے۔ آپ ڈر رہے ہیں، کیونکہ کل اگر دلائی لامہ مر جائیں گے اور نیا دلائی لامہ آئے گا، تو آپ اُسے روکنے کے لئے یہ کر رہے ہیں۔ کیا تبّت کے لوگوں میں مسلمان نہیں ہے؟ آپ انتظار کر رہے ہیں اور ہم پوچھ رہے ہیں کہ آپ چین سے کیوں ڈر رہے ہیں؟ ہندوستان کا ایک تہائی حصہ چین میں ہےاور خود وزیرِ داخلہ صاحب نے کہا تھا کہ ہم اکسائی چین کو نہیں چھوڑیں گے، لیکن آج آپ نے چھوڑ دیا۔ آپ چین سے اتنا کیوں ڈرتے ہیں؟

چوتھی بات میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ کیا ہمارے ہوم منسٹر صاحب جانتے ہیں کہ ٹائیگر صدیقی کون تھا؟ ٹائیگر صدیقی وہ شخص تھا جس کو ہندوستان میں ہم نے پناہ دی اور اس نے مُکتی واہنی بنائی اور بنگلہ دیش بنا۔ اگر یہ لوگ سرکار میں ہوتے تو ٹائیگر صدیقی کبھی بھی مُکتی واہنی نہیں بناتا۔ پانچویں بات افغانستان کے بارے میں ہے۔ یقیناً آپ جانتے ہیں کہ طالبان آئے گا۔ جب طالبان آئے گا تو آپ کو ضرورت ہے ہزارا کی، تاجک کی بھارت میں، تاکہ ہم اسٹریٹجی کنٹرول کر سکیں۔ طالبان جب افغانستان میں حکومت کرے گا تو آپ کا توٹرمپ کارڈ چلا گیا۔ یہ آپ کی سوچ ہے، آپ کا وِزن ہے۔ مجھے امید نہیں تھی کہ اتنا بڑا بلنڈر سیکیوریٹی کے اینگل سے آپ لوگ کریں گے۔ افغانستان میں سِکھ ہیں۔ میں جانتا ہوں، طالبان کے زمانے سے ہوم منسٹر صاحب جانتے ہیں کہ کرینسی کا

پورا معاملہ سکھوں کے پاس تھا اور آج بھی انہیں کے پاس ہی ہے اور کیا گارنٹی دے رہے ہو ہوم منسٹر صاحب کہ پاکستان کو نہ ہندوستان کے ہندوؤں سے مطلب ہے نہ پاکستان کے مسلمانوں سے مطلب ہے۔ وہ لوگ گھُسائیں گے یہاں پر، آپ کیسے روکیں گے؟ کیا آپ بتائیں گے کہ کتنے لوگ ہیں جنہیں آپ سِٹیزن شِپ دینے جا رہے ہیں۔ آپ اسٹیٹ وائز نمبر بتائیے۔ یہ جو قانون بنایا جا رہا ہے، وہ اس لئے بنایا جا رہا ہے کہ دوبارہ پارٹیشن ہو۔ یہ قانون ہٹلر کے قانون سے بھی بد تر ہے۔ آپ نے بھارت کو کہاں لا کر چھوڑ دیا ہے۔ آپ نے آئین پرو کیا تھا۔ کیا ہم مسلمانوں کا گُناہ یہ ہے کہ ہم مُسلمان ہیں؟ مجھے آپ پاکستان سے مت لیجیئے، مجھے افغانستان سے مت لیجیئے، مگر اسلام کے تعلق سے، مسلمانوں کے تعلق سے اس ایوان کو سوچنا پڑے گا کہ آپ جو پیغام دے رہے ہیں، آپ کی وجہ سے پولیٹکل موبِلائزیشن مسلمانوں کو ہو گیا ہے۔ آپ تو انہیں دبا رہے ہیں۔ آپ ان کے سینے پر پیر رکھ کر کہہ رہے ہیں کہ تو اس ملک کا با عزّت شہری نہیں ہے، بلکہ تجھے اسٹیٹلیس بنایا جائے گا۔ اس لئے میں کہہ رہا ہوں کہ یہ ایک اور پارٹیشن ہونے جا رہا ہے۔ میں آپ کو انگریزی میں ایک کہاوت کہنا چاہتا ہوں کہ Those who do not learn from history are condemned to repeat it. سری لنکا کے دس لاکھ تمیلینس تمل ناڈو میں ہیں، کیا وہ ہندو نہیں ہیں؟ نیپال میں ہندو نہیں ہیں؟ ہوم منسٹر صاحب بتا دیجیئےکہ میانمار میں چِن، کاچِن اور ہکان نہیں ہیں۔ چند سال پہلے تک آل انڈیا ریڈیو پر کاچِن کا ریڈیو چلتا تھا۔ یہ چینی لوگ میانمار کے کرشچین ہیں۔ آپ انتظار کر رہے ہیں۔ کیا انتظار کر رہے ہیں؟ آپ کی کونسی اسٹریٹجی ہے؟ میڈم، ہر اعتبار سے یہ فیلیر ثابت ہوگا۔

میں اس بِل کی مخالفت کرتا ہوں۔ یہ ہندوستان کے آئین کے خلاف ہے اور یہ اُن لوگوں کی توہین ہے جنہوں نے اس ملک کو آزاد کروایا، چاہے 1957 کی جنگِ آزادی ہویا 1910 میں مہاتما گاندھی کیسے مہتاما بنے؟ میڈم، معلوم ہے انہوں نے جنوبی افریقہ کے نیشنل رجسٹر کارڈ کو پھاڑ دیا تھا، جہا دیا تھا۔ اس لئے جب مہاتما نے پھاڑا (کاروائی میں شامل نہیں کیا گیا) یہ ہندوستان کو توڑنے کی کوشش کر رہا ہے۔۔ (مداخلت)...

(ختم شد)

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री (श्री गिरिराज सिंह) : माननीय सभापति महोदया, यह अपमान है। यह सदन का अपमान है। संविधान का अपमान है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : यह कार्यवाही से निकाल दीजिएगा।

...(<u>व्यवधान</u>)

विधि और न्याय मंत्री; संचार मंत्री तथा इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री रवि शंकर प्रसाद): माननीय सभापति जी, यह बहुत ही गंभीर विषय है। हम सबने माननीय सदस्य को शांति से सुना। सदन की एक परम्परा है। आप इस तरह से ... * आप सांसद हैं। हम इसकी निंदा करते हैं।...(व्यवधान) इसे कार्यवाही से बाहर निकाला जाए।...(व्यवधान)

* Not recorded.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली): मैडम, यह कंटैम्प्ट ऑफ हाउस है । इसके लिए एक्शन लेना चाहिए।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : इनको बोलने नहीं देंगे अब।

...(व्यवधान)

SHRI SUKHBIR SINGH BADAL (FIROZPUR): Madam Chairperson, I will start by saying that the biggest sufferers of partition, the people who lost everything, were the people from Punjab, especially the Sikhs and other minorities.

Madam, during partition time, lakhs of our brothers and sisters were forced to flee Pakistan, and they had to come to India. Even if they had land, other properties or any business there, everything was taken over. They were left with nothing, and they came to India. You might have heard, seen and read the news reports. Trains full of bodies were sent to India.

Madam, during partition, few members of the minority communities still stayed back in Pakistan. If you look at the figures, I have got from the data, during partition, around 1947, you will see that 75 per cent of the people of Pakistan belonged to the majority community, and 25 per cent of them belonged to all other minorities. Today, after 72 years, less than 5 per cent belong to minority communities in Pakistan. So, where has the large number of people gone? Majority of them were forced to convert into the majority religion because that was the only way left for them to live there. I can give you thousands and thousands of such examples where a person living in Punjab, India is a Sikh, and his cousin or his brother living in Pakistan is a Muslim. One of our MLAs, he is an MLA from our Party, is a Sikh but his uncle in Pakistan is a Muslim. So, they were all forced to convert. However, a few people still maintained the identity but they had to face a lot of hardships. A lot of Sikhs, members of the Sikh Community, keep on visiting

us during their visits to Golden Temple, and we have the opportunity to talk to them. A lot of our *Jathas* go to Pakistan to visit our religious places. They have the opportunity to talk to our brothers there. There is a sense of suffocation there.

Madam, I can give you numerous examples. Thousands of cases come up in papers and news about Sikh girls being forcefully converted. Recently, hardly about two-three months back, there was a Sikh girl named Jagjeet Kaur from Nankana Sahib, our holiest Sikh Shrine. Her father was the head priest of Nankana Sahib. His daughter was kidnapped, forced to marry a member of the majority community and forced to convert. We, in our party, raised our voice here, we met the External Affairs Minister, we met the Prime Minister, did *dharna* in front of Pakistan Embassy and finally Mr. Imran Khan, the Prime Minister of Pakistan took action and she was returned back.

There is a case of a Pakistani Christian girl Rimsha Masih, who was put under the blasphemy case. For the blasphemy case, there is death sentence in Pakistan. Fortunately, she was able to escape to Canada.

There is another case of a Hindu girl, Rinkle Kumari. She was abducted by a Ruling Party law maker in Pakistan, forced to marry, she filed cases in courts and the Chief Justice of the Supreme Court there dismissed her plea by saying that anybody who gets into Islam cannot get out of it. That was the verdict given by the Chief Justice there. So, I can quote numerous such examples.

Similar is the case in Afghanistan. There were more than 3,00,000 Sikhs and other community people living happily in Afghanistan. They were controlling the business there, there were very well off and when Taliban came, they started persecuting them, harassing them, they were forced to flee and they were kidnapped. During the last 25 to 30 years, at least 75,000 of them have come to India. They have been living here, but without any citizenship. A lot of them have met us because Shiromani Akali Dal represents the Punjabi community and they came to us. Since the last three decades, we have been regularly approaching the Home Ministry and representing that these poor people have left Afghanistan and Pakistan. They cannot live here because they do not have any papers with them, they have no rights;and police and other officials harass them day after day and they are living here without citizenship. Their children born here cannot do anything, they cannot live here and they gave examples that people from Afghanistan, their Sikh brothers, who have gone to America or England or any other European country, within two months they have got citizenship. But in our country, we were not given citizenship.

Madam, Shiromani Akali Dal has been regularly pursuing their case and we are happy that finally those people who spent 30 years of their life here can see light in front of them and they can feel that they are citizens of India. But at the same time, I would like to mention one thing. We must not forget that India is a secular country. Our nation is one where every religion in the world is here. Ours is a land of gurus and Sikhism preaches secularism.

Our ninth guru, Guru Tegh Bahadurji sacrificed his life for saving Hindu religion because they were being converted. So, he sacrificed his life. I will give you another example. Our fifth guru, Guru Arjun Devji started construction of the Golden Temple, made a Muslim, Mia Mir, lay the foundation stone. Everyday in our Ardas, in the morning when we go to our prayer room, in every Ardas of every Gurudwara, we mention about *sarpandhapala*. We do not say, *Sikhandhapala* or *Saaddapala*, we say दुनिया का भला होना चाहिदा । When Guru Nank Devji, whose 550th Birth Anniversary we are celebrating now, when he came out Bein *nadhi,* he said, ना कोई मुसलमान, ना कोई हिन्दू, सारे एक हैं । एक ओंकार, एक रब है । That is the philosophy to be continued if we have to take this country together.

Madam, my father has been 5-time Chief Minister. Our Party has always believed that every community, especially minorities, need to be protected. My father, when he was the Chief Minister, used to go and attend every religious function of every community.

I will give an example. You might have heard of riots in other parts of the country in other States. But, you will never hear of a communal riot in Punjab till date. Even during the worst phases of Punjab where the terrorism was at its peak, everyone in Punjab lived like brothers and sisters.

So, we have to preserve our secular status. I know this Bill affects minority community. It does not affect that much to the majority community. We are talking about Pakistan. I do not want to take names of religions here. I just want to request. Why do we not add the name of Muslims? …(*Interruptions*)

There are cases where Muslims are being persecuted within their religion. I will give you an example of Ahmadiyya community in Punjab where Qadian is the headquarters of Ahmadiyya community of the whole of the world. They are the minority Muslims in Pakistan. That means, they cannot perform *namaz* there. Their hands are cut. They are treated like second-class citizens in Pakistan. Like we go to Nankana Sahib, people from this community come from Pakistan to Qadian on a regular basis.

Anyway, this Bill is based on religious persecution. Even if you put a Muslim, you will never get a case of religious persecution, especially, from these countries. Anyway, you are having a Committee, which is going to examine each and every case individually. So, if you are examining each and every case individually, you will not get any case from this community, in Punjab. At the

same time, we will be able to shut them up, but they are putting up false propaganda around the country that NDA is communal, NDA is this and that. For them, they are just looking at one word and are trying to fight it. If we abjure that word, I think, it will send a good message among everyone. At the same time, it will hold the secular credential …(*Interruptions*)

I once again stand here in support of this Bill because this Bill is going to give justice to the people of the Sikh community. This Bill is going to protect the people. This is the Bill, which Shiromani Akali Dal has been fighting for, over the last 30 years. Thank you very much.

SHRI GAURAV GOGOI (KALIABOR): Madam Chairperson, today here, I stand as an Assamese, I stand as a person from the North-East India, I stand as an Indian, and I vehemently oppose the Citizenship (Amendment) Bill.

यह बिल सीधा-सीधा एनआरसी से जुड़ा हुआ है। एनआरसी के साथ भाजपा क्या राजनीति करना चाहती है, इसे पूरा देश समझता है।

असम में एनआरसी में बीजेपी की जो नाकामयाबी हुई है, यह उसको छिपाने का एक अवसर है। असम में सुप्रीम कोर्ट की मॉनिटरिंग के तहत और असम एकॉर्ड के नियमों के अनुसार, एनआरसी कांग्रेस की सरकार लाई थी। लेकिन जब वहाँ वर भाजपा सरकार आई, केन्द्र में वर्ष 2014 में भाजपा सरकार आई, तो असम में सबसे पहले 40 लाख लोग एनआरसी से वंचित हुए और बाद में 19 लाख लोग वंचित हुए। इनमें से बहुत-से लोग भारतीय नागरिक साबित हुए। मेरे संसदीय क्षेत्र में, बारपेटा टाउन कमेटी के पहले चेयरमैन जगदीश देब का छोटा भाई नीलू देब आज एनआरसी से वंचित है।

साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले दुर्गा खाटिवादा, जो गोरखा समाज के व्यक्ति हैं, वह एनआरसी से वंचित हैं। इन लोगों के बारे में भाजपा ने एक बार भी नहीं सोचा, सिर्फ राजनीति की। आज इनको घुसपैठिया शब्द से बहुत आपत्ति है। मैं आपको याद दिलाना चाहता हूँ कि सबसे पहले घुसपैठिया शब्द का इस्तेमाल आपकी सरकार के ही गृह मंत्री ने किया था, जब 40 लाख लोग एनआरसी से वंचित थे। आप माफी की मांग करते हैं। मैं पहले गृह मंत्री जी से दरख्वास्त करूंगा कि मेरे जो एक लाख गोरखा भाई-बहन हैं, जो हमारी सीमाओं की सुरक्षा करते हैं, जो गौ रक्षा करते हैं, उनको घुसपैठिए कह कर, आपने जो अपमान किया है, पहले आप उनसे क्षमा मांगिए। आज बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान से लोग असम में काम कर रहे हैं, उनको घुसपैठिए कह कर आपने जो अपनी राजनीतिक रोटी सेंकी है, गृह मंत्री महोदय, आप पहले उनसे माफी मांगिए। हमारे ट्राइबल और

बोडो लोग राजवंशी नहीं हैं, उनके लिए इन्होंने कुछ नहीं सोचा। आप यह सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल लाए हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि पहले आप एन.आर.सी. को तो सुधारिए। तीन करोड़ आबादी के लिए आप एक सही एन.आर.सी. नहीं ला पाए हैं और आप 130 करोड़ लोगों के लिए लाने जा रहे हैं। आप पहले 3 करोड़ के एन.आर.सी. को ठीक करिए। 6 वर्ष हो गए, 1600 करोड़ रुपये खर्च हो गए, लेकिन आज भी लोगों को सही एन.आर.सी. नहीं मिला है और आप बात करते हैं कि 130 करोड़ लोगों के लिए लाएंगे।

श्री शंकर लालवानी (इन्दौर): सभापति महोदया, आज एक ऐतिहासिक दिन है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को और हमारे गृह मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि देश के बंटवारे के बाद पुरखों की जमीन न छोड़कर वहीं रह रहे हैं, उनके साथ जिस प्रकार से लगातार अत्याचार हो रहा है, उनकी तरफ उनका ध्यान गया है। मैं इस बात की तरफ उनका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि यदि कोई सबसे ज्यादा पीड़ित है तो पाकिस्तान में सिंध प्रांत के लोग सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। विश्व में सबसे पुरानी सभ्यता सिंधु घाटी की सभ्यता है। मोहन जोदड़ो और सिंधु घाटी की सभ्यता में सिंधु नदी के पास चारों वेदों की रचना हुई। इसी वेल कल्चर सिंधु घाटी की सभ्यता में जहां चारों वेदों की रचना हुई, जहां सूफी संस्कृति को बढ़ावा मिला, आज सबसे ज्यादा वहीं पीड़ित हैं और जिस प्रकार से अत्याचार हो रहे हैं, वहां सिंध प्रांत के लोग चाहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान से मुक्ति मिले। वहां एक प्रकार से आंदोलन चल रहा है कि वे पाकिस्तान से अलग हो जाएं। वर्ष 1950 में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ था और इस समझौते के अंतर्गत जबरदस्ती धर्म परिवर्तन अवैध रहेगा तथा अल्प संख्यकों को बराबरी का दर्जा दिया जाएगा। समझौते में यह भी था कि अल्प संख्यकों की सुरक्षा भी की जाएगी, ये सभी प्रमुख मुद्दे दोनों देशों के बीच हुए थे। हमारे देश में अल्प संख्यक बहुत सुखी हैं और हर धार्मिक पद्धति से वे पूजा कर रहे हैं लेकिन वहां न पूजा कर सकते हैं, न मंदिर जा सकते हैं, न गुरुद्वारे जा सकते हैं। वहां मंदिर तोड़े जा रहे हैं, गुरुद्वारे तोड़े जा रहे हैं। मैं वहां के अल्प संख्यकों के जीवन के बारे में बताना चाहता हूं। वे नर्क का जीवन जी रहे हैं। वहां लूट खसोट और हत्या आम बात है। चुन-चुनकर प्रतिष्ठित लोगों की हत्याएं की जा रही हैं, इसके कई आंकड़े हैं।

मैं पाकिस्तान की मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट के आंकड़े देना चाहता हूं। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2004 से लेकर 2018 तक, यानी 14 सालों में 7430 अपहरण हुए हैं। ये तो वे आंकड़े हैं, जिनकी रिपोर्ट दर्ज हुई है। वास्तविक आंकड़े तो कहीं ज्यादा हैं। कई मामलों में तो एफआईआर भी दर्ज नहीं होती है। वर्ष 1918 की पाकिस्तान की मानवाधिकार आयोग की 335 पन्नों की रिपोर्ट भी है,

इसमें साफ कहा गया है कि सिंध प्रांत में हिंदू, ईसाई और सिख लड़कियों के बलात्कार और धर्म परिवर्तन के एक हजार मामले सामने आए हैं । यही नहीं, वर्ष 2010 में पाकिस्तान मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट आई है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि हिंदू लड़कियों के साथ बलात्कार किया जाता है, उनका धर्म परिवर्तन किया जाता है। पाकिस्तान की दूसरी रिपोर्ट है। 'द डॉटर गॉन फोर एवर' की रिपोर्ट में बताया गया है कि वहां कि वहां के राजनेता, वहां के धार्मिक नेता और सेना भी इसमें शामिल है। मैं यह बताना चाहूंगा कि मिया-मिट्ठू नामक एक धार्मिक नेता हैं, जो सार्वजनिक तौर पर कहते हैं कि मैंने धर्म परिवर्तन पहले भी करवाया था, अब भी करता हूं और आगे भी करवाऊंगा, उसका यह प्रकरण है। हमारे भारत देश के अखबारों के फ्रंट पेज पर उसकी न्यूज भी छपी थी। वही धार्मिक नेता, पाकिस्तान के प्रधान मंत्री जी के साथ और सेना के साथ हमें सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखता है।

सभापति महोदया, मानवाधिकार आयोग ने 26 अप्रैल से 17 नवम्बर के बीच में पाकिस्तान के अलग-अलग प्रांतों में घूम कर सर्व किया था और उन्होंने यह स्पष्ट कहा था कि पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हो रहा है। मैं आपका ध्यान कुछ उदाहरणों की ओर दिलाना चाहता हूं। मैं गत वर्ष के थोड़े उदाहरण देना चाहूंगा, वे दो-तीन ही हैं। 16 दिसम्बर को … * की हत्या हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह निकल कर आया कि उसके साथ बलात्कार किया गया, और मर्डर किया गया, लेकिन वहां के न्यायालय में दो दिनों पहले बताया गया कि उन्होंने आत्महत्या की। वहां पर न्यायापालिका पर से भी भरोसा उठ गया है। 30 अगस्त को सिख लड़की … * का धर्म परिवर्तन किया गया। 29 जून, 2019 को 17 साल की बेटी … * का धर्म परिवर्तन किया गया। 20 अगस्त, 2019 को घर में होली मना रही मासूम बहनों रीना और रवीना का अपहरण कर बूढ़ों से शादी कराई गई। 21 नवम्बर, 2018 को नौ साल की ईसाई लड़की … * को अगवा करके बलात्कार किया गया। 27 अक्टूबर, 2018 को सिख लड़की… * को सरकारी एम्बुलेंस में बलात्कार किया गया। ऐसे बहुत

* Not recorded.

सारे उदाहरण हैं, जिनको मैं यहां बता सकता हूं। छोटी-छोटी बच्चों को किस प्रकार से अपहरण कर उनका बलात्कार किया जाता है। वहां पर महिलाओं को मेहंदी नहीं लगाई जा सकती है। वहां महिलाएं मंगलसूत्र नहीं पहन सकती हैं। वहां महिलाएं बिन्दिया नहीं लगा सकती हैं, ऐसे कई उदाहरण वहां देखे जा सकते हैं।

मैं आपको यह भी बताना चाहूंगा कि 19 जुलाई अमेरिका के 10 सिनेट मेम्बरों ने डोनाल्ड ट्रम्प एक लेटर लिख कर ज्ञापन दिया था। यह लेटर मेरे पास भी है।...(व्यवधान) इसमें उन्होंने स्पष्ट कहा था कि किस प्रकार से हिन्दुओं पर अत्याचार हो रहे हैं और सबसे ताज्जुब करने की बात है, जो डोनाल्ड ट्रम्प को रिपोर्ट में दी गई है कि वहां सबसे ज्यादा अत्याचार हो रहे हैं।...(व्यवधान)

SHRI PRADYUT BORDOLOI (NOWGONG): Madam Chairperson, thank you for giving me this opportunity to participate in the discussion on the Citizenship (Amendment) Bill, 2019.

Today, the ruling BJP Party, the Government is in a hurry to pass this Citizenship (Amendment) Bill, 2019. Why is this hurry? It is because this Bill has been an after-thought of the NRC of Assam. The State of Assam was the first State to be chosen for conduct of the NRC? NRC is not a new phenomenon. Way back in 1951 when the State of Assam along with the rest of the country attained Independence at that time the first Government in Assam decided to have NRC parallelly with the census operation. It is because the State of Assam bore the brunt of unabated migration. So, the Government of Assam in concurrence with the Government of India wanted to conduct an NRC because we wanted to have a baseline data on migration. In all these years, that fear has not been allayed. That is why the Assam agitation took place. Today, this Bill, apart from being unconstitutional, it has negated and nullified the Assam Accord. It is because the Assam Accord had proven to be time-tested and it proved to be the most successful conflict resolution formula. The Assam Accord brought in peace and stability in trouble-torn Assam. Today by negating this Assam Accord, we do not know what would be the future of the State of Assam. The State of Assam is now on fire. The *Lakshman Rekha* we had in the Assam Accord was a broad and accommodative one and the timeline given in that accord was 25th of

March, 1971. But through the provisions of this Bill that *Lakshman Rekha* has been brought forward by 43 years 9 months, that too on the basis of religion. God only knows what will happen to the future of the State of Assam. The identity and culture of the people is the most important thing. If you allow this unabated influx and migration again, the Assamese people will lose their identity. And that is why, this is uppermost in the minds of the Assamese people.

"Herou sarbanosiya sarajantrakarir dol, sun sabodhan bani"

I just quoted a line from an Assamese poem. I reiterate it here as a people's representative and as a stakeholder in the highest temple of democracy. That is why, I would like to forewarn the hon. Home Minister, the Government and the ruling Party that if you push the Citizenship (Amendment) Bill, you are pushing Assam, along with the North-East, into an era of uncertainty, turmoil and violence and probably, insurgency. That is why, Madam, this diabolical agenda has to be stopped because it has been taken up as an instrument of polarisation.

श्री शान्तनु ठाकुर (बनगांव): माननीय सभापति महोदया, इस सदन में आज मुझे कुछ बोलने का मौका मिला है। मैं एक ऐसे समुदाय से आता हूँ, जिसे मतुआ समुदाय कहते हैं। पूरे भारतवर्ष में मतुआ समाज के छ: करोड़ लोग हैं। इनमें डेढ़ करोड़ लोग रिफ्यूजी हैं। बांग्लादेश में जितने हिन्दू हैं, अगर उनमें डेढ़ करोड़ हिन्दू हैं, तो उनमें मतुआ समुदाय के 90 लाख लोग पीड़ित हो रहे हैं।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूँ। यह बिल एक ऐतिहासिक बिल है। हम देख रहे हैं कि हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और क्रिश्चियन्स, जो भारतवर्ष में शरणार्थी के रूप में हैं, को पूर्ण नागरिकता देने की पहल की जा रही है। मैं एक बात कहना चाहता हूँ। आज इस बिल को इस सदन में क्यों लाना पड़ा? वर्ष 1950 में पंडित जवाहर लाल नेहरू जी और लियाकत अली खान ने एक सौदा किया था कि भारतवर्ष से संख्यालोगू लोग बांग्लादेश में सेफ रहेंगे, वे वहाँ जाएंगे और उस पार से हिन्दू लोग इस पार आएंगे। इसके बाद ये पूरा प्रोसेस बंद हो गया। यह बहुत दिनों तक चला, लेकिन फिर बंद हो गया। इसी कारण से आज यह बिल लाना पड़ा है। विपक्षी दलों के लोग इसका विरोध कर रहे हैं। वे इसका पॉलिटिकल रीजन और टेक्निकल रीजन बहुत कुछ निकाल रहे हैं। अगर इसको ध्यान से देखें, थोड़ी मानवता से देखें, तो यह समझ में आता है कि आजादी के बाद से आज तक शरणार्थियों का मामला बंगाल के साथ पूरे भारतवर्ष में एक जटिल समस्या के रूप में बना हुआ है।

यूपीए सरकार ने पिछले 65 वर्षों में इसमें तरह-तरह के अमेंडमेंट्स करके इस मामले को और भी जटिल बना दिया है। अगर एक नज़र इतिहास की ओर देखें, तो ज्ञात होता है कि उस समय एक देश में दो लोगों के प्रधान मंत्री बनने का सपना था, जो बहुत ही कठिन था, जिसके कारण भारतवर्ष का विभाजन हो गया और आजादी के समय यह सबसे बड़ी कठिनाई आई।

देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने के लिए बहुत-से महान व्यक्तियों ने अपनी जानें गंवा दीं। कुछ लोगों ने देश का प्रधान मंत्री बनने के लिए धार्मिक भाव से देश का बंटवारा कर दिया, जिनकी

वजह से इन तीन देशों में, धार्मिक मतभेद की वजह से छ: धर्म के लोगों की आबादी दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। इसके साथ ही उनके अंदर एक डर भी बना हुआ है।

अगर इतिहास पर गौर करें, तो यदि वर्ष 1946 में कोलकाता का ग्रेट किलिंग और नोआखली का बहुत बड़ा दंगा नहीं होता, तो भारतवर्ष में भेदभाव का स्थान भी नहीं होता। इस वजह से हम लोग अखण्ड भारत को खण्ड के रूप में नहीं देखते। यह थी सबसे बड़ी कठिनाई।

महोदया, मैं एक और बात बताना चाहता हूँ, जो सबसे महत्वपूर्ण है। श्री जोगेन्द्र नाथ मंडल के बारे में मैं बोलना चाहता हूँ। इसके साथ ही, हमारी कम्युनिटी के एक और नेता थे, पिछले 73 सालों में जिनके बारे में किसी ने नहीं बोला, वे मेरे ग्रैंड फादर बैरिस्टर पी.ए. ठाकुर थे, जिन्होंने 19 दिसम्बर 1946 में कॉन्टीट्वेंट असेम्बली ऑफ इण्डिया में अपनी बात रखी थी।

He said:

> "This is also very important. We, the depressed classes are the original inhabitants of this country. We do not claim to have come to India from outside as conquerors, as do the Caste Hindus and the Muslims. As a matter of fact, India belongs to us and we cannot tolerate the idea that this ancient mother country of ours will be divided between the Muslims and the Caste Hindus only. I come from Bengal. Many of you might have heard of the civil disturbances over there. The Depressed Classes were the worst sufferers. We strongly repudiate any claim of the Muslim League to take away our beloved Bengal and constitute her into Pakistan. We also oppose the idea of grouping. We shall fight tooth and nail to maintain the integrity of India intact. I hope, better sense will prevail on Muslim League soon."

इसके बाद वर्ष 1948 में श्री पी.आर. ठाकुर ने जवाहर लाल नेहरू जी को एक पत्र भेज कर बताया था कि धार्मिक भेदभाव के कारण देश का भाग किया गया है। तब पूर्वी पाकिस्तान के चार

जिलों बाखरगंज, फरीदपुर, जसौर और खुलना को भारतवर्ष के अंदर लाना चाहिए। जवाहर लाल नेहरू जी ने बांग्लादेश और पाकिस्तान में विजिट करने के बाद इन जिलों के बारे में बोला कि ये वाटरलैण्ड हैं, इनकी जरूरत नहीं है । इससे क्लियर हो जाता है कि इसमें कांग्रेस पार्टी की नकारात्मकता थी।

SHRI THOMAS CHAZHIKADAN (KOTTAYAM): Respected Madam Chairperson, I thank you very much for allowing me to speak on this Bill.

Madam, my colleagues have already argued about how this Bill violates the Right to Equality under Article 14 and the secular nature of our Constitution by linking religious identity to claim citizenship. Therefore, I shall not repeat these arguments. Instead, I would request the hon. Home Minister to answer the following questions which I would like to raise before the House.

Madam, if the Bill is to help those who were left out on the wrong side of the partition, as argued by Leaders of the Ruling Party, then why has Afghanistan been included? Afghanistan was not a part of pre-partition India. If it is because Afghanistan has a nexus with India in terms of history, then why has Sri Lanka been excluded, especially when majority of Tamils who are Hindus, face religious and ethnic discrimination?

If the Bill has only included people from three neighbouring countries due to the degree of religious persecution, as was argued by Members of the Ruling Party, then why has Myanmar, a neighbouring country with the worst incidents of religious persecution in decades, in relation to the Rohingya crisis, been excluded?

Madam, if a person, who is born into the majority community but is an atheist, though in official documents, he is identified as a Muslim, faces religious

persecution due to his beliefs, why should that person be distinguished as those listed in this Bill?

Madam, there are numerous claims of forced conversion of Hindus and Christians in Pakistan. It has been something that the BJP had raised in the past. Now, once they have been forcefully converted, their official documents will identify them as Muslims. Due to the exclusion of Muslim community in this Bill, how will they claim any benefits under this Bill because documentary evidence will show them as Muslims? Is it not much better to have a general assessment of religious persecution to claim benefits under this Bill, rather than listing specific communities which are eligible?

I would like to make one more point. A report in *The Economic Times* quoted a senior functionary of the RSS to indicate that the real purpose of this Bill is to help the Hindus excluded by the NRC, thus only the Muslims excluded by the NRC will suffer. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : You do not even know how to quote the newspaper reports.

SHRI THOMAS CHAZHIKADAN: Madam, I want to say only one sentence in the end.

HON. CHAIRPERSON: No, these are unverified reports. I will not allow this. Please take your seat now. Shri Dilip Saikia to speak now.

***SHRI DILIP SAIKIA (MANGALDOI) :** Thank you Hon. Madam Chairperson for giving me an opportunity to speak on Citizenship Amendment Bill, 2019. Madam Chairperson I would like to thank our Hon. Prime Minister and the Home Minister. The Citizenship Amendment Bill which has been brought today will prove to be a milestone for the people of Assam in the days to come. Madam Chairperson, you are all well aware that 6 years long Assam agitation took place for deportation of illegal migrants. This 6 year long Assam agitation started from my Lok Sabha constituency Mangoldai. 855 people attained martyrdom in this agitation for deportation of illegal migrants. As a result of this agitation Assam accord was signed between the then Prime Minister of India Shri Rajiv Gandhi, Assam Government and the all Assam Gana Sangram Parishad in 1985. The Assam accord contained a number of clauses. One of the main clauses of the Assam accord was Clause 6. It makes provision for providing constitutional safeguards to the Assamese people.

From the year 1985 to 2019, 34 years have passed since the signing of the Assam accord. But for the implementation of clause 6 of Assam accord no Government took any step. Today my colleagues from Congress party Shri Gaurav Gagoi and Shri Pradyut Bordoloi are also sitting here in the House. Our former Prime Minister from the Congress party signed the Assam accord to deport

* English translation of the speech originally delivered in Assamese.

the illegal migrants. But even after 34 years of the signing of the accord they didn't take a single step to implement it.

Congress party would have surely supported CAB. But they have not supported CAB, as the word 'Muslim' has not been mentioned in the Bill. If the word Muslim had been mentioned in the CAB, the Congress party would have surely supported it. Madam Chairperson, it shows the double standard of the Congress party. Please give me one minute, Madam Chairperson. Lot of protests are going on in Assam. I will have to explain to them.

I have requested the Hon. Prime Minister and the Hon. Home Minister to take care of the interests of the people of Assam. Steps should be taken to implement clause 6 of the Assam accord in a time bound manner. Steps should also be taken so that Assamese language remains the medium of instruction in Assam.

*SHRI THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM): Madam Chairperson, First of all I thank you for giving me an opportunity to speak on this Citizenship Amendment Bill, 2019. Revolutionary leader Dr. Ambedkar said that the generosity of the majority community and democracy lies in protecting the rights of the minority communities. In the name of majority community, you cannot be against the rights of the minorities. It is not only undemocratic but also of Fascism. Through this Amendment Bill it is evident that our country is heading towards Fascism. It is the height of Fascism to separate only particular religion and telling them they have no place in this country. It is the pride of a highly civilized society to welcome those who come as refugees. It can only then be humanitarian. A person can live without a house but not without a country. Those who have no national identity and who came to our country seeking refuge should be given citizenship. That should be the duty of any civilized government. It is a highly uncivilized activity of our government to target a particular community, especially the Muslims. All those, except Muslims, who belong to neighbouring countries like Afghanistan, Bangladesh and Pakistan and who are affected due to partition, those who have declared as belonging to a State religion, will get citizenship as per provisions of this Bill. This was stated by Hon Minister for Home Affairs. But this is not in agreement to all these three criterions. When you mention about neighbouring countries, you have not included Sri Lanka, Myanmar and Nepal.

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

There is no explanation as to why these countries have not been included as neighbouring countries. Even in Sri Lanka, the State religion is declared other than those 3 countries mentioned in the Bill. In Myanmar too there is State religion. This factor is not also in agreement with the Bill. It is evident that the government is contradicting itself. I want to register here that as many as 1 lakh Sri Lankan Tamils, i.e. Tamils of Eelam are living in this country - Twenty thousand persons in camps and 30 thousand persons outside camps and all of them are not Muslims. If I say in your language, they are all Hindus. I want to ask why this government has not come forward to give citizenship to Sri Lankan Tamils who are Hindus as well and whether they are denied citizenship as they are Tamils. I want to ask whether Tamils and Muslims are the ones to be boycotted. I strongly oppose the Bill. Thank you.

श्री भगवंत मान (संगरूर) : सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record except the speech of Shri Bhagwant Mann.

...(Interruptions) ... *

श्री भगवंत मान: महोदया, मैं सबसे पहले मेरे बीजेपी के मित्रों को यह बताना चाहता हूं कि मैं बोलना शुरू कर रहा हूं, जिसको मेरा मुंह सूंघना है, वह अभी आ जाए, क्योंकि बीच में डिस्टर्ब होता है।...(व्यवधान) जिसको मेरा मुंह सूघना है, वह अभी आ जाए, आप फिर बीच में आते हैं, तो डिस्टर्ब होता है । मैं जब भी सच बोलता हूं, तो आपको शक होता है ।...(व्यवधान) आप आइए ना फिर।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Mr. Thirumaavalavan, it is not even going on record. Please take your seat.

श्री भगवंत मान: महोदया, जो भीमराव अंबेडकर जी का संविधान है, इस बिल के जरिए उसका कत्ल हो रहा है। आज़ादी के बाद किसी को भी धर्म के नाम पर सिटिजनशिप नहीं मिली है।...(व्यवधान) पंजाब से लगभग 150-200 साल पहले हमारे बुजुर्गों को अंग्रेज मेघालय, सिक्किम, असम ले गए थे। वे तो वहीं पर हैं। अब उनके दादाओं और पिताओं के बारे में कहां से पता करेंगे? फिर उनका क्या होगा? वहां पर पंजाबी हैं। अभी वहां के गुरुद्वारे में एक घटना हुई थी। मैं यह कहना चाहता हूं कि अगर इस बिल के जरिए आप मान लीजिए कि आपने ऐसे 50 लाख लोगों की शिनाख्त कर ली कि ये लोग इल्लीगल हैं, तो फिर आप उनका क्या करेंगे? आप उनको कहां लेकर जाएंगे? क्या आप उनके लिए कोई शरणार्थी कैंप बनाएंगे? आप क्या बनाएंगे? बांग्लादेश तो उनको नहीं लेगा, तो इंटरनेशनल कानून

* Not recorded.

के मुताबिक आप उनका क्या करेंगे? अगर शरणार्थी कैंप बनाएंगे, तो मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी, आदि सब कुछ देना पड़ेगा। यह बिल हमको लेकर कहां जा रहा है?

22.00 hrs

मैडम मैं यह कहना चाहता हूँ कि पाकिस्तान से, अफगानिस्तान से, बंग्लादेश से जो शरणार्थी हैं, उनको हम लेना चाहते हैं, जो हमारे देश से शरणार्थी गए हैं, जर्मनी, इटली, इंगलैंड, हॉलैंड, बेल्जियम में गए हैं, वे आपने काली सूची में डाल रखे हैं। …(व्यवधान)

माननीय सभापति : उनकी सरकारें डिपोर्ट करती हैं।

…(व्यवधान)

श्री भगवंत मान: मैडम, आखिरी बात कहना चाहता हूँ। …(व्यवधान) मैडम, हम भी आर्यन लोग हैं, हम आर्यन लोग हैं, हम भी ऐसे ही आए थे तो हम कहां जाएंगे? …(व्यवधान)

माननीय सभापति: मान साहब, वो डिपोर्ट हो जाते हैं। आगे बोलिए।

…(व्यवधान)

श्री भगवंत मान : मैडम, मैं आखिर में एक शेर बोलूंगा कि

" लंबे सफर को मीलों में मत बांटिए, कौम को कबीलों में मत बांटिए।
एक बहता दरिया है, मेरा भारतवर्ष, इसको नदियों और झीलों में मत बांटिए। "

श्री पल्लब लोचन दास (तेजपुर): मैडम, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने के लिए मौका दिया है। …(व्यवधान) इस बिल के बारे में सभी ने बहुत उच्चस्तरीय बात रखी है और असम की तरफ से भी इस बात को रखा है। अभी असम में लोगों को बहुत एप्रिहेंशंस हैं कि इस बिल के बाद असम में क्या होगा। एजिटेशन भी चल रहा है। मैडम, सन् 1979 से यह असम आंदोलन हुआ था, असम एजिटेशन हुआ था और छह साल आंदोलन के बाद आसू, राज्य सरकार और केंद्र सरकार के साथ असम एकॉर्ड हुआ था। हमारे असम के लोगों का एप्रिहेंशन है। मैं माननीय गृह मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा क्योंकि नॉर्थ-ईस्टर्न जितने भी राज्य हैं, सबकी जो भी प्रॉब्लम्स हैं, उनकी जो एप्रिहेंशंस हैं, सबको रीड्रेस करने का काम उन्होंने किया है। सभी ऑर्गनाइजेशंस के साथ उन्होंने बात की है, ऑल पॉलिटिकल पार्टीज़ के साथ बात की, ऑल चीफ मिनस्टिर्स के साथ बात हई, उसके बाद बिल को ड्राफ्ट किया गया। फिर भी असम के लोगों में थोड़े से एप्रिहेंशंस हैं तो मैं आपके माध्यम से सरकार से बोलना चाहूंगा कि असम एकॉर्ड का मूल बिंदु था कि असमी लोगों का प्रोटैक्शन होना चाहिए। असमीज़ लोगों का कंस्टिट्यूशनल राइट प्रोटैक्ट होना चाहिए। असमीज़ कल्चर और असमीज़ लैंग्वेज को प्रोटैक्ट करना चाहिए। इसके ऊपर असम एकॉर्ड हुआ था। लेकिन इस असम एकॉर्ड की जो मूल आत्मा थी, उसके ऊपर काम नहीं हुआ। बाकी बिंदुओं पर काम हुआ, लेकिन इस बिंदु पर काम नहीं हुआ। पहली बार हमारी सरकार ने इस बार असम एकॉर्ड के क्लाज़- 6 के इम्पिलिमेंटेशन के लिए एक कमेटी बनाई है। उस कमेटी के थ्रू हम लोग आशा करते हैं और मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि असमी लैंग्वेज को राज भाषा की मर्यादा देनी चाहिए, और हमारी वहां पर जितनी कम्युनिटी हैं, छह कम्युनिटी को एसटी स्टेटस देना चाहिए। असम एकॉर्ड को असमी लोगों के कंस्टीट्यूशनल प्रोटैक्शन के लिए क्लॉज़ सिक्स को इम्पिलिमेंट करना चाहिए। हमारी जो भी विधान सभा है, उस विधान सभा को प्रोटैक्शन देना चाहिए। क्योंकि बाकी एरिया को प्रोटेक्शन मिला हुआ है तो हम चाहेंगे कि उसको भी प्रोटैक्शन देना चाहिए, क्योंकि हमारे मन में जो एप्रिहेंशंस हैं,

उनको रिड्रेस किया जाए। मैं आशा करता हूँ कि भारत सरकार इन बिंदुओं को देख कर इनके ऊपर काम करेगी।

माननीय सभापति: श्री अरविंद सावंत – उपस्थित नहीं।

श्री बी.महताब जी।

…(<u>व्यवधान</u>)

HON. CHAIRPERSON: Now, it is gone. अब तो गया सर, अब महताब साहब आ गए हैं। अगली बार बोलिएगा। पहले महताब जी बोल लें। Mahtab *saheb* is already there.

…(<u>व्यवधान</u>)

HON. CHAIRPERSON: Everybody is sticking to the rule of three minutes.

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam, I want another two minutes more.

HON. CHAIRPERSON: No, Sir.

…(<u>व्यवधान</u>)

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Madam, during the debate that took place on Articles 5 and 6 on 10th August, 1949 in the Constituent Assembly, Dr. B.R. Ambedkar, the Chairman of the Drafting Committee of the Constitution of India had expressed hardship in drafting Article 5. He said: “It is not the object of this

particular Article to lay down a permanent law of citizenship for the country. The business of laying down a permanent law of citizenship has been left to the Parliament." He further said: "The entire matter regarding citizenship has been left to the Parliament to determine by any law that it may deem fit." So, those who are doubting that the Parliament does not have the capacity to do it, it is what the maker of the Constitution, Dr. Ambedkar has said. He further said: "They must not understand that the provisions that we are making for citizenship on the date of the commencement of this Constitution are going to be permanent or unalterable. All that we are doing is to decide *ad hoc* for the time being." Therefore, I believe, this is not the last amendment that is being made. Further, in future, amendments of the Constitution on citizenship also will happen.

Dr. Rajendra Prasad, of course, said: "I do not like that we should follow the precedent of any other country." Vallabhbhai Patel had said on 29th April: "It is important to remember that the provisions about citizenship will be scrutinised all over the world." Even today, when you are making this amendment, it will be scrutinised all over the world.

But more pertinent is what Jawaharlal Nehru had said on 14th August, 1947: "We think also of our brothers and sisters who have been cut off from us by political boundaries and who unhappily cannot share at present in the freedom that has come. They are of us and will remain of us whatever may happen, and

we shall be sharers in their good and ill fortune alike." These are the startling words which he had mentioned on 14th August.

I also repeat what Dr. Shyama Prasad Mukherjee had said: "Let us not forget that the Hindus of East Bengal are entitled to the protection of India, not on humanitarian considerations alone, but by virtue of their sufferings and sacrifices, made cheerfully for generations, not for advancing their own parochial interests, but for laying the foundations of India's political freedom and intellectual progress."

This also reminds me what the then Home Minister, Shri Indrajit Gupta said in the Parliament in 1997. He said: "The influx of large number of people has visibly impacted our demographic pattern in several parts of India, particularly in North-Eastern region." Shri Indrajit Gupta also pointed out in the Parliament in 1997 the change in demographic structure in Assam by stating that Assam had four million illegal immigrants. This was in 1997.

What I would like to know from the Government is this. What efforts have been made by successive Governments to put in place a structured and robust migration refugee policy? This was a question which was deliberated in the Joint Parliamentary Committee.

HON. CHAIRPERSON: Mahtab *ji*, I will have to stop you.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Mr. Rajnath Singh is present here. When this Bill was moved in this House in the 16th Lok Sabha, I would say very humbly that I was the first person to stand up and request the Government that let this be referred to the JPC and it was referred to the JPC. Mr. Kalyan Banerjee was a Member of that Committee; Sougata *da* was a Member of that Committee. We deliberated on that subject and I had moved three amendments. I am happy to mention here that two amendments have been accepted by the Government. What were those two amendments?

HON. CHAIRPERSON: That is a part of the Committee Report.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Before coming to that subject, I would say that the three countries that have been mentioned are theocratic States, namely Pakistan, Afghanistan and Bangladesh. The Government has not mentioned about Bhutan, Myanmar and Sri Lanka because they are not theocratic States.

HON. CHAIRPERSON: Shri Arvind Sawant *ji*.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Madam, I would just conclude.

HON. CHAIRPERSON: Sorry, Mahtab *ji*. At the time of amendment, you can speak. Two minutes extra have already been given.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Madam, I would just like to mention one quote.

I want to take cognizance of a former Prime Minister. *....(Interruptions)*

HON. CHAIRPERSON : Saumitra Khan ji.

....(Interruptions)

श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर): मैडम, सिटीजनशिप (अमेंडमेंट) बिल, 2019 के सपोर्ट में मैं बोल रहा हूं। महाभारत के कृष्ण और बलराम को तो नहीं देखा, लेकिन इस बिल के ऊपर हमारे बंगाल में एक महाभारत हो रहा है।

*Therefore today, I will speak in Bengali. We have not seen Krishna and Balaram of Mahabharat, but we have seen Narendra Modiji and Amit Shah ji for whom, today the wait of 2.5 crore people of West Bengal is going to end; they had waited so long for the Bill to be passed. They had hoped that each and every Hindu person coming from Bangladesh would survive in India and the dream in going to be fulfilled. So I salute my two great leaders.

Today, the member from Diamond Harbour, West Bengal was speaking. He said 6 people have died due to NRC. On August 4, 2005, here in the august House, the Trinamool Congress supremo, present Chief Minister Ms. Mamata Banerjee had demanded NRC in Bengal. In 1993 she had vociferously supported NRC during the Writers' march, but today she is against it. She is opposed to the Bengalis, why I don't understand. Rohingyas have creeped into Bengal. The Anandamargis were killed there in the past. In the present time, the Hindus are

---

… English translation of the speech originally delivered in Bengali.

being tortured. Therefore today, this is a burning issue for the Hindu Bengalis. 2.5 crore Bengalis waited for this day with bated breath, to get the right to live with our heads held high. All Bengalis will survive in this country, this is the most important thing. Regarding the bill presented by Hon. Amit Shah ji, I just wish to mention one thing – when the Left Front was in power, Anandamargis were assassinated. During the Trinamool regime, the President of Party in Diamond Harbour, member of Rajya Sabha announced that the Hindus would not be allowed to take part in the election. 79 persons were killed during the village panchayat election.

Thus I wish to say that passing of this bill is very necessary in out of 293 assembly constituencies, 30,000 to 40,000 persons of Bangladeshi origin stay in 280 constituencies. Can you face them? Can you explain to them why you have been opposing this bill? Today the Chief Minister is asking people not to sign on any document, she is spreading misinformation. RSS office bearer Rai Bahadur Singh has been shot at in Bengal. This is the situation. *

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Thank you, Madam Chairperson. I rise to oppose the Bill because of some specific reasons. *....(Interruptions)* When a new Member like me entered the august House, I heard a very good Address of the hon. President of India to the Joint Session of both the Houses. He quoted some beautiful lines of Sree Narayana Gurudevan, a social reformer ever since –

"Jathi bhedham, matha dvesham
Ethumillathe sarvvarum
Sodarathvena vazhunna
Mathrukaa sthanamaanithu"

The translation of these lines is: This is the place where there is no hatred on the basis of caste or religion and all of us are living in harmony as brothers and sisters in this model place. Madam, I do not know whether my translation is correct or not. But things have changed. All things are converting into hatred and fear. They say one thing and do another in accordance with their agenda. Hence, I oppose this Bill.

Madam, this Bill is against the cardinal principles laid down in the Preamble of our Constitution as well as in Articles like 5, 10, 14, 25, etc. Many speakers from the Opposition side have already gone through the constitutional validity of this Bill. So, I am not going into the details in this regard.

At the outset, I would like to say that the proposed amendment to the Citizenship Act is dangerous for the unity of our country. We should remember

one thing that during partition, Mahatma Gandhiji had said that 'dividing India is like tearing my heart into two.' Now, the BJP Government is dividing India's heart through the Citizenship (Amendment) Bill. According to this Bill, for getting citizenship, this is an easy way to do *ghar wapsii* to any of the six religions scheduled in this Bill. Even a Muslim can get the citizenship if he or she is ready to change his faith. Here, the Government is trying to divert people's agitation against the Government due to their anti-people policies and the impact of economic slowdown which are burning or sensitive issues.They should remember one thing that they cannot win by playing this game at all times. My humble request to the Government is to not change the democratic, secular country into a religious country. I may remind that to divide people on the basis of religion was the practice followed by the Hitler in Germany. I condemn the divisive politics of the BJP Government and strongly oppose the Citizenship (Amendment) Bill, 2019. Thank you.

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI): Madam, I thank you for giving me this opportunity to speak.

I strongly oppose this Bill due to two pertinent reasons. First, I have become a Member of this House after taking the oath that I will honour the Constitution of India. This Bill is ruthlessly killing certain important provisions of the Constitution and I do not want to be a party to that. Second, if we pass this Bill, the soul of our Constitution will get wounded. I myself and my party is not at all interested in joining with such an irregular move. Due to these two pertinent reasons, I oppose the Bill.

Madam, what is happening in this country now? We are trying to make communal kind of a division in the society. It is quite unfortunate that we are putting some tag on the nation, on a particular religion. It should not be the India. Of course, we are having a glorious tradition of communal harmony. The Government should not try to make any tag on secularism. It is the soul of the nation. If we make India for a particular religion, that is against the spirit of it. India is not of Hindus, Muslims or Christians; India is of Indians. We must not take that out of it.

I would like to say one more thing. If we pass this legislation, it will have far-reaching consequences. This time, it is against the Muslims. We feel that if this

provision is passed tomorrow, this will be used against any other religion, caste etc.

Hon. Members were saying many things about the difficulties faced by the people of Pakistan, Afghanistan and Bangladesh. I would like to make a humble appeal. We must have an introspection on the situation prevailing in our country also. We are having a very strong provision in the Constitution – Article 25. What is happening? Article 25 of the Constitution is being attacked like anything.

HON. CHAIRPERSON: Dr. Rajdeep Roy.

SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER: Madam, let me just complete. Please give me one minute.

HON. CHAIRPERSON: Mr. Basheer, it has come on record. Somebody from your party has already spoken. What do I do? There is time constraint.

Dr. Rajdeep Roy.

DR. RAJDEEP ROY (SILCHAR): Madam Chairperson, I thank you for the opportunity given to me on this momentous day to speak in favour of the Bill.

I emphatically stand here representing a community which has not been heard in the Parliament for the last 70 years. It is important to mention here that I come from an uprooted family. मेरे दादा जी रात के अंधेरे में सिलहट डिस्ट्रिक्ट के उस पार से इस पार आए थे। वह बैलगाड़ी पर चढ़कर अपने परिवार के 12 लोगों को बचाने के लिए, अपना घरबार तथा खेत-खलिहान खाली छोड़कर देश के उस पार से इस पार आए थे। आज इस दिन के लिए मेरा परिवार 70 सालों से इंतजार कर रहा है।

मैं आज के दिन भारत के प्रधान मंत्री, भारत के गृह मंत्री, भारत के पूर्व गृह मंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि तीनों ने मिलकर सचमुच में 56 इंच की छाती किसको कहते हैं, वह दिखाया है। मैं इस मौके पर अपने प्रदेश के मुख्य मंत्री और डॉ. हिमंत बिश्व सरमा को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने इस बिल को पायलट करने में ग्राउंडवर्क किया।

महोदया, बंगाल पार्टिशन वर्ष 1905 में हुआ । बंगाल पार्टिशन के बाद भारतवर्ष में रिवोल्यूशनरी मूवमेंट स्टार्ट हुआ। इसकी नींव आज के बांग्लादेश में ढाका अनुशीलन समिति ने रखी थी। इसके लीडर्स मास्टर सूर्य सेन और विपिन चंद्र पाल थे। I trace my roots to the village from where Bipin Chandra Pal came, that is the Sylhet District. The partition happened not just in India but also in Sylhet District. My family shifted to only 60 km. from this side of the border to the other side of the border to save the lives.

Bhaga-Jatin is also on the other side of the border. It is important to mention here that their contribution cannot be forgotten by the present day India. As Indians we are breathing the free air because they have not asked for their

share, they have not asked for their pound of flesh. इन्होंने अपने लिए कुछ नहीं मांगा। ये यह भी नहीं जानते कि इनका जो प्रोजनी है, इनकी जो नेक्स्ट जेनरेशन है, यह आज किस हालत में रहती है। It is being alleged that Master Surja Sen का जो घर है, वह आज के दिन गैर लोगों के कब्जे में है। It is important to mention here that a lot of promises were made before partition. I do not want to mention all that because नेहरू जी का नाम इसमें आ गया, सरदार वल्लभभाई पटेल जी का नाम इसमें आ गया, बापू जी का नाम आ गया। Already they have been quoted. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिनकी फोटो रखकर वर्ष 1951 से हम लोग राजनीति कर रहे हैं, उनका भी नाम आ गया। He said while giving his resignation on 19.4.1950, "the circumstances that have led to my resignation are primarily concerned with the treatment of minorities in Pakistan, especially in East Bengal". हमारे देश के लीडर्स ने माइनोरिटी को हमारे देश में सुरक्षित रखने के लिए जो-जो करना था, वह किया। लेकिन ईस्ट पाकिस्तान और वैस्ट पाकिस्तान के जो लीडर्स थे, they have not done anything and they have not carried out their responsibility. …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Dr. R.K. Ranjan

DR. RAJDEEP ROY : Madam, I seek your indulgence for just 60 seconds. I will complete within that time. …(*Interruptions*) They say this Bill is unconstitutional. I would like to draw the attention of the House to article 14.

HON. CHAIRPERSON: Just speak one last line.

DR. RAJDEEP ROY : Madam, article 14 talks about equality. But equality can be only amongst equals. …(*Interruptions*)

DR. R.K. RANJAN (INNER MANIPUR): Madam thank you for giving me this chance. Actually my State is under overriding trouble triggered by the illegal migrants, threatening the extremely limited land resources. It is finding difficult to secure its socio-political and economic life and it is also losing its natural environmental conditions due to illegal migrants. Since the listing of this Bill in this Session, my home is confronted by different kinds of agitators. I am also feeling insecure because our people are insecure.

But today after listening to our hon. Home Minister all my anxieties and even the apprehensions of the people of Manipur have been removed. Therefore, I thank our Prime Minister and also our Home Minister. I strongly support this Bill. *Jai Hind*.

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Thank you very much Madam Chairperson. This Bill is not just an affront to the basic tenets of equality and religious non-discrimination that have been enshrined in our Constitution but also an all-out assault on the very idea of India that our forefathers gave their lives for during the freedom struggle. Our freedom movement was split on the issue of whether religion should be the determinant of nationhood. Those who believed in that were those who advocated the idea of Pakistan. Mahatma Gandhi onwards, Nehru ji, Ambedkar ji, and Maulana Azad ji believed in the opposite, that religion has nothing to do with our nationhood, and they created a free country for all people of all religions, regions, castes and languages. The Indian Constitution rejected the notion of the two-nation theory. If this Bill passes, Madam Chairperson, it will mark the victory of Mohammad Ali Jinnah's thinking over that of Mahatma Gandhi.

You cannot say that you reject Pakistan while advocating the same logic as Pakistan. Ironically it goes against the historic legacy of Hindus in this country. Swami Vivekananda has already been quoted. He said how proud he was to speak of a nation that has long given refuge to the persecuted of all nations and all faiths.

We lived up to Swami Vivekananda by giving refuge to Tibetan refugees, to the Bahai Community, to Sri Lankan's Tamil and ten million Bangladeshis, the

largest refugee exodus in human history, without once asking them what their religion was.

Today, you are violating Article 14 of the Constitution by singling out one community and refusing to grant them asylum from oppression. Madam, Chairperson, we already have had a partition of the Indian soil. This Bill is marking a partition of the Indian soul and I beg this Government not to proceed with this.

You yourself, while speaking from the floor, went on about UNHCR's work. Actually, it is not UNHRC, it is UNHCR. I worked for them for 11 years and I can tell you, how sad it is that India is one of the few democracies in the world not to have ratified either the refugee convention or protocol and India is one of the few democracies not to have a refugee law.

HON. CHAIRPERSON: We have the maximum number of refugees as compared to any other countries.

… (*Interruptions*)

DR. SHASHI THAROOR: That is the irony, Madam …(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He asked a question and I answered it.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: He named me and I answered him.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Minister will answer you.

श्री अमित शाह: सभापति महोदया ने कहा कि वह किसी की तरफ या विरुद्ध नहीं हैं, उन्होंने फैक्चुअल स्टेटमेंट दिया है, स्पीकर की चेयर पर बैठने वाले को यह अधिकार है और वह ऐसा कर सकती हैं।

DR. SHASHI THAROOR: Hon. Minister, I am saying that we have a wonderful record of refugees. I said about the largest refugee extradition in the history but we have not created any legal instruments. I went to the former Home Minister and give him my Private Members' Bill, requesting a national asylum and refugee policy. I have met the MOS and also the Home Secretary. The Government has not been interested in pursuing this. Madam, you took away some of my time.

The point is that unfortunately the Government is not taking any basic step which is required under international law to improve the determination of refugee status, to go ahead with ensuring fair treatment of refugees. That is, anybody who is fearing persecution on the grounds of ethnicity, gender, political opinion, sexual orientation – all these people are excluded from this Bill.

Madam, the Prime Minister himself has said that सरकार का एक ही धर्मग्रंथ होता है, भारत का संविधान। The fact is that this Bill goes against the basic structure of the Constitution as Dr. Ambedkar has explained it.

HON. CHAIRPERSON: You have taken more than ten minutes.

DR. SHASHI THAROOR: It seems to me that differentiating on the basis of religion, you have omitted Muslim minorities like Ahmadis in Pakistan, Persian and Hazaras in Afghanistan, Rohingyas in Bangladesh. In fact, you have left out Myanmar altogether even though we have a border with it.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): सभापति महोदया आपने मुझे समय दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद। सुबह से शाम तक संविधान की बहुत सारी बातें हुईं। मैं आपके बीच डेढ़ करोड़ गोरखाओं के लिए खड़ा हूं। आपको मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि जब संविधान बनी, कन्सटीट्यूएंट असेम्बली में दो गोरखा भी थे और वे दार्जिलिंग कालिंगपुरम क्षेत्र में थे। आज मुझे अच्छा लग रहा है क्योंकि मैं अपनी आंखों के सामने टीएमसी का सपना चकनाचूर होता हुआ देख रहा हूं। यही टीएमसी सरकार बंगाल में एनआरसी में सभी को भ्रमित करके 2021 का सपना देख रही थी। मैं गृह मंत्री जी को बधाई देता हूं, सीएबी के कारण इनका सपना चकनाचूर हो गया।

मेरा जन्म मणिपुर में हुआ है। मैं गृह मंत्री जी को बधाई देता हूं, क्योंकि उन्होंने मणिपुर की बहुत चिंता की है। अब इनर लाइन परमिट आईएलपी की व्यवस्था मणिपुर में भी हो रही है। मैं कहना चाहता हूं कि गोरखाओं का अपने देश में बहुत बड़ा योगदान है। आज भी वे अपना धर्म निभा रहे हैं। लेकिन, मुझे दु:ख है कि वर्ष 2017 में टीएमसी सरकार ने 11 गोरखाओं को बीच सड़क पर गोली से मार दी थी। आज भी हमारे 5000 गोरखा भाई घर से बाहर जंगल में रहने को मजबूर हैं। …(व्यवधान) इन्होंने गोरखाओं के लिए 16-16 तरीके के बोर्ड बनाने की बात करके 2019 में चुनाव जीतने की कोशिश की थी।

माननीय सभापति : राजू जी, बैठ जाइए। गृह मंत्री जी अपना जवाब शुरू कर रहे हैं।

माननीय मंत्री जी।

श्री अमित शाह: महोदया, जब मैं यह बिल लेकर सदन के सामने उपस्थित हुआ तब मैंने कहा था कि यह बिल उन लाखों-करोड़ों शरणार्थियों की यातना का अंत करने वाला बिल है, जो आज नरक का जीवन जीवन जी रहे हैं। …(व्यवधान)

22.31 hrs (Hon. Speaker *in the Chair*)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, आप सभी शांत रहिए।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष जी, यह एक महत्वपूर्ण विषय है। मेरा आप से निवेदन है, मैं आपसे संरक्षण चाहता हूं। सभी लोगों ने बोला, मैंने धैर्य से सुना। बात सच्ची हो, हमें ठीक लगे, न लगे, हमारे विचार से इत्तेफाक रखती हो, न रखती हो, सबको धैर्य से सुना । मेरा आपके माध्यम से सभी सदस्यों से निवेदन है कि अब मुझे भी धैर्य से सुनें और बीच में टोका-टोकी न करें।

माननीय अध्यक्ष: मैं एक बार आसन से व्यवस्था दे दूं।

प्रो. सौगत राय: आप व्यवस्था दे दीजिए।

माननीय अध्यक्ष: व्यवस्था सभी लोग मानेंगे न ?

प्रो. सौगत राय: गृह मंत्री व्यवस्था न दें, आप दीजिए।

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, सभी सदस्यों से मेरा आग्रह है कि इस सदन में एक अच्छी बहस हुई, चर्चा हुई और सभी सदस्यों को पर्याप्त अवसर दिए गए। जितना समय आबंटित था, उस आबंटित समय से ज्यादा समय सभी राजनीतिक दलों को दिया गया और व्यक्तिगत सदस्यों को भी दिया गया। इसलिए, मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि हम सबको इस महत्वपूर्ण विधेयक पर गृह मंत्री जी

का वक्तव्य सुनना चाहिए। उसके बाद सदन तय करेगा, इस विधेयक के बारे में आप जो फैसला करेंगे, अंतिम फैसला आप सबकी सहमति से होगा।

श्री अमित शाह: अध्यक्ष महोदय, मेरे द्वारा बिल प्रस्तुत करने के बाद श्री मनीश तिवारी से लेकर श्री राजू बिश्त तक 48 सदस्यों ने पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने इस बिल की चर्चा में हिस्सा लिया है। मैंने पहले ही कहा कि यह बिल लाखों-करोड़ों शरणार्थियों के यातनापूर्ण नरक जैसे जीवन से उनको मुक्ति दिलाने का साधन बनने जा रहा है। मुझे बहुत आनंद है कि आज ये लाखों-करोड़ों शरणार्थी जो भारत के प्रति श्रद्धा रखते हुए हमारे देश में आए थे, उनको नागरिकता और संवैधानिक सम्मान देने का काम इस बिल के माध्यम से, जब यह पारित होगा तो, हो जाएगा।

अध्यक्ष जी, काफी सारे सदस्यों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया है, बहुत सारी चीजों का रिपिटेशन भी हुआ है, मगर मैं एक-एक करके, सभी का जवाब जरूर देना चाहता हूं, क्योंकि इस बिल के बारे में जो अपप्रचार हो रहा है, जो भ्रान्ति फैलाई जा रही है, मैं नहीं चाहता कि इस बिल के माध्यम से, इस सदन की चर्चा माध्यम से, भारत के किसी भी कोने में वह भ्रान्ति फैले और वह भ्रान्ति टिक पाए। …(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय : इस बिल के साथ एनआरसी का क्या संबंध है? …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: उनकी प्राब्लम है। उनकी समस्या है।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: अध्यक्ष महोदय, श्री मनीश तिवारी जी ने सबसे पहले और बाकी सारे सदस्यों ने, श्री प्रेमचन्द्रन जी, श्री शशि थरूर जी ने भी आर्टिकल-14 का हवाला देते हुए इस बिल को गैर-संवैधानिक करार दिया। माननीय अध्यक्ष जी, मैं सभी सदस्यों को, इस सदन को और आपके माध्यम से सदन के सदस्यों को और सदस्यों के माध्यम से पूरे देश की जनता को कहना चाहता हूं कि किसी भी डायमेंशन से यह बिल गैर-संवैधानिक नहीं है, न आर्टिकल-14 का उल्लंघन करता है। आर्टिकल-14 में जो समानता का अधिकार दिया गया है, मैंने पहले भी कहा है कि उसके तहत रीजनेबल क्लासिफिकेशन के आधार पर कानून बनाने से आर्टिकल-14 में कोई रोक नहीं है। अब मैं इसे थोड़ा एक्सप्लेन करना चाहता हूं। थोड़ा इसके बैकग्राउण्ड में जाना पड़ेगा। हो सकता है कि मेरी बात सबको अच्छी न लगे, मगर सुनने का धैर्य भी रखना चाहिए, क्योंकि इसी में से, कैसे यह गैर-संवैधानिक नहीं है, इसका तर्क खड़ा होता है।

मान्यवर, अच्छा तो यह था कि इस देश का विभाजन धर्म के आधार पर न होता। अगर इस देश का धर्म के आधार पर विभाजन न होता तो इस बिल को लेकर आने की मुझे जरूरत ही नहीं पड़ती। इस देश का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ, यह एक वास्तविकता है। इस वास्तविकता को इस सदन को स्वीकार करना चाहिए। जब विभाजन धर्म के आधार पर हुआ है तो आप इसको स्वीकार किए बगैर आगे नहीं चल सकते। धर्म के आधार पर विभाजन हुआ। जिस हिस्से में ज्यादा मुस्लिम भाई रहते थे, उस हिस्से को पाकिस्तान के नाम से अलग देश बनाया गया और भारत का बचा हुआ हिस्सा भारतीय संघ के नाम से प्रस्थापित हुआ, जो आज हमारा भारत देश है। आगे चलकर पाकिस्तान में भी पश्चिम पाकिस्तान था और पूर्वी पाकिस्तान था, जो बांग्लादेश में तब्दील हुआ। बीच में एक विभीषिका आई। दोनों ओर से शरणार्थियों का आना-जाना, मार-काट, बलात्कार, लूट हुई, ढेर सारे परिवारों ने इन यातनाओं को झेला है। जिन्होंने विभाजन की यातना को झेला है, वे ही बता सकते हैं कि यह यातना कितनी कड़ी और कठिन थी। मगर उसके बाद क्या हुआ? नेहरू-लियाकत समझौता हुआ।

1950 में दिल्ली में नेहरू-लियाकत समझौता हुआ और उस समझौते के तहत यह निश्चित किया गया कि दोनों देश अपने-अपने अल्पसंख्यकों का ध्यान रखेंगे, भारत भी रखेगा और पाकिस्तान भी रखेगा। बाद में बांग्लादेश बना।

मान्यवर, मैं यह सब इसलिए बता रहा हूं कि सरकार यह जो बिल लेकर आई है, इसकी एक पृष्ठभूमि है। दोनों देशों की सरकारों ने एक-दूसरे को यह विश्वास दिलाया था कि पाकिस्तान के अंदर जो हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और क्रिश्चियन हैं, उनका ध्यान पाकिस्तान रखेगा और यहां पर जो माइनॉरिटीज हैं – मुसलमान, क्रिश्चियन, पारसी, बौद्ध, जैन – उनका भारत ध्यान रखेगा। मगर पाकिस्तान में ऐसा हुआ नहीं। ऐसा नहीं हुआ, मैं उस पर बाद में आऊंगा, मगर 1950 का नेहरू-लियाकत समझौता धरा का धरा रह गया। जिन तीन देशों से आने वाले लघुमति को हम नागरिक बनाने का वायदा इस बिल के माध्यम से कर रहे हैं, माइनॉरिटी को नागरिक बनाने का वायदा कर रहे हैं, उन तीन देशों के संवैधानिक स्टेटस पर जाना चाहता हूं, उनके राज्य की स्थिति बताना चाहता हूं। अफगानिस्तान इस्लामिक रिपब्लिक के संविधान के अनुच्छेद-2 में प्रावधान किया है कि पवित्र धर्म इस्लाम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का धर्म है। मतलब वहां इस्लाम को राज्य के धर्म के रूप में मान्यता दी है। पाकिस्तान इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद-2 में लिखा गया है कि पाकिस्तान राज्य का धर्म इस्लाम होगा। बांग्लादेश जब बना, तब उसका संविधान सेक्युलर था। वर्ष 1977 और 1988 में इसमें बदलाव किया गया कि राज्य धर्म इस्लाम है। इन तीनों देशों के अंदर राज्य धर्म इस्लाम है। इसे मान्यता हमने नहीं दी है।...(व्यवधान)

डॉ. शशि थरूर: श्रीलंका में क्या है?

श्री अमित शाह : मैं एक-एक चीज का जवाब दूंगा। आपको चाहिए तो कल सुबह तक बैठूंगा, मुझे टोकिए मत।

अध्यक्ष जी, इन तीनों देशों का धर्म जो संविधान में लिखा गया है, वह बताना इसलिए जरूरी है कि वहां माइनोरिटीज को न्याय मिलने की संभावना इसी से क्षीण हो जाती है, लगभग समाप्त हो जाती है। माइनोरिटीज पर क्या-क्या जुल्म हुए, इसके बारे में बहुत से माननीय सदस्यों ने बताया है कि कैसी-कैसी घटनाएं हुईं, कैसे-कैसे उन्हें प्रताड़ित किया गया। ये दोनों तथ्य बताने के बाद मैं सदन को आगे ले जाना चाहता हूं कि आगे 40-50 साल बाद क्या हुआ। वर्ष 1947 में पाकिस्तान के अंदर अल्पसंख्यकों की आबादी 23 प्रतिशत थी। दादा, ध्यान से सुनो। वर्ष 2011 में अल्पसंख्यकों की आबादी 23 प्रतिशत से कम हो कर 3.7 प्रतिशत हो गई। पूर्वी पाकिस्तान में वर्ष 1947 में अल्पसंख्यकों की आबादी 22 प्रतिशत थी और वर्ष 2011 में यह अभी के बांग्लादेश में कम हो कर 7.8 प्रतिशत रह गई। ये लोग कहां गए या तो उनका धर्म परिवर्तन हो गया या भारत में आए या मार दिए गए या प्रताड़ित करके भगा दिए गए। मैं उन लोगों से पूछना चाहता हूं जो विरोध करते हैं, इन माइनोरिटी का, जो अल्पसंख्यक हिंदू, सिख, बौद्ध, ईसाई, जैन पारसी, क्रिश्चियन हैं, इनका क्या दोष है? उन्हें इस प्रकार से क्षीण कर दिया गया। हम चाहते हैं कि उनका अस्तित्व बना रहे और वे सम्मान के साथ दुनिया में रहें।…(व्यवधान) मान्यवर, आप इन्हें बैठा दीजिए।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: आप यह पुस्तक पढ़ लीजिए।…(व्यवधान)

श्री अमित शाह : बैठ जाओ भाई। मैं इस पर भी आता हूं।…(व्यवधान) मान्यवर, यह ठीक नहीं है। इन्हें आपको रोकना चाहिए।…(व्यवधान) पूरी दुनिया देख रही है। भारत के संविधान को कोई कह रहा है कि हिंदू राष्ट्र बनने जा रहा है और भारत का संविधान पक्षपात कर रहा है। मैं आज आपको बताना चाहता हूं कि भारत में क्या हुआ। भारत के अंदर वर्ष 1951 में 84 प्रतिशत हिंदू थे और वर्ष 2011 में वह 84 प्रतिशत से घटकर 79 प्रतिशत हुए। यहां आबादी नहीं बढ़ी है, लेकिन वहां आबादी बढ़ी है और मुस्लिम…(व्यवधान)।

मान्यवर, यहां पर वर्ष 1951 में मुस्लिम 9.8 प्रतिशत था, आज वह 14.23 प्रतिशत है। हम ने किसी के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं किया है। मैं इस सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आगे भी धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं होगा। इसका मैं सदन को विश्वास दिलाता हूं, परन्तु धर्म के आधार पर पड़ोसी देशों में वहां के अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार हो रहा है, प्रताड़ना हो रही है तो भारत मूकदर्शक बन कर नहीं रह सकता है, उनको बचाना पड़ेगा, उनको सम्मान देना पड़ेगा, उनको सुधारना पड़ेगा।

मान्यवर, इसलिए मैं फिर से आर्टिकल 14 पर आता हूं। आर्टिकल 14 में कहा गया है कि समानता का अधिकार जिसमें न हो, ऐसे कानून संसद नहीं बना सकती, मैं यह मानता हूं। मगर, यह कोई धर्म के लिए नहीं हुआ है, यह क्लास के लिए हुआ है, माइनॉरिटी के लिए हुआ है, हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी, क्रिश्चन, ये सारी माइनॉरिटीज के लिए हुआ है। अगर इसमें सिर्फ पारसियों के लिए करते तो आर्टिकल 14 जरूर आड़े आता। अगर सिर्फ बौद्धों के लिए करते तो आर्टिकल 14 जरूर रास्ते में आता। सिर्फ हिन्दुओं के लिए करते तो भी आर्टिकल 14 का जरूर वायलेशन होता। सिर्फ सिखों के लिए करते तो भी आर्टिकल 14 का जरूर वायलेशन होता। मगर यह प्रताड़ित क्लास के लिए, प्रताड़ित माइनॉरिटी के प्रोटेक्शन के लिए अगर कानून बनाते हैं, तो आर्टिकल 14 कहीं पर वायलेट नहीं होता।

मान्यवर, कई सारे ऐसे कानून हैं। ये सारे विद्वान लोग बैठे हैं। मुझे जवाब दें कि अगर आर्टिकल 14 के आधार पर ऐसे कानून नहीं बन सकते हैं, तो माइनॉरिटी एजुकेशन, इंस्टिट्यूशन के लिए अभी कैसे कानून बना है?...(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी: स्पेशल स्कीम है।...(व्यवधान)

श्री अमित शाह : मैं बताता हूं, आप बैठ जाइए।...(व्यवधान) ओवैसी जी, आप एक मिनट के लिए बैठ जाइए।...(व्यवधान) वह आर्टिकल 14 को वायलेट नहीं करती है।...(व्यवधान)

श्री असादुद्दीन ओवैसी : वह नहीं करता है।...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: वह क्यों नहीं करता है?...(व्यवधान) वह भी करेगा।...(व्यवधान)

मान्यवर, मुझे रक्षण देना चाहिए। मैंने सभी को सुना है। मुझे इन लोगों को सुनना चाहिए।...(व्यवधान) कल्याण बनर्जी जी बैठ जाइए।...(व्यवधान) दादा बैठ जाइए।...(व्यवधान)

मान्यवर इनको बैठाना पड़ेगा, ऐसे भाषण नहीं हो सकता है।...(व्यवधान) मैं अभी भी कहना चाहता हूं कि बिल किसी भी धर्म के प्रति भेदभाव से युक्त नहीं है, केवल और केवल उन लघुमतियों के प्रति एक पॉजिटिव भाव लेकर आया है, जो ये तीन देशों के अंदर प्रताड़ित हैं और जो प्रताड़ित हैं, वे शरणार्थी हैं। वे हमारी शरण में आते हैं। वे घुसपैठिए नहीं हो सकते हैं। वे भाग कर आए हैं। वे वहां से भाग कर आए हैं, हम उनको घुसपैठिए का स्टेटस नहीं दे सकते हैं।

मान्यवर, इसलिए मैं कहता हूं कि यह रीजनेबल क्लासिफिकेशन अंदर है।...(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: इनकी संख्या बताइए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप उनका जवाब सुनिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : आप पूरा जवाब सुनिए ओर बीच-बीच में टोका-टोकी नहीं करिए।

...(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह : मैं आपके माध्यम से सारे लोगों को कहता हूं।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : किसी भी माननीय सदस्य को बैठे-बैठै वक्तव्य देने की इजाजत नहीं है।

…(व्यवधान)

प्रो. सौगत राय: हम खड़े होकर बोलेंगे।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यों को आसन के बिना परमिशन खड़े होने की भी इजाजत नहीं है।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मैं सभी से कहना चाहता हूँ कि अध्यक्ष जी जिनको अनुमति देंगे, उनके सारे सवालों के जवाब मैं भाषण के बाद भी दूँगा। कृपया मेरे भाषण में आप मुझे बोलने दीजिए। …(व्यवधान) आप बाद में सवाल पूछ लें दादा, लेकिन बीच में खड़े न हों।…(व्यवधान)

यह बिल न तो आर्टिकल 14, न ही 21, न ही 25 का वायलेशन करती है। यह बिल पूर्ण रूप से संविधान की दृष्टि से ठीक है।

श्री मनीश तिवारी जी ने कहा, UN Conventions on Refugees और UN protocol on refugees, 51 और 67 का हमने साइन किया है। लेकिन हमने कभी साइन नहीं किया है।

श्री मनीश तिवारी (आनंदपुर साहिब): मैंने International Covenant of Civil and Political Rights कहा है। मैंने UN Conventions on Refugees नहीं कहा है। …(व्यवधान)

श्री अमित शाह: ठीक है, मगर हमने कोई रिफ्यूजी पॉलिसी को स्वीकार नहीं किया है।

डॉ. शशि थरूर जी ने कहा, श्रीमान राजनाथ सिंह जी ने जो कहा है, उसे मैं फिर से सदन के सामने रिपीट करना चाहता हूँ। यह सरकार मानती है कि कोई रिफ्यूजी पॉलिसी की जरूरत नहीं है।

हमारा कानून पर्याप्त है। भारत सरकार तय करे कि सारे रिफ्यूजियों को शरण देना है। इसके लिए कोई रिफ्यूजी पॉलिसी की जरूरत नहीं है।

उन्होंने एक बहुत ही अच्छा इतिहास का उदाहरण दिया है कि पारसी गुजरात के किनारे आए। राजा ने एक दूध का गिलास भेजा। उन्होंने शक्कर डाली और उन्होंने कहा कि हम घुल-मिलकर रह जाएंगे। यह हमारी परम्परा है और पारसी को स्वीकार लिया गया। लेकिन मनीश जी यह भूल गये कि पारसी भी धार्मिक रूप से प्रताड़ित होकर आए थे। वे ऐसे ही नहीं आए थे। जब उनको ईरान से भगाया गया, जब उनका पारसी धर्म का अस्तित्व खतरे में आया, तब उनको भारत ने शरण दी थी। आज भी जिनका धर्म खतरे में आया और जिनको अपने परिवारों का प्रोटेक्शन करना था, वे यहाँ आए, हम उन्हीं को शरण दे रहे हैं।

मनीश जी ने जो उदाहरण दिया, वह उनकी दलील के ही खिलाफ है।...(व्यवधान)

श्री मनीश तिवारी: मंत्री जी, मैंने सिर्फ इतना कहा था कि सबको संरक्षण दीजिए।...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मैं उदाहरण की बात कह रहा हूँ।

माननीय अध्यक्ष जी, उन्होंने बड़ी शान से एक शेर पढ़ा कि 'लम्हों ने खता की थी और सदियों ने सजा पाई थी।' मैं भी कह रहा हूँ कि 'लम्हों ने खता की थी और सदियों ने सजा पाई है।' मगर श्री नरेन्द्र मोदी जी अब प्रधान मंत्री हैं। अब लम्हों की खता नहीं होगी, न ही सदियों तक सजा प्राप्त करने का मौका आएगा। यह खता हम नहीं करने वाले हैं। किसी भी व्यक्ति को अपने परिवार की बहन-बेटियों को, बहुओं को बचाने के लिए यहाँ आना पड़े और उसे हम न लें, उसका धर्म बचाने के लिए उसको यहाँ आना पड़े और उसको हम न लें, हम उसको नागरिकता न दें, यह गलती हम नहीं कर सकते मान्यवर। हम उसको संवैधानिक सम्मान भी देंगे और उसे पूरे विश्व के सामने सम्मान के साथ खड़ा करेंगे।

उन्होंने कहा, टू नेशन की थ्योरी श्री सावरकर की थी। यह श्री सावरकर की थी या नहीं थी, हम इस विवाद में जाना नहीं चाहते। मगर जब जिन्ना साहब ने टू नेशन थ्योरी इवोल्व की, प्रचारित की, प्रसारित की और विभाजन हुआ, तो कांग्रेस पार्टी के लोग बताएँ कि विभाजन क्यों स्वीकार किया? उसे क्यों नहीं रोका? …(व्यवधान)

मान्यवर, महात्मा गांधी ने कहा था कि अगर इस देश के टुकड़े होंगे, तो गांधी जी की मृत देह पर होंगे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने धर्म के आधार पर इस देश के विभाजन को स्वीकार करके यह सारी चीजें इसके आधार पर हुईं…(व्यवधान) धर्म के आधार पर देश का विभाजन कांग्रेस पार्टी ने स्वीकार किया था। …(व्यवधान) यह एक ऐतिहासिक सत्य है। इसको कोई नकार नहीं सकता।…(व्यवधान)

मान्यवर, दयानिधि मारन जी ने कहा कि आप पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर को मानते हो, उसके नागरिकों को नहीं मानते हो। दयानिधि मारन साहब, आपको वास्तविकता मालूम नहीं है। पाक ऑक्यूपाइड कश्मीर भी हमारा है, उसके नागरिक भी हमारे हैं और आज भी कश्मीर की असेम्बली के अंदर इसके लिए 24 सीट्स रिजर्व रखी हैं। आपको मालूम नहीं है, बोलना सरल है, लेकिन बोलने के हिसाब से करना बड़ा कठिन है। मान्यवर, उन्होंने कहा कि श्रीलंका के लोगों को नागरिकता क्यों नहीं दी। जब सुबह पुर:स्थापन के वक्त विरोध आया था, तब मैंने कहा था कि अलग-अलग समय पर अलग-अलग प्रकार से नागरिकता दी गई है। जैसे, विभाजन के बाद जो लोग आए थे, सभी को नागरिकता दी गई। वर्ष 1971 में बांग्लादेश जो आए थे, उनको नागरिकता दी गई, दण्डकारण्य प्रकल्प में 1959 में जो बांग्लादेश से आए थे, उनको नागरिकता दी गई, तमिलनाडु के जो भाई लंका से आए, उनको भी नागरिकता दी गई। लाल बहादुर शास्त्री और भंडार नायके के 1964 व श्रीमती गांधी और भंडार नायके के बीच 1974 में जो समझौते हुए, उनसे भारत में 5.25 लाख श्रीलंकाई तमिल को:-…(व्यवधान)

SHRI SU. THIRUNAVUKKARASAR : They were all refugees. Under an agreement, they came. …(*Interruptions*)

श्री अमित शाह: मैं यही कह रहा हूं कि इसमें एग्रीमेंट था। इसके बाद भारत सरकार ने कुल मिलाकर 4.61 लाख भारत मूल के श्रीलंकन तमिलों को नागरिकता दी। जब यह नागरिकता श्रीलंकन तमिलों को दी, तब क्या बांग्लादेश वालों को नहीं दी? पाकिस्तान वालों को नहीं दी थी? युगाण्डा से जब आए, तब बांग्लादेश वालों को नहीं दी थी? अफगानिस्तान वालों को नहीं दी थी? पाकिस्तान वालों को नहीं दी थी? हर बार जो किया वह एक स्पैसिफिक प्रॉब्लेम …(व्यवधान) को देखते हुए किया गया था।

SHRI DAYANIDHI MARAN : This is after 1985. …(*Interruptions*)

श्री अमित शाह: पहले आप मुझे सुन लीजिए। मान्यवर, जब भी नागरिकता के बारे में कोई इंटरवेंशन हुआ है, एक स्पैसिफिक प्रॉब्लम को सॉल्व करने के लिए हुआ है। जब युगाण्डा के लिए नागरिकता दी थी, तब दुनिया भर से आए सभी लोगों को नागरिकता नहीं दी थी, सिर्फ युगाण्डा से जो भारतीय आए थे, उनको दी थी। इसलिए इस बार इन तीनों देशों से जो धार्मिक लघुमति आया है, उसको नागरिकता दी है। किसी को भी नागरिकता न देने की कोई दुर्भावना नहीं है, न तमिलों को है और न ही श्रीलंका से आए हुए शरणार्थियों को है, क्योंकि इन तीनों देशों से जो धार्मिक शरणार्थी आए हैं, उनको एड्रेस करने के लिए यह लेकर आए हैं, इसलिए यह हो रहा है, मैं उसको भी स्पष्ट करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा कि माइनोरिटी की व्याख्या बहुत संकुचित है। हमारी माइनोरिटी की व्याख्या संकुचित नहीं है। दयानिधि मारन साहब, मेरा हिन्दी में वक्तव्य होता है तो ट्रांसलेशन में थोड़ी गड़बड़ हुई होगी। मैं आपको बता दूं कि मैं यहां की माइनोरिटी की बात नहीं करता हूं। यह पूरा विधेयक उन तीनों देशों में जो धार्मिक माइनोरिटी है, उसके लिए है। हमारी व्याख्या संकुचित नहीं है। यह सनातन सत्य है, उन तीनों देशों के संविधान के हिसाब से सत्य है कि वहां पर मुस्लिम माइनोरिटी नहीं है।

इसको कैसे झुठलाया जा सकता है? जब बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान की माइनोरिटी की बात करेंगे और तीनों राज्यों का धर्म इस्लाम होगा तो वहां इस्लाम के अनुयायी कैसे माइनोरिटी हो सकते हैं? हमारी व्याख्या संकुचित नहीं है, वहां के संविधान का प्रोविजन ऐसा है, जो मुस्लिमों को माइनोरिटी का स्टेटस नहीं देता है, इसलिए ऐसा नहीं है। इस देश में इतने सारे मुसलमान हैं, कोई भेदभाव नहीं होता है, सब जी रहे हैं। यहां चित्र ऐसा बनाया जा रहा है कि इस देश के मुसलमानों के साथ अन्याय हो रहा है, ऐसा नहीं है। वहां की जो स्थिति है, उसमें मुस्लिम धर्म के अनुयायी वहां माइनोरिटी नहीं हैं, इसलिए उनको नहीं स्वीकार कर रहे हैं। उनके साथ अन्याय नहीं कर रहे हैं। अगर वह माइनोरिटी होते तो उनको भी स्वीकार कर लेते। रोहिंग्या क्या कहते हैं, रोहिंग्या के लोग वाया बांग्लादेश आते हैं, ब्रह्मदेश के लोग वाया बांग्लादेश आते हैं। ब्रह्मदेश सेक्युलर कंट्री है, फिर भी वाया बांग्लादेश आते हैं।

23.00 hrs

रोहिंग्या को कभी भी स्वीकार नहीं किया जाएगा, मैं आज फिर से स्पष्ट कर देना चाहता हूं।

मान्यवर, उन्होंने कहा कि माइनोरिटी में डर है। मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि माइनोरिटी में कोई डर की भावना नहीं है। अगर है तो भी, जो आपके वक्तव्य से थोड़ी हुआ भी होगी, मैं सभी माइनोरिटी के मेरे भाइयो-बहनों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए, …(व्यवधान) इस देश में किसी भी धर्म के नागरिक को डरने की जरूरत नहीं है। यह सरकार सबको सुरक्षा, सबको समानता और समान अधिकार देने के लिए कटिबद्ध है। मान्यवर, इसलिए किसी को डरने की जरूरत नहीं है।

आज अभिषेक बनर्जी जी ने भी इस पर भाषण दिया। मैंने पहली बार सुना, शायद छ: साल में पहली बार बोले हैं, मगर बहुत अच्छा बोले हैं।…(व्यवधान) मैंने कहा कि पहली बार सुना है। इन्होंने

टैगोर, विवेकानंद और बंकिम बाबू का उल्लेख किया, तीनों को कोट किया। मगर मैं एक छोटा सा सवाल पूछना चाहता हूं। बंकिम बाबू, टैगोर और विवेकानंद के बंगाल की कल्पना क्या ऐसी थी, जिसमें दुर्गा विसर्जन के लिए कोर्ट में जाना पड़े।...(व्यवधान) सरस्वती पूजन न हो...(व्यवधान) क्या यह कल्पना की थी...(व्यवधान) मान्यवर, यह गुस्सा क्यों हो रहे हैं, मैंने तो इनको कुछ नहीं कहा? ...(व्यवधान) मैंने तो इनको कुछ नहीं कहा...(व्यवधान) मैंने कहां टीएमसी के बारे में कुछ कहा है?...(व्यवधान) मान्यवर, मैंने तो टीएमसी के बारे में कुछ नहीं कहा है...(व्यवधान) मान्यवर, मुझे मालूम नहीं पड़ रहा है कि ये इतना गुस्सा क्यों हो गए? ...(व्यवधान) मैंने तो टीएमसी का नाम भी नहीं लिया...(व्यवधान) मैंने तो टीएमसी बोला ही नहीं...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सब बैठ जाइए।

श्री अमित शाह : अध्यक्ष जी, उन्होंने कहा कि एनआरसी और सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल ट्रैप है। मान्यवर, इसमें कोई ट्रैप नहीं है। यह सीधा-सादा लेजिस्लेशन है, जो तीनों देशों से आए हुए धार्मिक लघुमतियों को, शरणार्थियों को नागरिकता प्रदान करेगा। यह ट्रैप उनको जरूर लग सकता है, जो वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को शरण देना चाहते हैं। यह उनको ट्रैप जरूर लग सकता है, जो वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को शरण देना चाहते हैं, उनको हम सफल नहीं होने देंगे। यह ट्रैप उनको जरूर लग सकता है। मैं बंगाल के सभी माननीय सदस्यों को कहना चाहता हूं, दोनों ओर के, यहां के भी और वहां के भी, कि लाखों-लाख लोगों को जो नागरिकता मिलने वाली है, वे सभी बंगाली शरणार्थी हैं, क्या आप नहीं चाहते हैं कि बंगाली बौद्ध, हिन्दू, सिख, क्रिश्चियन शरणार्थियों को नागरिकता मिले...(व्यवधान) आप नहीं चाहते हैं।...(व्यवधान) मान्यवर, मैं थोड़ी स्पष्टता इसलिए भी करना चाहता हूं।...(व्यवधान) मैं इसलिए थोड़ी स्पष्टता करना चाहता हूं कि ये लोग...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, प्लीज बैठ जाइए।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह : मान्यवर, मैं आज इस सदन के माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि यह बिल जिसके लिए लाया गया है, उन तीनों देशों से, पूरब और पश्चिम, देश के दोनों हिस्सों में, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, दिल्ली, बंगाल, असम, नार्थ-ईस्ट और हरियाणा में भी हैं। इन सभी जगहों पर जो शरणार्थी नागरिक बनने जा रहे हैं, मैं उन सबसे यह कहना चाहता हूं कि एक दुष्प्रचार हो रहा है कि आप राशन कार्ड निकाल दीजिए, वरना आप विदेशी हो जाएंगे। आप यह निकाल दीजिए, वरना विदेशी हो जाएंगे। लाइनों की लाइनों लगा दी हैं। किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। राशन कार्ड हो या न हो, यह विधेयक आपको शक्ति देगा, आप नागरिक बन सकते हैं। किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है।…(व्यवधान)

मान्यवर, मैं इसलिए कहता हूं कि कुछ पार्टियां भ्रम फैला रही हैं कि हम ही आपको बचा सकते हैं। हम आपको बचा लेंगे। आइए, राशन कार्ड निकाल दीजिए। आइए, सर्टिफिकेट ले जाइए। आइए, वह ले जाइए। मान्वयर, मैंने कहा है कि डाक्यूमेंट है, नहीं है, डेट चली गई है, आधा है, अधूरा है, पूरा नहीं है, सबको नागरिक बनाना है। डाक्यूमेंट्स की कोई जरूरत नहीं है। यह जो अफवाएं फैलाई जा रही हैं, उन अफवाहों में किसी को आने की जरूरत नहीं है, किसी को भी डरने की जरूरत नहीं है। मैं एक बार फिर से यह कहता हूं कि घुसपैठिया और शरणार्थी के बीच में अंतर है। जो प्रताड़ित होकर अपने परिवार की महिलाओं की इज्जत बचाने के लिए, अपने धर्म को बचाने के लिए, जो यहां पर धार्मिक प्रताड़ना के आधार पर आता है, वह शरणार्थी है और जो यहां पर अवैध रूप से घुसकर आता है, वह घुसपैठिया है। इन दोनों के बीच में अंतर है।…(व्यवधान)

मान्यवर, सुप्रिया बहन ने कहा है कि मैं जब धारा 370 का बिल लेकर आया था, तो अब धारा 371 के लिए क्या करना है? मैं आपके माध्यम से सदस्या जी से यह कहना चाहता हूं कि धारा 370

और 371 में अंतर है। धारा 371 किसी को अलग संविधान नहीं देता है। धारा 371 किसी को अलग झंडा नहीं देता है। धारा 371 अलग राज्य या राष्ट्र की मांग करने के लिए किसी को नहीं उकसाता है। हम धारा 371 को कभी-भी नहीं छेड़ेंगे। मैं पूरे नार्थ-ईस्ट को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम धारा 371 को कभी-भी नहीं छेड़ेंगे।

माननीय अध्यक्ष जी, उन्होंने श्री सनाउल्लाह का नाम लिया है। इसमें सरकार का कोई दोष नहीं है। मैं आपके माध्यम से सुप्रिया बहन से यह कहना चाहता हूं कि विदेशी ट्रिब्यूनल सेकंड कामरूप का एक आर्डर है। उस आर्डर के तहत जब तक फाइनल आर्डर न हो, तब तक उनको इस लिस्ट से बाहर रखा गया है। यह ज्यूडिशियल प्रोसिडिंग है और ज्यूडिशियल प्रोसिडिंग के तहत इसको रखा गया है। इसलिए हमने इनके साथ कोई भेदभाव नहीं किया है। इन्होंने मेरे भाषण का उल्लेख करते हुआ कहा है। सुप्रिया जी ने सच कहा है, मुझसे बोलने में गलती ही हुई थी। इसलिए, मैंने लोक सभा सचिवालय को दूसरे ही दिन इसमें सुधार करने के लिए अपना पत्र भी दिया था। मैं यह मानता हूं कि वह सुधार हो गया होगा। मैंने यह कहा था कि इसकी सब लोगों से चर्चा हुई है। सब लोगों ने सहमति दी है, उस शब्द को बदलकर मेरी समझ में जो अंतर था, मेरी जानकारी में जो अंतर था, मैंने उसको करैक्ट कर लिया है। आपने ठीक ही कहा था कि उसमें गलती हुई थी।

मान्यवर, उन्होंने कहा है कि एनआरसी फेल हो गया है। मैं इस सदन को एक बार फिर से आश्वस्त करना चाहता हूं कि जब हम एनआरसी लेकर आएंगे, तो इस देश के अंदर एक भी घुसपैठिया नहीं बच पाएगा। किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैं बड़े अधिकार के साथ कहता हूं। अधीर रंजन चौधरी जी ने जवाब दिया और वह सांप्रदायिकता पर जोर-जोर से बोलते रहे। मैं भी सुन रहा था, क्योंकि अध्यक्ष जी का आदेश था कि बीच में नहीं बोलना है। मगर मैं देश की जनता से यह कहना चाहता हूं कि कांग्रेस एक ऐसी बिन सांप्रदायिक पार्टी है कि इसके साथ केरल में मुस्लिम लीग

पार्टनर है और महाराष्ट्र में शिवसेना पार्टनर है।...(व्यवधान) मैंने ऐसी बिन सांप्रदायिक पार्टी अपने जीवन में नहीं देखी है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: गृह मंत्री जी के अलावा किसी की बात अंकित नहीं हो रही है।

माननीय गृह मंत्री जी।

...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, कृपया बैठ जाइए। वे भी बैठ गए हैं। आप भी बैठ जाइए।

माननीय गृह मंत्री जी।

...(व्यवधान)

श्री अमित शाह : मान्यवर, उन्होंने कहा कि इन तीन देशों को ही क्यों ले रहे हैं? चीन को क्यों नहीं ले रहे हैं? नेपाल को क्यों नहीं ले रहे हैं? श्रीलंका को क्यों नहीं ले रहे हैं? म्यांमार को क्यों नहीं ले रहे हैं।

मान्यवर, मैंने पहले भी कहा कि हर बार नागरिकता पर, जब-जब भी इस देश में निर्णय हुआ, कोई एक निश्चित परिस्थिति के आधार पर, निश्चित प्रकार की समस्या को हल करने के लिए निर्णय हुआ। अभी बंग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से जो रिलीजस माइनोरिटीज़ आई हैं, उनके लिए यह निर्णय है, इसलिए किसी के साथ उसका सवाल नहीं है। जहां तक नेपालियों की बात है, सन् 1950 में 31 जुलाई को भारत-नेपाल शांति और मैत्री संधि, अनुछेद – 7 के अनुसार दोनों देश अपने-अपने क्षेत्रों में दूसरे देश के नागरिकों को निवास, संपत्ति का स्वामित्व, व्यापार, वाणिज्य और एक समान अधिकार देने के लिए सहमति हुई है और नेपाली नागरिकों को भी अर्जी के आधार पर आज भी आसानी से नागरिकता मिल रही है, इसमें कोई बाध्यता नहीं है। ...(व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: सर, असम में गोरखा समाज को डी-वोटर आज भी दे रहे हैं। पूर्व गृह मंत्री के नोटिफिकेशन के बाद भी गोरखा समाज को डी-वोटर आज भी दे रहे हैं। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, अगर कोई भी बीच में खड़ा हुआ तो उसको किसी को भी क्लैरिफिकेशन की इजाजत नहीं दी जाएगी। मैंने अब व्यवस्था दे दी है।

…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, नेपाल के नागरिकों को आज के वर्तमान कानून से भी नागरिकता लेने में कोई तकलीफ नहीं है।

मान्यवर, ओवैसी साहब ने अभी कहा कि एनआरसी का बैकग्राउंड बना रहे हैं। एनआरसी का कोई बैकग्राउंड बनाने की जरूरत नहीं है। हम इस पर बिल्कुल साफ हैं कि इस देश में एनआरसी हो कर रहेगा। …(व्यवधान) कोई बैकग्राउंड बनाने की जरूरत नहीं है। हमारा घोषणापत्र ही बैकग्राउंड है। …(व्यवधान) मान्यवर, उन्होंने कहा कि मुसलमानों से नफरत क्यों है? हमें कोई नफरत नहीं है। मैं आपको कहता हूँ कि जनाब आप नफरत खड़ी मत करना, मेहरबानी कर दीजिए। हमें कोई नफरत नहीं है। मैं फिर से स्पष्ट करना चाहता हूँ, बार-बार करना चाहता हूँ क्योंकि एक-एक सदस्य बोला है कि यह मुसलमानों के साथ अन्याय है। मैं कहना चाहता हूँ कि इस देश के किसी भी मुसलमान का इस बिल से कोई वास्ता नहीं है। यह बिल जो है, वहां से आने वाले हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और क्रिश्चियन शरणार्थियों को नागरिकता देने के लिए है। इसका भारत में रहते हुए भारत के नागरिक - मुसलमानों से कोई लेना देना नहीं है। …(व्यवधान) मान्यवर, गोगोई जी ने कहा कि …(व्यवधान) मान्यवर, गोगोई जी ने कहा कि सारे नॉर्थ ईस्ट के राज्य चिन्ता में हैं। मगर शायद उन्होंने भाषण सुना नहीं, सारे के सारे नॉर्थ ईस्ट के राज्यों ने इस बिल का समर्थन किया है और समर्थन में वोट करने के लिए कहा है। सिक्किम के एमपी ने खड़े होकर कहा, मैंने उनको व्यक्तिगत रूप से भी बुला कर कहा और मैं अभी भी

उनको कहता हूं कि आपके किसी कानून में इससे दखल नहीं होता है। धारा 371(एफ) आपको अच्छी तरह से प्रोटेक्ट करता है और सीएबी के सारे रूल्स जब तक आपकी असेम्बली ओके नहीं करती, धारा 371(एफ) आपको प्रोटेक्ट करता है, इसलिए आपको भी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। फिर से मैं, क्योंकि नॉर्थ ईस्ट में बहुत सारे लोग भ्रांतियाँ फैलाने की चेष्टा कर रहे हैं, इसलिए मैं फिर से कह रहा हूँ कि पूरा अरुणाचल, तापिर गाव जी सुन लीजिएगा, पूरा अरुणाचल इनर-लाइन परमिट से प्रोटेक्टेड है। अरुणाचल को चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं है। पूरा मिजोरम, एमपी साहब सुन लीजिएगा और मिजोरम वाले भी टीवी पर सुन लें, पूरा मिजोरम इनर-लाइन परमिट से प्रोटेक्टेड है, किसी को चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं है।

मान्यवर, पूरा नागालैंड इनर-लाइन परमिट से, दीमापुर के छोटे से हिस्से को बाहर करके, पूरा प्रोटेक्टेड है, पूरे नागालैंड को चिन्ता करने की कोई जरूरत नहीं है। मणिपुर आज प्रोटेक्टेड नहीं है। मगर हम यह बिल तभी नोटिफाइड करेंगे, जब मणिपुर को इनर-लाइन परमिशन दे दी जाएगी। त्रिपुरा के अंदर भी, त्रिपुरा ट्राइबल एडीसी क्षेत्रों में सीएबी लागू नहीं होगा और एक हाई लेवल कमेटी ट्राइबल समुदाय के हितों की रक्षा के लिए जो बनाई थी, उसको और विस्तृत करके उनके सारे हितों की चिंता भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार कर रही है। मेघालय लगभग पूरा, थोड़ा हिस्सा छोड़ कर सिक्स्थ शेड्यूल के प्रावधानों के अंदर सीएबी (कैब) के बाहर है। मेघालय को भी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। असम समझौता वर्ष 1985 में हुआ, कांग्रेस ने क्लॉज 6 को कभी नहीं अमल में लाने की चेष्टा की। हमने क्लॉज 6 के अंदर कमेटी बना दी है, असम के लोगों की ही कमेटी है, वह स्पीड से अपना काम कर रही है। असम के मूल निवासियों के सभी अधिकारों की, उनकी भाषा की, उनके साहित्य की, उनकी बोली की, उनके पॉलिटिकल रिजर्वेशन की, इन सब चीजों की चिन्ता करेगी और वह कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट देगी तो असम को भी चिन्ता करने की जरूरत नहीं है। बीटीसी,

कार्बी आंगलोंग, दीमा हसाओ, एडीसी, सीएबी के बाहर हैं और असम के 6 समुदायों के लिए भी, सुबह मैंने कहा, इस प्रकार से हम अलग से विचार कर रहे हैं।

मान्यवर, इन्होंने जो एक स्टेटमेंट दी, इसको मैं जरूर क्लियर करना चाहूंगा कि एनआरसी के अंदर गोरखा, पंजाबी, बिहारी, मारवाड़ी जो नॉर्थ ईस्ट में रहते हैं, वे लोग बाहर हो जाएंगे। यह सत्य नहीं है। यह स्टेटमेंट ठीक नहीं है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए।

श्री अमित शाह : मैं बताता हूं, आप बैठ जाओ। मैं सब बताता हूं।...(व्यवधान) मान्यवर, कोई पंजाबी, मारवाड़ी, बिहार के, ओडिशा के किसी निवासी को घुसपैठिया करार नहीं दिया जाएगा। एनआरसी के अंदर जो भारत के मूल निवासी हैं, उन सब को यहां पर ही रहना होगा और यहीं पर रहने का उनका अधिकार है और बंगालियों का भी। पूरे नॉर्थ ईस्ट को इस दृष्टि से चिन्ता करने की जरूरत नहीं। श्री प्रेमचन्द्रन ने भी आर्टिकल 14 के हिसाब से कहा कि अनकॉन्स्टीट्यूशनल है। मैंने आगे उसका जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सब माइनोरिटीज़ को देते हो, तो मुस्लिम को क्यों नहीं देते? उनका बहुत अच्छा सवाल है। हर एक के मन में यह सवाल होना चाहिए। मगर जिन तीन देशों के लोगों को दे रहे हैं, वहां मुस्लिम माइनोरिटीज़ नहीं हैं, इसलिए मुस्लिम को नहीं देते। वहां पर वह माइनोरिटी नहीं है। अगर माइनोरिटी होते तो उनको भी मिलता, मगर वह नहीं है, इसलिए नहीं देते। बड़ा सरल जवाब है। इसमें इतना सारा क्लमसी कुछ नहीं है कि जो समझ में न आए।

शशि थरूर जी ने कहा कि धर्म के आधार पर नागरिकता नहीं देनी चाहिए। शशि थरूर जी, आज़ादी के बाद काँग्रेस के शासन में जितनी बार भी सारे शरणार्थियों को नागरिकता दी गई, वह धर्म के आधार पर ही दी गई, क्योंकि विभाजन ही धर्म के आधार पर हुआ था। जो सारे शरणार्थी आए थे, उनमें ज्यादातर हिन्दू और सिख थे, थोड़े बहुत जैन, पारसी भी थे और थोड़े बहुत क्रिश्चियन भी थे।

सभी को पहली बार, सबसे पहले अगर किसी ने नागरिकता देने का काम किया तो वह श्री जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में आपकी सरकार थी और देश का विभाजन भी धर्म के आधार पर हुआ था।

मैं आज भी कहना चाहता हूं कि अगर नेहरू-लियाक़त समझौता स्पिरिट के साथ लागू होता, अगर पाकिस्तान के सिख धर्म के परिवारों की सुरक्षा होती, हिन्दुओं की होती, बौद्धों की होती, क्रिश्चियनों की होती, पारसियों की होती और वह बांग्लादेश में भी होती, तो आज उन्हें यहां न आना पड़ता। परन्तु नेहरू-लियाक़त समझौता, जो वर्ष 1950 में हुआ, वह काल्पनिक समझौता रहा। वह फेल हो गया। समय की वास्तविकता पर वह खरा नहीं उतरा और इसके कारण आज प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को इस बिल को लेकर इस सदन के सामने आना पड़ा।

मान्यवर, उन्होंने थोड़ा टॉन्ट में कहा कि पी.एम. कहते हैं कि सरकार का धर्म संविधान है। मैं पूरी गम्भीरता के साथ सदन के अन्दर, बहुत गम्भीरता और विश्वास के साथ देश की जनता को यह विश्वास दिलाना चाहता हूं कि जब तक नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री हैं, इस सरकार का धर्म और कोई नहीं है, भारत का संविधान ही हमारा धर्म है।...(व्यवधान)

मान्यवर, एक विषय उठाया गया, मैं इस बात को थोड़ा एलोबैरोट इसलिए करना चाहता हूं कि पूरे दिन इस प्रकार से चित्रण किया गया कि हम मुसलमानों के साथ अन्याय कर रहे हैं। मैं फिर से यह क्लियर करना चाहता हूं कि इस बिल का इस देश में रहने वाले, इस देश के मुसलमान नागरिकों से कोई स्नान-सूतक का सम्बन्ध नहीं है, उनके साथ कोई अन्याय का सवाल नहीं है। परन्तु, यह बिल लेकर क्यों आना पड़ा तो जैसा कि मैंने बताया कि जिस प्रकार से नेहरू-लियाक़त समझौता विफल हुआ, उसके बाद पाकिस्तान के अन्दर क्या हुआ?

मान्यवर, वर्ष 2014 की एक रिपोर्ट बताती है कि एक हजार लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। बादल साहब ने बताया कि पवित्र ननकाना साहिब के ग्रंथी की पुत्री जगजीत कौर का

जबरन धर्म परिवर्तन किया गया। इसके ऊपर हो-हल्ला हुआ। पूरी दुनिया के अन्दर सिखों ने इसके लिए लड़ाई लड़ी, भारत के लोगों ने लड़ाई लड़ी। उसके बाद उसे वापस लाया गया।

यू.एन.एच.आर.सी. की एक रिपोर्ट के हिसाब से अब अन्य धर्मों के सिर्फ 20 धार्मिक स्थान ही पाकिस्तान के अन्दर बचे हैं। यह क्या बताता है? जब इतनी प्रताड़ना हो, इतने अत्याचार हो और वहां से कोई शरण में आए तो क्या हम उन्हें शरण न दें, क्योंकि वह हिन्दू है, क्योंकि वह सिख है?

श्री अधीर रंजन चौधरी: आपसे पहले से यह दिया जाता है।...(व्यवधान) आप इसे अकेले नहीं करते हैं।...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, मैंने पहले भी बताया, फिर से मैं रिपीट करूंगा। वर्ष 1947 में 23 प्रतिशत आबादी सिर्फ 3.7 प्रतिशत रह गई। बर्बरता, उत्पीड़न और संस्थागत अत्याचार से भागे, मैं सोच-समझ कर इस शब्द का प्रयोग कर रहा हूं, सिखों, हिन्दुओं तथा ईसाइयों ने भारत में ही शरण ली है। उन लोगों को नागरिकता देने के लिए हम यह बिल लेकर आए हैं।

मान्यवर, इसी प्रकार से, बांग्लादेश बनने के बाद ढाका में वर्ष 1972 में शांति और मैत्री की एक सन्धि हुई। यह भारत की प्रधान मंत्री श्रीमती इन्दिरा गाँधी और बांग्लादेश के प्रधान मंत्री शेख मुजीबुर्रहमान द्वारा हस्ताक्षरित हुआ। जब तक शेख साहब जिंदा रहे, उस सन्धि का बहुत अच्छी तरह से पालन हुआ। मैं आज, इस संसद के अन्दर शेख मुजीबुर्रहमान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं कि उनके रहते किसी भी धार्मिक लघुमति, अल्पसंख्यक के साथ अत्याचार नहीं हुआ। अभी-अभी जो शासन आया है, उसने भी अच्छा किया है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आपकी प्रॉब्लम क्या है? आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्री अमित शाह: मान्यवर, इनका नाम ही अधीर रंजन है, इसलिए मुझे कोई आपत्ति नहीं है। …(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: लेकिन आपने मेरे सवाल का जवाब नहीं दिया। …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप बैठिए। मंत्री जी आपके सवाल का जवाब भी देंगे।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: मान्यवर, वर्ष 1975 में बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की हत्या के बाद वहां पर अत्याचार का जो दौर चालू हुआ, उसने वहां के धार्मिक लघुमतियों की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी और उनकी हिम्मत भी तोड़ दी। वहां अधिकतर घटनाएं ऐसी हुईं, जैसे भोला जिले में एक सुनियोजित हमले में अल्पसंख्यक समुदाय की 200 महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया। वहां क्या हुआ, मैं बताता हूं। अधीर रंजन जी, आप सुनिए।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: आप बोलिए न ।…(व्यवधान)

श्री अमित शाह: आप सुनिए न ।…(व्यवधान) मैं आपको बताता हूं, आप उसे सुनिए। शेख मुजीबुर्रहमान के न रहने के बाद क्या हुआ, उसके बारे में बताता हूं। जब खालिदा जिया जी की पार्टी बी.एन.पी. आई, तो गांधी जयंती के दिन वहां अत्याचार हुआ। नोआखली में गांधी जी बंटवारा रोकने के लिए गए थे। 2 अक्टूबर, 2001 को भोला जिले के चारफसन उप-जिला में 8 से 70 साल की 200 महिलाओं के साथ बलात्कार की घटना घटी। यह घटना गांधी जयंती के दिन घटी थी। वहां क्या हुआ था, उसके बारे में मैं बताता हूं।…(व्यवधान)

श्री अधीर रंजन चौधरी: बहुत सारे अत्याचार हुए हैं ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्य, आप नेता सदन हैं। इस तरीके से नहीं करिए। आप कांग्रेस के नेता हैं।

…(<u>व्यवधान</u>)

श्री अमित शाह: मान्यवर, इनको बैठाइए ।…(व्यवधान) यह हर बार खड़े हो जाते हैं।…(व्यवधान) लालमोहन उप-जिला में 1000 अल्पसंख्यक परिवारों पर हमला किया गया। केवल्यधाम में अक्टूबर 1990 में 300 घरों में आग लगा दी गई। वर्ष 1951 में बांग्लादेश क्षेत्र के अंदर हिन्दुओं का प्रतिशत 21 था, लेकिन अब 7 प्रतिशत से कम रह गया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि मेरे पास अलग-अलग संस्थाओं की इतनी सारी रिपोर्ट्स हैं, जिसके तहत यह सिद्ध हो सकता है कि वहां पर हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और क्रिश्चियन को अपने धर्म का अनुसरण करना असंभव रह गया था, इसलिए वे यहां पर आए थे।

मान्यवर, वहां ढेर सारे मंदिर तोड़े गए और ढेर सारी जगहों पर अत्याचार हुए। अफगानिस्तान के अंदर भी वर्ष 1992 के पहले 2 लाख सिख और हिन्दू थे, ज्यादातर सिख थे, लेकिन वर्ष 2018 तक सिर्फ 500 बच गए हैं।…(व्यवधान) मान्यवर, इसे पूरे देश ने देखा था कि धार्मिक भवनों, गुरुद्वारों तथा मंदिरों को नष्ट कर दिया गया। खुले में बनी विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति बामियान में बुद्ध की भव्य प्रतिमा को तोप के गोले दाग कर तोड़ दिया गया।…(व्यवधान) वहां तालिबानों ने जब कहर ढाया, तब बौद्ध, सिख, हिन्दू, ईसाई, जैन तथा पारसी कहां जाते? मान्वयर, वे भारत आए हैं, इसलिए उनको शरण देने की आवश्यकता हुई है। तालिबान ने सितंबर 1998 में एक आदेश जारी किया कि पूजा स्थल मंदिर तथा गुरुद्वारे में कोई नहीं जा सकता, मुसलमानों की आलोचना नहीं कर सकता। घर की पहचान करने के लिए घर पर पीले रंग के एक कपड़े का टुकड़ा लगाना पड़ेगा कि यह नॉन मुस्लिम घर है। उनको बहुत अपमानित किया गया। जब हिन्दू, सिख और नॉन मुस्लिम महिलाएं घर से बाहर निकलती

हैं तो उनको एक पीला कपड़ा अपने कंधे पर डालना पड़ता था, क्योंकि वे मुसलमान नहीं हैं। इस तरह से वहां आदेश पारित किए गए। एक विशेष चिह्न के साथ, वह चिह्न क्या था, उसके बारे में मैं नहीं बोलता हूं, क्योंकि उससे और गरिमा टूटेगी। मान्यवर, उनको एक विशेष चिह्न के साथ पीला कपड़ा लगाना पड़ता था। अगर शुक्रवार को वे मस्जिद नहीं जाते हैं, नमाज़ पढ़िए या नहीं पढ़िए, मस्जिद जाना पड़ता था, वरन् उनको दंडित होना पड़ता था। हिन्दू और सिख महिलाओं को बुरका पहनना पड़ता था। मान्यवर, ये सारी घटनाएं हुईं और इन सारी चीजों से प्रताड़ित होकर जो लोग यहां आए, उनको नागरिकता देने के लिए यह बिल है। मैं आज भी आपको कहता हूं कि इसमें मुस्लिमों के साथ जरा भी भेदभाव नहीं है। मैं बार-बार इसलिए कह रहा हूं कि यहां के मुसलमानों को इस बिल से कोई स्नान सूतक का संबंध नहीं। यहां का मुसलमान सम्मान के साथ जी पाएगा, जी रहा है, आगे भी जीता रहेगा, उसको कोई तकलीफ होने वाली नहीं है। यह बिल केवल और केवल वहां से आने वाले 6 धार्मिक लघुमतियों के लिए है। …(व्यवधान) इसमें मुस्लिम का समावेश इसलिए नहीं है कि मुसलमान वहां पर धार्मिक लघुमति नहीं हैं। …(व्यवधान)

मान्यवर, अंत में, मैं फिर से एक बार इस सदन के माध्यम से पूरे देश के सामने स्पष्ट करना चाहता हूं कि शरणार्थी और घुसपैठिए के बीच में मौलिक अंतर है। जो धार्मिक प्रताड़ना के आधार पर अपने घर की स्त्रियों की इज्जत बचाने के लिए, स्वधर्म में जीने के लिए, अपने धर्म को बचाने के लिए यहां आता है, वह शरणार्थी है। जो विदआउट परमीशन घुस कर आता है, वह घुसपैठिया है। दोनों के बीच में बहुत बड़ा अंतर है। यह बिल शरणार्थियों के लिए है। यह बिल धार्मिक लघुमतियों के लिए है।

आज जिन सारे लोगों ने भाषण किया है, मैं उन सब लोगों से मन से अपील करता हूं। मत बैंक के लालच के कारण आंख अंधे और कान बहरे हुए हैं, तो खोल लीजिए। लाखों, करोड़ों लोगों के साथ अन्याय हुआ है।…(व्यवधान) मैं बताता हूं।…(व्यवधान) लाखों-करोड़ों लोग, जो नर्क की यातना में जी रहे हैं, 70-70 साल से उनको नागरिकता नहीं मिली है, वे अपना मकान नहीं ले रहे हैं, उनको नौकरी

नहीं मिल रही है, स्वास्थ्य की सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल रही है, नौकरी नहीं मिलती है, घर में भुखमरी है, रहने को मकान नहीं है, कोई रोड पर रह रहा है, कोई रेल की पटरियों के पास की जगह पर रह रहा है, कोई वैसे ही घूम रहा है। इन लाखों, करोड़ों लोगों के लिए नरेन्द्र मोदी जी, उनकी यातनाओं से मुक्ति का यह दस्तावेज लेकर आज इस सदन के सामने आए हैं। यह दस्तावेज इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से लिखा जाने वाला है। जो विफल हुए, वर्ष 1950 के नेहरू-लियाकत समझौते की गलती को आज नरेन्द्र मोदी जी ने सुधारने का काम किया है, देश के प्रधान मंत्री ने सुधारने का काम किया है।

इतने सालों से ये कहते थे कि हमारी कोई सुने। हमारा दोष क्या है? अब ये कह रहे हैं, मैं उनको पूछता हूं कि इनका दोष क्या था? उनको क्यों नहीं स्वीकारा?...(व्यवधान) अब तक क्यों नहीं स्वीकारा?...(व्यवधान) मान्यवर, वोट बैंक की पॉलिटिक्स के कारण इन सारी पार्टियों ने उन्हें स्वीकार नहीं किया।...(व्यवधान) हम नहीं डरते हैं वोट बैंक की राजनीति से।...(व्यवधान)

मान्यवर, नरेन्द्र मोदी जी के कारण इन लोगों का कल का प्रभात स्वर्ण प्रभात होने वाला है। संवैधानिक सम्मान के साथ मेरे लाखों, करोड़ों भाई-बहन अपने देश के अंदर सम्मान के साथ जीने की शुरुआत करने वाले हैं। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इतनी ही विनती करना चाहता हूं कि एनआरसी और इसको जोड़ने की जरूरत नहीं है।...(व्यवधान) एनआरसी करेंगे, तब स्पष्टता के साथ, इसी प्रकार से इसी सदन में, एक भी शब्द छोड़े बगैर, मैं सबको इसकी भी जानकारी दूंगा। इसमें मुझे कोई तकलीफ नहीं है। मगर मानकर चलिए, एनआरसी आने वाला है। ...(व्यवधान) एनआरसी आएगा।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, माननीय मंत्री जी ने बड़े विस्तार से सभी सदस्यों के सवालों का जवाब दिया है। मुझे नहीं लगता है कि अब कोई स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

...(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री एन.के.प्रेमचन्द्रन द्वारा संशोधन संख्या 6 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न यह है **:**

"कि नागरिकता अधिनियम, 1955 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष : अब सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

Clause 2 ***Amendment of Section 2***

माननीय अध्यक्ष : श्री जसबीर सिंह गिल – उपस्थित नहीं।

माननीय अध्यक्ष : श्री पी.के. कुनहलिकुट्टी जी, क्या आप संशोधन संख्या 4 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY (MALAPPURAM): I beg to move:

Page 2, lines 3 and 4,-

for "Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community"

substitute "any religion irrespective of caste, creed, race, sex or place of birth". (4)

माननीय अध्यक्ष : अब मैं श्री पी.के. कुनहलिकुट्टी द्वारा खंड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 4 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

SHRI P.K. KUNHALIKUTTY: Sir, I want Division.

माननीय अध्यक्ष: आप डिवीजन ले लीजिए। डिवीजन लेना आपका अधिकार है।

लॉबीज खाली कर दी जाएं।

अब लॉबीज खाली हो गई हैं।

सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर विराजें।

माननीय सदस्यगण, श्री प्रिंस राज, जिन्हें अभी तक विभाजन संख्या आबंटित नहीं हुई है, उनको सीट पर पक्ष-विपक्ष में मुद्रित पर्ची अपना मतदान रिकार्ड कराने के लिए दी जाएगी। वे अपनी पर्ची पर विनिर्दिष्ट स्थान पर अपना नाम, पहचान पत्र संख्या, निर्वाचन क्षेत्र, राज्य और दिनांक को स्पष्ट रूप से लिखकर और पर्ची पर हस्ताक्षर करके अपनी इच्छानुसार मतदान करें। यदि माननीय सदस्य मतदान में भाग नहीं लेना रिकार्ड करना चाहते हैं तो मतदान में भाग नहीं लेने वाली पर्ची की मांग कर सकते हैं।

मत विभाजन की प्रक्रिया पहले ही महासचिव द्वारा बता दी गई है।

अब मत विभाजन।

SECRETARY-GENERAL: I am not explaining the procedure. I am just saying that now I will start the process of division. Once I press the button, there will be a gong sound and then you vote. Now, I start the process.

माननीय अध्यक्ष: प्रश्न यह है**:**

"हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन या ईसाई समुदाय" के स्थान पर

"जाति, पंथ, नस्ल, लिंग या जन्म स्थान पर ध्यान दिए बिना किसी भी धर्म" को <u>प्रतिस्थापित</u> करें। (4)

<u>लोक सभा में मत-विभाजन हुआ:</u>

DIVISION No. 1 **AYES** **23.40 hrs**

[$]Ahmed, Shrimati Sajda

Ali, Kunwar Danish

Anand, Shri D.M.Kathir

Antony, Shri Anto

[$]Ariff, Adv. A. M.

Azad, Shrimati Sangeeta

[$]Baalu, Shri T.R.

[$]Baij, Shri Deepak

Bandyopadhyay, Shri Sudip

[$]Banerjee, Shri Abhishek

Banerjee, Shri Kalyan

Banerjee, Shri Prasun

Basheer, Shri E. T. Mohammed

Behanan, Shri Benny

Bordoloi, Shri Pradyut

Chandra, Shri Girish

Chaudhary, Shri Santokh Singh

[$]Chazhikadan, Shri Thomas

[$] Voted through slip

Chellakumar, Dr. A.

[$]Chidambaram, Shri Karti P.

Chowdhury, Shri Abu Hasem Khan

Chowdhury, Shri Adhir Ranjan

Dastidar, Dr. Kakoli Ghosh

Dhanorkar,Shri Balubhau *alias* Suresh Narayan

Eden, Shri Hibi

Faizal P.P, Shri Mohammed

Gandhi, Shri Rahul

Gill, Shri Jasbir Singh

Gogoi, Shri Gaurav

Haridas, Kumari Ramya

Hasan, Dr. S.T.

Jagathrakshakan, Shri S.

Jahan, Shrimati Nusrat

Jaleel, Shri Syed Imtiaz

Jawed, Dr. Mohammad

Jayakumar, Dr. K.

Jothimani, Sushri S.

[$] Voted through slip

Karunanidhi, Shrimati Kanimozhi

Kaur, Shrimati Preneet

[$]Khaleque, Shri Abdul

Khan, Shri Abu Taher

Kumar, Shri Dhanush.M.

Kunhalikutty, Shri P.K.

Kuriakose, Adv. Dean

Lalrosanga, Shri C.

Mal, Shri Asit Kumar

[$]Malothu, Shrimati Kavitha

Manickam Tagore, Shri B.

Maran, Shri Dayanidhi

Moitra, Sushri Mahua

Mondal, Shri Sunil Kumar

Mondal, Shrimati Pratima

Muraleedharan , Shri K.

[$]Nagar, Shri Malook

Natarajan, Shri P.R.

Navaskani , Shri K.

[$] Voted through slip

Owaisi, Shri Asaduddin

Pala, Shri Vincent H.

Parthiban, Shri S.R.

[$]Pasunoori, Shri Dayakar

Patil, Shri B.B.

Poddar, Shrimati Aparupa

Pon, Shri Gautham Sigamani

Pothuganti, Shri Ramulu

Prakash, Adv. Adoor

[$]Prathapan, Shri T. N.

Premachandran, Shri N.K.

Raghavan, Shri M.K.

Raja, Shri A.

[$]Ramesh, Shri T. R. V .S.

Rao , Shri Nama Nageswara

Ravikumar, Dr. D.

Ray, Prof. Sougata

Reddy, Dr. G. Ranjith

Reddy, Shri Kotha Prabhakar

[$] Voted through slip

Reddy, Shri Uttam Kumar

[$]Rehman, Shri Haji Fazlur

Roy, Shrimati Mala

Sardinha , Shri Francisco

Selvam, Shri,G.

Sharma, Shri Kuldeep Rai

Singh, Dr. Amar

Singh, Shri Ravneet

Sreekandan, Shri V. K.

Subbarayan, Shri K.

Sudhakaran , Shri K.

Sule, Shrimati Supriya Sadanand

Suresh, Shri D.K.

Suresh, Shri Kodikunnil

Tewari, Shri Manish

Thangapandian, Dr. T. Sumathy (A)Thamizhachi

Tharoor, Dr. Shashi

Thirumaavalavan, Dr. Thol

Thirunavukkarasar. Shri Su.

[$] Voted through slip

Ulaka, Shri Saptagiri Sankar

Unnithan, Shri Rajmohan

Vaithilingam, Shri Ve.

Vasanthakumar, Shri H.

Veeraswamy, Dr. Kalanidhi

Velusamy, Shri P.

[$]Venkatesan, Shri S.

Verma, Shri Ram Shiromani

Vishnu Prasad, Dr. M. K.

Yadav, Shri Shyam Singh

[$] Voted through slip

NOES

Agrawal, Shri Rajendra

Ahluwalia, Shri S.S.

Ajgalley, Shri Guharam

Amarappa, Shri Karadi Sanganna

Angadi, Shri Suresh C.

Anuradha, Shrimati Chinta

Bachegowda, Shri B.N.

Badal, Shri Sukhbir Singh

Badal, Shrimati Harsimrat Kaur

Baghel, Prof. S.P. Singh

Baghel, Shri Vijay

Baheria, Shri Subhash Chandra

Balyan, Dr. Sanjeev

Bapat, Shri Girish Bhalchandra

Barla, Shri John

Baruah, Shri Pradan

Basavaraj, Shri G. S.

Beniwal, Shri Hanuman

[@]Bey, Shri Horen Sing

Bhabhor, Shri Jasvantsinh Sumanbhai

Bhagat, Shri Sudarshan

Bhamre, Dr. Subhash Ramrao

Bharat, Shri Margani

Bhargava, Shri Ramakant

Bhatia, Shri Sanjay

Bhatt, Adv. Ajay

Bhatt, Shrimati Ranjanben

@Bholanath 'B.P. Saroj', Shri

'Bhole', Shri Devendra Singh

Bidhuri, Shri Ramesh

@Bind, Shri Ramesh

Bisen, Dr Dhal Singh

Bista, Shri Raju

Bohra, Shri Ramcharan

@Chahar, Shri Rajkumar

Chandel, Kunwar Pushpendra Singh

Chandra Sekhar , Shri Bellana

[@] Voted through slip

Chatterjee, Shrimati Locket

Chaudhary, Shri P. P.

Chaudhary, Shri Pankaj

Chaudhuri, Sushri Debasree

Chauhan, Shri Devusinh

Chauhan, Shri Nandkumar Singh

Chavda, Shri Vinod Lakhamshi

Choubey, Shri Ashwini Kumar

Choudhary, Shri Bhagirath

Choudhary, Shri Kailash

Choudhary, Shri Pradeep Kumar

Chouhan, Shri Nihal Chand

Chudasama, Shri Rajesh Naranbhai

[@]Dabhi, Shri Bharatsinhji Shankarji

Dadarao, Shri Danve Raosaheb

Damor, Shri Guman Singh

Darbar, Shri Chattar Singh

Das, Shri Pallab Lochan

Deb, Shri Nitesh Ganga

[@] Voted through slip

Delkar, Shri Mohanbhai Sanjibhai

Devendrappa, Shri Y.

Devi, Shrimati Rama

Devi, Shrimati Veena

Dharmapuri, Shri Arvind

Dhotre, Shri Sanjay Shamrao

Diler, Shri Rajveer

Dubey, Dr. Nishikant

Dubey, Shri Vijay Kumar

Duggal, Sushri Sunita

Dwivedi, Shri Harish

Firojiya, Shri Anil

Gaddigoudar, Shri P. C.

Galla, Shri Jayadev

Gambhir, Shri Gautam

Gandhi, Shri Feroze Varun

Gandhi, Shrimati Maneka Sanjay

Gangwar, Shri Santosh Kumar

Gao, Shri Tapir

Gautam, Shri Satish Kumar

Gavit, Dr. Heena Vijaykumar

@Gavit, Shri Rajendra Dhedya

Geetha Viswanath, Shrimati Vanga

Ghosh, Shri Dilip

@Godse, Shri Hemant Tukaram

Gogoi, Shri Topon Kumar

*Goswami, Shri Dulal Chandra

Gowda, Shri D.V. Sadananda

Gupta, Shri Sangam Lal

Gupta, Shri Sudheer

Hegde, Shri Anantkumar

Hembram, Shri Kunar

Irani, Shrimati Smriti Zubin

Jadav, Dr. Umesh G.

Jadhav, Shri Prataprao

Jadhav, Shri Sanjay

Jadon, Dr. Chandra Sen

Jaiswal, Dr. Sanjay

@ Voted through slip

* Corrected through slip for Noes.

Jardosh, Shrimati Darshana Vikram

Jaunapuria, Shri Sukhbir Singh

Jigajinagi, Shri Ramesh Chandappa

Jolle, Shri Annasaheb Shankar

Joshi, Prof. Rita Bahuguna

Joshi, Shri C. P.

Joshi, Shri Pralhad

Jyoti, Sadhvi Niranjan

Kachhadiya, Shri Naranbhai

Kaiser, Choudhary Mehboob Ali

Kamait, Shri Dileshwar

Kapoor, Shri Kishan

Karandlaje, Kumari Shobha

Kashyap, Shri Dharmendra

Kashyap, Shri Suresh

Kaswan, Shri Rahul

Katara, Shri Kanakmal

Kataria, Shri Rattan Lal

Kateel, Shri Nalin Kumar

Katheria, Dr. Ram Shankar

Kaushik, Shri Ramesh Chander

Khadse, Shrimati Raksha Nikhil

Khan, Shri Saumitra

Kher, Shrimati Kirron

Khuba, Shri Bhagwanth

Kinjarapu, Shri Ram Mohan Naidu

@Kirtikar, Shri Gajanan

Kishan, Shri Ravi

Kishore, Shri Kaushal

@Koli, Shrimati Ranjeeta

Kotak, Shri Manoj

Kulaste, Shri Faggan Singh

Kumar, Dr Virendra

@Kumar, Shri Bandi Sanjay

Kumar, Shri Kaushlendra

Kumar, Shri Narendra

Kumar, Shri Santosh

Kumari, Sushri Diya

@ Voted through slip

Kundariya, Shri Mohanbhai

Kushwaha, Shri Ravindra

Lal, Shri Akshaibar

Lalwani, Shri Shankar

Lekhi, Shrimati Meenakashi

*Lokhande, Shri Sadashiv Kisan

Maadam, Shrimati Poonamben

Madhav, Shri Kuruva Gorantla

@Madhavi, Kumari Goddeti

Mahajan, Shrimati Poonam

Maharaj, Dr. Swami Sakshiji

Mahato, Shri Jyotirmay Singh

Mahtab, Shri Bhartruhari

Majumdar, Dr. Sukanta

Mallah, Shri Kripanath

*Mandal, Shri Ramprit

Maurya, Dr. Sanghamitra

Meena, Shri Arjunlal

---

* Corrected through slip for Noes.

@ Voted through slip

Meena, Shrimati Jaskaur

Meghwal, Shri Arjun Ram

Mendhe, Shri Sunil Baburao

Mishra, Shri Janardan

Mohan, Shri P. C.

Mohanty, Shri Anubhav

Munda, Shri Arjun

Munde, Dr. Pritam Gopinathrao

Muniswamy, Shri S.

Munjapara , Dr. (Prof.) Mahendra

Murmu, Shri Khagen

Nagar, Shri Rodmal

Naik, Shri Raja Amareshwara

Naik, Shri Shripad Yesso

Namgyal, Shri Jamyang Tsering

Nath, Shri Balak

Nete, Shri Ashok Mahadeorao

Nimbalkar, Shri Ranjeetsinha Hindurao Naik

Nishad, Shri Ajay

Nishad, Shri Praveen Kumar

Nishank, Dr.Ramesh Pokhriyal

Oja, Shrimati Queen

Oram, Shri Jual

Pachauri, Shri Satyadev

Pal, Shri Krishan

Panda, Shri Basanta Kumar

Pandey, Dr. Mahendra Nath

Pandey, Shri Santosh

[@]Paras, Shri Pashupati Kumar

Parkash, Shri Som

Paswan, Shri Chirag Kumar

Paswan, Shri Kamlesh

Patel, Dr.K.C.

Patel, Shri Devaji

@Patel, Shri Gajendra Umrao Singh

Patel, Shri Hasmukhbhai Somabhai

Patel, Shri Lalubhai B.

Patel, Shri Parbatbhai Savabhai

Patel, Shri Prahalad Singh

[@] Voted through slip

Patel, Shri R.K. Singh

Patel, Shrimati Anupriya

Patel, Shrimati Keshari Devi

Patel, Shrimati Sharda Anil

Pathak, Shri Subrat

Pathak, Shrimati Riti

Patil, Shri C. R.

@Patil, Shri Hemant

Patil, Shri Kapil Moreshwar

Patil, Shri Sanjay Kaka

Patil, Shri Unmesh Bhaiyyasaheb

Pawar, Dr. Bharati Pravin

Prakash, Shri Jai

Pramanik, Shri Nisith

*Prasad , Shri Chandeshwar

Prasad, Shri Ravi Shankar

Pujari, Shri Suresh

Raghavendra, Shri B.Y.

@ Voted through slip

* Corrected through slip for Noes.

Rai, Shri Nityanand

@Raj, Shri Prince

@Rajenimbalkar, Shri Om Pavan

Rajoria, Dr. Manoj

Rajput, Shri Mukesh

Raju, Shri Raghu Rama Krishna

Ram, Shri Vishnu Dayal

Rangaiah, Shri Talari

Ranjan, Dr. R. K.

@Rao, Shri Balli Durga Prasad

Rathod , Shri Dipsinh Shankarsinh

Rathod, Shri Ratansinh Magansinh

Rathore, Col. (Retd.) Rajyavardhan

@Rathva, Shrimati Gitaben V.

@Raut, Shri Vinayak Bhaurao

Rawat, Shri Ashok Kumar

Rawat, Shri Tirath Singh

Ray, Shrimati Sandhya

Reddeppa, Shri N.

@ Voted through slip

Reddy, Shri G. Kishan

Reddy, Shri Magunta Sreenivasulu

Reddy, Shri P.V. Midhun

@Reddy, Shri Y. S. Avinash

Rijiju, Shri Kiren

Roy, Dr. Jayanta Kumar

Roy, Dr. Rajdeep

Rudy , Shri Rajiv Pratap

Sagar, Shri Arun Kumar

Sahu , Shri Chunni Lal

Sai, Shrimati Gomati

@Saikia, Shri Dilip

Saini, Shri Nayab Singh

Samanta, Prof. Achyutananda

Sangma, Kumari Agatha K.

Sao, Shri Arun

Sarangi, Shri Pratap Chandra

Sarangi, Shrimati Aparajita

Saraswati, Shri Sumedhanand

@ Voted through slip

Sarkar, Dr. Subhas

Sarkar, Shri Jagannath

Saruta, Shrimati Renuka Singh

Sawant, Shri Arvind

Shah, Shri Amit

Shah, Shrimati Mala Rajya Laxmi

Sharma, Dr. Arvind Kumar

Sharma, Dr. Mahesh

Sharma, Shri Anurag

Sharma, Shri Jugal Kishore

Sharma, Shri Ram Swaroop

Sharma, Shri Vishnu Datt

Shejwalkar, Shri Vivek Narayan

Shekhawat, Shri Gajendra Singh

Shetty, Shri Gopal

Shewale, Shri Rahul Ramesh

Shinde, Dr. Shrikant Eknath

Shrangare, Shri Sudhakar Tukaram

Shyal, Dr. Bharatiben D.

Siddeshwar, Shri G. M.

Sigriwal, Shri Janardan Singh

Simha, Shri Prathap

Singh, Dr. Jitendra

Singh, Dr. Satya Pal

Singh, Rao Inderjit

Singh, Shri Arjun

Singh, Shri Bhola

Singh, Shri Brijbhushan Sharan

Singh, Shri Brijendra

Singh, Shri Chandan

Singh, Shri Dharambir

Singh, Shri Dushyant

Singh, Shri Ganesh

Singh, Shri Giriraj

Singh, Shri Kirti Vardhan

Singh, Shri Lallu

Singh, Shri Pradeep Kumar

Singh, Shri R. K.

Singh, Shri Radha Mohan

Singh, Shri Raj Nath

[@]Singh, Shri Rakesh

Singh, Shri Sunil Kumar

Singh, Shri Sushil Kumar

Singh, Shri Uday Pratap

Singh, Shri Virendra

@Singh ' Lalan', Shri Rajiv Ranjan

Singh (Raju Bhaiya), Shri Rajveer

Singh Deo, Shrimati Sangeeta Kumari

Sinha, Shri Jayant

Solanki, Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai

Solanky, Shri Mahendra Singh

Soni, Shri Sunil Kumar

Sonkar, Shri Vinod Kumar

[*]Suman, Dr. Alok Kumar

Supriyo, Shri Babul

Surya, Shri Tejasvi

Swamiji, Dr. Jai Sidheshwar Shivacharya

Tadas, Shri Ramdas

[@] Voted through slip

[*] Corrected through slip for Noes

Tamta, Shri Ajay

Teli, Shri Rameswar

Teni, Shri Ajay Misra

Thakur, Sadhvi Pragya Singh

Thakur, Shri Anurag Singh

Thakur , Shri Gopal Jee

Thakur, Shri Shantanu

Tiwari, Shri Manoj

Tomar, Shri Narendra Singh

Tripathi, Dr. Ramapati Ram

Tripura, Shri Rebati

Tudu, Er. Bishweswar

Tumane, Shri Krupal Balaji

Udasi, Shri S. C.

[@]Uikey, Shri Durga Das

Vallabhaneni, Shri Balashowry

Vardhan, Dr. Harsh

Vasava , Shri Mansukhbhai Dhanjibhai

Vasava, Shri Parbhubhai Nagarbhai

[@] Voted through slip

Verma, Shri Bhanu Pratap Singh

Verma, Shri Parvesh Sahib Singh

Verma, Shri Rajesh

Verma, Shrimati Rekha Arun

Vichare, Shri Rajan Baburao

Vikhe Patil, Dr. Sujay

Yadav, Shri Ashok Kumar

Yadav, Shri Giridhari

Yadav, Shri Krishna Pal Singh

Yadav, Shri Ram Kripal

Yepthomi, Shri Tokheho

ABSTAIN

Barne, Shri Shrirang Appa

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, अपने-अपने स्थान पर विराजें और परिणाम सुन लें।

शुद्धि* के अध्यधीन, मत विभाजन का परिणाम यह है:

* The following Members also recorded/corrected their votes through slips:
Ayes: 094+ S/Shri Abhishek Banerjee, Dayakar Pasunoori, Malook Nagar, Shrimati Sajda Ahmed, Shrimati Kavitha Malothu, Adv. A.M. Ariff, S/Shri S. Venkatesan, Haji Fazlur Rehman, T.R.V.S. Ramesh, T.R. Baalu, Thomas Chazhikadan, Deepak Baij, Abdul Khaleque, T.N. Prathapan and Karti P. Chidambaram =109

हाँ : 94

नहीं : 304

प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: श्री विनायक भाउराव राऊत – उपस्थित नहीं।

एडवोकेट ए.एम. आरिफ, क्या आप संशोधन संख्या 10 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA): Sir, I beg to move:

Page 2, lines 3 and 4,-

for	"belonging to Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community from Afghanistan, Bangladesh or Pakistan,"
substitute	"from neighbouring countries". (10)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं एडवोकेट ए.एम. आरिफ द्वारा खण्ड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 10 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखा गया तथा अस्वीकृत हुआ।

माननीय अध्यक्ष: डॉ. शशि थरूर, क्या आप संशोधन संख्या 13 और 14 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

– S/Shri Dulal Chandra Goswami, Sadashiv Kisan Lokhande, Dr Alok Kumar Suman, S/Shri Ramprit Mandal and Chandeshwar Prasad corrected their votes through slip for Noes =104

Noes: 304+ S/Shri Rakesh Singh, Bharatsinhji Shankarji Dabhi, Shrimati Ranjeeta Koli, S/Shri Bholanath 'B.P. Saroj', Ramesh Bind, Bandi Sanjay Kumar, Rajkumar Chahar, Shrimati Gitaben V. Rathva, S/Shri Gajendra Umrao Singh Patel, Durga Das Uikey, Rajiv Ranjan Singh 'Lalan', Vinayak Bhaurao Raut, Gajanan Kirtikar, Pashupati Kumar Paras, Hemant Tukaram Godse, Rajendra Dhedya Gavit, Om Pavan Rajenimbalkar, Horen Sing Bey, Dilip Saikia, Hemant Patil, Balli Durga Prasad Rao, Kumari Goddeti Madhavi, S/Shri Y.S. Avinash Reddy and Prince Raj = 333

Abstain: 01 +NIL=01

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Sir, I beg to move:

Page 2, lines 3 and 4,-

for "Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community"
substitute "persecuted minorities". (13)

Page 2, line 4,-

after "Bangladesh"
insert ", Sri Lanka". (14)

Sir, I am pleading with the Government to listen to their ally, the Akali Dal, and remove the religious things and just talk about persecuted minorities.

माननीय अध्यक्ष: अब मैं डॉ. शशि थरूर द्वारा खण्ड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 13 और 14 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप संशोधन संख्या 17 और 18 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Sir, I beg to move:

Page 2, lines 3 and 4,-

omit "belonging to Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community". (17)

Page 2, *for* lines 5 to 8,-

substitute "India on or before the 31st day of December, 2014 shall not be treated as". (18)

माननीय अध्यक्ष: अब मैं श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन द्वारा खण्ड 2 में प्रस्तुत संशोधन संख्या 17 और 18 को सभा के समक्ष मतदान के लिए रखता हूं।

संशोधन मतदान के लिए रखे गए तथा अस्वीकृत हुए।

माननीय अध्यक्ष: श्री भर्तृहरि महताब, क्या आप संशोधन संख्या 20 प्रस्तुत करना चाहते हैं?

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, I beg to move:

Page 2, *for* lines 3 to 5,-

substitute "Provided that any person belonging to Hindu, Sikh, Buddhist, Jain, Parsi or Christian community from Afghanistan, Bangladesh or Pakistan, who was compelled to seek shelter in India due to religious persecution or fear of religious persecution in these countries and entered into India on or before the 31st day of December, 2014 and who has been exempted by the". (20)

